श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी मैं इस बात के लिए मंत्री जी को बधाई दे रहा हैं और खुले मन से दे रहा हूं। आपके साहस के लिए हालांकि आपने पूरी तरह से साहस नहीं किया, बिहार के लोगों में साहस तो बहुत ज्यादा होना चाहिए, आप देखिये कि कैसे-कैसे आपके यहां साहस है। ѕ(व्यवधान) आपने साहस के कारण सारा युक्तियुक्तकरण किया है। उससे आपकी कुछ आय भी बढ़ेगी। जैसे माल भाड़े का युक्तियुक्तकरण करने की आपने कोशिश की है। इससे लगभग 450 करोड़ रुपये अतिरिक्त आमदनी का लक्ष्य आप रखते हैं। आपने जो यात्री भाड़े में वृद्धि करने का प्रस्ताव किया है, उससे लगभग 910 करोड़ रुपये प्राप्त होने का शायद आपका प्रस्ताव है। आप यह उम्मीद करते हैं कि इतनी आय आपको उससे होगी। कुल मिलाकर 1360 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय के अनुमान आपने यहां प्रस्तुत किये हैं।

मैं समझता हूं कि आप दो जगह थोड़ा चूक कर गये हैं। पहली बात यह है कि आम आदमी के रेल भाड़े में आपने वृद्धि की। हालांकि वह वृद्धि थोड़ी चुभेगी लेकिन फिर भी अगर मर्ज का इलाज करना है तो कड़वी गोली खानी ही पड़ेगी। फिर दवाई के स्वाद पर नहीं जाना पड़ता, स्वास्थ्य की चिंता करनी होती है। अगर आपने यह कड़वी गोली दी है तो वह हम खा लेंगे। लेकिन एक बात जरूर है कि यह कड़वी गोली आपने सिर्फ आम आदमी को दी, गरीब आदमी को दी, जो दूसरे दर्जे का यात्री है, उसको आपने दी। अगर कहीं थोड़ा सा इंजेक्शन सम्पन्न वर्ग को भी लगाते, यानी जो पहले दर्जे में और ए.सी. फर्स्ट क्लास में सफर करते हैं, उनको देते, तो मैं समझता हूं कि आम आदमी को रेल किराये में अतिरिक्त पैसा देने में इतना कट न होता। यह भी आपको करना चाहिए था। इतना साहस आपको और दिखाना चाहिए था। इसलिए मैंने कहा कि आपने साहस दिखाने में थोड़ी सी कमी दिखाई।

मुझे एक बात की और आपत्ति है। आपने माल भाड़े में वृद्धि की। आपके माल भाड़े के वृद्धि के जो प्रस्ताव हैं, उसका परिणाम क्या होगा ?

उसके परिणाम यह होने जा रहे हैं कि एक तो माल डिब्बा भार का जो मान था, वह 115 से घटाकर 90 किया। इस तब्दीली का परिणाम यह होगा कि अनाज और दालों पर तो माल भाड़ा 7.89 प्रतिशत बढ़ जायेगा और लोहे और इस्पात पर, जो औद्योगिक वस्तुएं हैं, उनमें लगभग दो फीसदी की कमी आयेगी। यूरिया पर माल भाड़ा, जो किसान के काम की चीज है, उसमें दरअसल 5.68 प्रतिशत की वृद्धि होगी, लेकिन सीमेंट जो फिर एक औद्योगिक वस्तु है, वह सस्ता हो जायेगा। पिग आयरन और सीमेंट, ये दोनों सस्ते हो जायेंगे, इनमें गिरावट हो जायेगी और हाई स्पीड डीजल, जो औद्योगिक उपयोग की वस्तु है, उसमें 1.43 फीसदी कमी हुई है। मूंगफली के तेल पर जो आम आदमी की जरूरत की वस्तु है, उसमें 11.84 फीसदी की वृद्धि हो रही है। आम आदमी के उपयोग की वस्तुओं पर यह प्रभाव पड़ रहा है कि जो अनाज, दालें और मूंगफली का तेल जैसी वस्तुओं की कीमत बढ़ेगी और जो औद्योगिक उपयोग की वस्तुएं हैं, जिनकी कीमत वैसे भी निर्माता निर्धारित करता है, उत्पादक निर्धारित करता है, उसकी कीमतों में गिरावट आयेगी।

सबसे ज्यादा दुखद पक्ष यह है कि नमक की ढुलाई पर आपने जो वृद्धि की है, उसका नतीजा है कि वह वृद्धि 123 फीसदी है, यानी अब जो नमक गांधीधाम से झांसी आता था, वह अगर प्रति क्विंटल पहले 288.30 रुपये में आता था तो अब यह बढ़कर 631.89 रुपये में पहुंच जायेगा। अगर गांधीधाम से मालदा तक का किराया हम देखें तो अभी 2379 किलोमीटर का 46.21 रुपये प्रति क्विंटल किराया होता था, जो अब 108.77 रुपये पहुंच जायेगा, यानी 136 प्रतिशत की वृद्धि होगी। नवसिटी से मालदा शहर तक के लिए यह 37.61 रुपये था जो अब 84.42 रुपये हो जायेगा। गांधीधाम से न्यूजलपाईगुड़ी तक के लिए 2487 किलोमीटर तक भाड़ा 47.29 रुपये से बढ़कर 111.57 रुपये हो जायेगा। नमक जैसी साधारण उपयोग की वस्तु पर फिर यह 136 फीसदी बढ़ गया। इस तरह से नमक जैसी वस्तु, जो आम गरीब आदमी

के इस्तेमाल की वस्तु है, उस पर आपने किराया नहीं बढ़ाया, जो टाटा नमक पैदा करता है, जिसको बड़ा सम्पन्न वर्ग इस्तेमाल करता है, वह यथावत है, पर जो आम आदमी, गरीब आदमी इस्तेमाल नहीं करताâ€¦ (व्यवधान) नहीं, उसमें थोड़ी सी बढ़ोतरी हुई है, पर जितनी बढ़ोतरी उसमें हो सकती थी, उतनी न होकर इसमें ज्यादा बढ़ोतरी हो गई। यह थोड़ा सा आम गरीब आदमी को कट देगा। मेरा सुझाव है कि इस पर आप पुनर्विचार करें, इसको युक्तियुक्त करके ऐसा बनायें, जो आम सा र्वजनिक आदमी को पीड़ा देने लायक न हो।

आपने यहां कुछ और आय के साधन जुटाने की बात कही है। इस वर्ा जो एक नई चीज आप लेकर आये हैं, वह रेल नीति है। मंत्री जी, आप देखें, रेलटेल, बोल्ट, रेलवे की प्रापर्टी का कामर्शियल इस्तेमाल, इस तरह के प्रस्ताव पिछले दो-तीन वर्ाों में हम देख चुके हैं। आपको स्मरण होगा कि रेलवे सलाहकार समिति की बैठक में भी अनेक बार इन बातों को मैंने उठाया और जब आप रेलटेल की बात का प्रस्ताव वापस लेकर आये थे, तभी मैंने इस बात पर गम्भीर चिन्ता व्यक्त की थी और आशंका व्यक्त की थी कि यह प्रस्ताव बहुत व्यावहारिक नहीं है और इससे रेल विभाग पर और अधिक बोझ पड़ता जा रहा है, लेकिन आय के साधन जिस तरह से बताये जा रहे थे, सब्जबाग दिखाये जा रहे थे, आज उसकी वास्तविकता आपके सामने है कि आपकी ये परियोजनाएं सफल नहीं हुईं। आर्थिक रुप से ये योजनाएं आपके लिए उपयोगी साबित नहीं हुईं। ये कमाऊ गाय नहीं हैं, ये घोड़े बनकर रह गये हैं, जो हमारे घर में अन्न रखा है, उसे ये खाये जा रहे हैं। इसलिए मेरा कहना है कि एड वेंचरिज्म से थोड़ा सा बचें। जो रेल विभाग का मूलतः काम है, उस काम पर पहले फोकस करें, अटेंशन करें, उस पर ध्यान दें और यह कोशिश करें कि उस व्यवस्था में हम गुणवत्ता लायें, सुधार करें, सुदृढ़ीकरण करें, हमारा यह प्रयास होना चाहिए, मेरा यह कहना है।

हालांकि कहने को और भी बातें हैं, लेकिन मैं समझता हूं समय कम है इसलिए मैं कुछ बिंदुओं पर ही अपने को सीमित करते हुए अपनी बात समाप्त करूंगा। आपने इस बजट में नई रेल लाइनों के लिए 911 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा है। ठीक है, पहले से तो पर्याप्त है। मेरा यह कहना है कि जितनी रेल लाइनों का आपके पास प्रस्ताव है, उस दृटि से 911 करोड़ रुपए पर्याप्त नहीं है। इससे आप जो लक्ष्य प्राप्त करना चाहते हैं, वह शायद ही पूरा हो। हालांकि लक्ष्य भी कम रखा गया है, केवल 214 किलोमीटर रेल लाइन एक वर्ा में बिछाई जानी हैं। इस तरह से पूरे देश में कहीं दो किलोमीटर तो कहीं पांच या दस किलोमीटर रेल लाइन ही बन सकेगी। कितने वर्ाों में यह काम होगा, कास्ट रन कितनी होने वाली है, यह भी देखा जाना चाहिए।

रेल मंत्री जी आप और प्रधान मंत्री जी खजुराहो में जाकर ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन का शिलान्यास करके तीन-चार साल पहले करके आए थे। हम इस बात के लिए आपको बधाई देते हैं कि आपने इस बार उस काम के लिए 30 करोड़ रुपए दिए हैं, हालांकि यह रकम भी अपर्याप्त है। वैसे तो पिछले कुछ सालों से पांच करोड़ रुपए ही दिए जाते रहे हैं, उसकी तुलना में यह रकम अधिक है। आपने यह जरूर संकेत दिया है कि आपकी नीयत उस परियोजना को पूरी करने की है। मैं पिछले दो-तीन वर्ाों से मांग करता आया हूं कि इस योजना को जल्द पूरा किया जाए। बुंदेलखंड की जनता भी आपकी आभारी है और आपको धन्यवाद देती है कि अर्से से वह जिस परियोजना के लिए आस लगाए बैठी थी, वह जल्द पूरी होगी। मेरा यह कहना है कि जो सम्पूर्ण औपचारिकताएं हैं, वह इस वर्ा ही आप पूरी कर लें। उसमें और ि वलम्ब न हो और इस रेल लाइन परियोजना के निर्माण को आप जल्द पूरा कराएं। इसका शुभारम्भ जल्दी हो और आप भी वहां जा सकें, यही हम उम्मीद करते हैं।

साउथ इंडिया की एक संस्था करूणई ट्रस्ट के नाम से है। इसका पत्र मुझे मिला है। हो सकता है अन्य सदस्यों को भी मिला हो। उन्होंने सुझाव दिया है कि जो मानसिक रूप से विकलांग बच्चे हैं, अभी उनके लिए रेलवे में यह व्यवस्था है कि उनको टिकट में छूट दी जाती है और उसमें यह जरूरी है कि कोई भी व्यक्ति उनक कमपेनियन के रूप में साथ जा सकता है। लेकिन उसके लिए यह शर्त है कि उसका फोटो लगा टिकट होना चाहिए। परिवार में यह सम्भव नहीं है कि एक ही व्यक्ति उनके साथ जाए। कभी मां चली गई, कभी पिता चले गए और कभी भाई जा सकता है। कोई भी व्यक्ति पूरे 30 दिन साथ नहीं जा सकता। इसमें आप संशोधन कर दें कि परिवार का ही एक पर्टिकुलर व्यक्ति उनके साथ जा सकता है।

बुंदेलखंड क्षेत्र के बारे में मैं कुछ कहना चाहता हूं। दिल्ली से ताज एक्सप्रैस गाड़ी चलती है। मूलतः यह गाड़ी पर्यटन गाड़ी के रूप में विकसित की गई थी। जो पहले आगरा तक चलती थी, अब ग्वालियर तक चलने लगी है। वह ग्वालियर 11 बजे पहुंचती है और शाम साढ़े पांच बजे तक वहीं खड़ी रहती है। मेरा सुझाव है, मैंने पहले भी रेल मंत्रालय की सलाहकार समिति में यह सुझाव दिया था, इसमें कोई ज्यादा व्यय भी नहीं करना है। यह गाड़ी जो पांच घंटे ग्वालियर में खड़ी रहती है, इसको झांसी से हरपालपुर तक चलाया जाए। इससे जो लोग खजुराहो जाना चाहते हैं, उनको भी सुविधा होगी। झांसी तक भी लोग जा सकेंगे और हरपालपुर तक जाने से वहां के यात्री खजुराहो जाने वाले हैं, वे भी इसका उपयोग कर सकेंगे। वहां से यह वापस लौट आएगी। जब मैंने यह सुझाव आपके अधिकारियों को दिया तो उन्होंने हमेशा की तरह अड़ंगा लगा दिया। उन्होंने कहा कि हरपालपुर में गाड़ी की सफाई और मेनटेनेंस की कोई व्यवस्था नहीं है। वहां पर इस काम के लिए कुछ लोगों को रखा जा सकता है, इस पर कोई बड़ा खर्चा नहीं होगा। दिल्ली से कई शताब्दी एक्सप्रैस गाड़ियां चलती हैं। एक गाड़ी भोपाल के लिए भी चलती है। वह दो बजे भोपाल पहुंचती है और दो बजकर 40 मिनट पर वहां से वापस जाती है। 40 मिनट तक उसकी क्या मेनटेनेंस होती है, सिर्फ झाड़ू बुहार वगैरह होता है। यही इंतजाम हरपालपुर में किया जा सकता है। अगर आप यह कर देंगे तो यह एक बड़ा काम होगा।

आप रेल के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देना चाहते हैं, यह गाड़ी पांच घंटे बेकार में खड़ी रहे, उसे वहां तक बढ़ाने का काम जरूर किया जाये।

दूसरे, जो तुलसी एक्सप्रैस है, जो एकमात्र गाड़ी उस बुंदेलखंड क्षेत्र के लोगों को भोपाल अपनी राजधानी से जोड़ने के लिए है, सप्ताह में मात्र दो दिन चल रही है। मेरा आपसे अनुरोध है कि इस गाड़ी को सप्ताह में चार दिन कर दिया जाये और हरपालपुर में एक स्टॉपेज दे दिया जाये तो उस क्षेत्र के लोगों को अपने क्षेत्र मे पहुंचने के लिए इससे बड़ी सुविधा मिल जाएगी। दो-तीन गाड़ियां हमारे यहां से और चलती हैं, महा कौशल एक्सप्रैस, बुंदेलखंड एक्सप्रैस और चम्बल एक्सप्रैस। इन तीनों में हरपालपुर से जबलपुर के लिए क्रमश: जबलपुर, बनारस तथा हावड़ा के लिए आरक्षण की कोई सुविधा हरपालपुर स्टेशन पर नहीं है। जिला मुख्यालय का वह एकमात्र रेलवे स्टेशन है और इसीलए वहां से आरक्षण की यह सुविधा विभिन्न वर्ग की श्रेणियों में मिल जाये तो इससे बहुत लाभ होगा। मैं बहुत अधिक समय और नहीं लूंगा।â€¦ (व्यवधान)

श्री प्रभुनाथ सिंह : जरा थोड़ा और बोलिए।

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी : अगर अनुमति चेयर से हो तो मैं एक घंटा और बोलने के लिए तैयार हूं।â€¦ (व्यवधान)

श्री प्रभुनाथ सिंह : थोड़ा और बोलिए। हमारी पार्टी का सारा समय उनको दे दीजिए।â€¦ (व्यवधान)

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी : बड़ी कृपा होगी कि पहली बार प्रभुनाथ सिंह जी को किसी का भााण अच्छा लग रहा है। मैं इस बात को जरूर कहूंगा कि मैंने उन बातों की तरफ माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृट किया है जो आम आदमी के हितों के विपरीत आपके प्रस्ताव और फैसले जा रहे हैं, उन पर आप पुनर्विचार जरूर करें। आम आदमी की कमर पर चोट नहीं पहुंचे। जो अपेक्षाकृत सम्पन्न वर्ग है, उससे और अधिक राशि वसूलकर यदि इस रेल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का प्रयास करते हैं तो मैं समझता हूं कि शायद राजनैतिक चश्मों से इसे देखने की जरूरत नहीं है। हम सबको चाहिए कि जब भी कोई सकारात्मक प्रयास करने की कोशिश होती है, यह अलग बात है कि हम देखेंगे कि रिजल्ट क्या आते हैं और उनका इम्पलीमेंटेशन कैसे होता है क्योंकि असली बात यह होती है कि मंशा बहुत अच्छी होती है लेकिन इसे लागू कैसे कर पाते हैं और कितनी सफलता अर्जित कर पाते हैं, इस पर दारोमदार है। नीतीश जी, मुझे आशा है कि आप अगर इसे गंभीरता से ले रहे हैं, इसे राजनैतिक चश्मे से नही देख रहे हैं और ह्यूमन फेस इस रेल विभाग को देना चाहते हैं, मानवीय दृटिकोण से देखना चाहते हैं तो मुझे आशा है कि मेरे सुझावों पर आप गंभीरता से जरूर विचार करेंगे। मैं आश्वासन चाहूंगा कि इसमें आप कंजूसी नहीं बरतेंगे और जल्द से जल्द तारीख निर्धारित हो जाये और ललितपुर-सिंगरौली-खजुराहो रेलवे

लाइन है, उसको हरी झंडी दिखाकर निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू हो जाये। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

सभापति महोदय : श्रीनिवास पाटील जी, रनेन बर्मन जी, प्रभुनाथ सिंह जी और राम टहल चौधरी जी, आप अपने भााण सभा पटल पर रख सकते हैं।

* **श्री थावरचंद गेहलोत (शाजापुर)**ः

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों तथा देश व रेलवे के हित में उज्जैन आगर, सुसनेर सोयत झालावाड़ होकर रामगंज मण्डी तक नयी रेल लाईन डालने हेतु सर्वेक्षण कराया जा चुका है । सर्वे कार्य का शुभारंभ माननीय नीतीश कुमार जी, रेल मंत्री ने किया था और शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर उक्त मार्ग पर रेल लाईन डालने की स्वीकृति का आश्वासन भी दिया था । मैं इस अवसर पर आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को अवगत कराना चाहूंगा कि उज्जैन से आगर तक इस मार्ग पर सन् 1976-77 तक रेलवे लाईन थी और इस मार्ग पर पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ियां चलती थीं । किन्तु आपातकाल के दौरान इस रेलवे लाईन को उखाड़ दिया गया था । मैं मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूँ कि उक्त मार्ग पर नयी रेलवे लाईन डालने की शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें ।

- महोदय, मैं रेल मंत्री जी को मक्सी देवास नयी रेल लाईन के काम को इस र्वा पूरा करने के लिये धन्यवाद देता हूँ और निवेदन करता हूँ कि मेरे क्षेत्र की इस रेलवे लाईन पर जो मार्च अंत तक प्रारंभ हो रही है, इंदौर-गुणा के बीच में पैसेंजर ट्रेन शीघ्रातिशीघ्र प्रारंभ करने का कट करें । ताकि इंदौर और गुणा, ग्वालियर क्षेत्र के लोगों को लाभ मिल सके ।

- महोदय, मैं इस अवसर पर मंत्री महोदय से अनुरोध करता हूँ कि उज्जैन से इंदौर के बीच सिंगल लेन रेल लाईन है और इसका विद्युतीकरण भी नहीं हुआ है । अतः उज्जैन्- इंदौर के बीच रेल लाईन का दोहरीकरण और विद्युतीकरण शीघ्र करने हेतु स्वीकृति प्रदान करने का कट करें ।

महोदय, मैं विश्वास करता हूँ कि कुशल और कठिन परिश्रम कर रेलवे के लिए अच्छा काम करने वाले मंत्री महोदय मेरी इन मांगों को स्वीकृति प्रदान करेंगे ।

* सभा पटल पर रखा गया ।

*श्री रामपाल सिंह (डुमरियागंज)

मैं रेल बजट पर समर्थन करने के लिए खड़ा हूं यह बहुत अच्छा बजट और देश के विकास के लिए आपने दिया है । रेल ही एक ऐसी सेवा है जो कि अमीर गरीब सबको भारत के सभी क्षेत्रों में उपलब्ध रहती है । मैं लोक सभा में 1991 से आया हूं और तभी से बराबर अपने जनपद सिद्धार्थनगर के गोरखपुर गोण्डा लूप लाईन के अमान परिवर्तन के लिए प्रयत्नशील हूं । अभी ज्ञात हुआ कि अब सारी औपचारिकताएं पूरी हो गई है और आर्थिक मामले की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा प्रधान मंत्री की अध्यक्षता में इस लाईन की स्वीकृति इस र्वा प्राप्त हो गई है और इस साल में इसके लिए 5 करोड़ रूपये भी स्वीकृत कर लिए गए हैं । इससे पूर्ण आशा और विश्वास जग रहा है कि इससे इस लाईन का काम शुरू हो जाएगा । इसके लिए मैं मा0 प्रधानमंत्री और रेल मंत्री जी को बधाई देता हूं । क्योंकि इसके न बनने से क्षेत्र का विकास अवरूद्ध था और क्षेत्र का यातायात भी बाधित था क्योंकि कोई सीधी ट्रेन वहां से लखनऊ दिल्ली के लिए इस लाइन से नहीं मिल पा रही थी । इसके अतिरिक्त मैं अपने क्षेत्र में उसका बाजार में एक रेलवे पुल बना हुआ है जिसपर ट्रेन तथा बसें चलती थीं परंतु अब सड़क का पुल दूसरा बन गया है जिसके कारण से रेल विभाग इस पुल को पैदल साईकिल सवारों के लिए बंद कर रहा है । इस संबंध में एक ज्ञापन क्षेत्र वहां के निवासियों का प्राप्त हुआ था जिसे रेल मंत्री जी को भेज दिया गया है इस पुल में पैदल या साईकिल से चलने वालों के लिए थोड़ी सी रेलिंग बढ़कर के पहले जैसा चलाया जाए । जो

* सभा पटल पर रखा गया ।

सहूलियत पहले मिलती थी वह जनता को मिलती रहे । एक और बात मैं मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि वर्तमान में गोरखपुर पूर्व उत्तर रेलवे का मुख्यालय है और यहां से लखनऊ के लिए जब ये छोटी लाईन थी पहले ट्रेनें गोरखपुर से सुबह चलती थी और शाम को लौट आती थी । बरूना गंगा गोमती बनारस और प्रयाग से लखनऊ चलती हैं और शाम को फिर लौट जाती हैं इसी प्र ाकार की एक ट्रेन गोरखपुर से लखनऊ तक चलाई जाए जो सुबह छः बजे चलकरके दस बजे लखनऊ पहुंच जाए और वापसी में लखनऊ से 4 बजे चलकर शाम को 9 बजे गोरखपुर पहुंच जाए इससे यात्रियों को सुविधा होगी ।

***श्री दह्याभाई वल्लभभाई पटेल (दमन और दीव) -**

महोदय,माननीय रेल मंत्री ने एक व्यावसायिक बजट प्रस्तुत किया है जिसमें कुछ नई ट्रेने शुरू करने की भी चर्चा की गई है लेकिन पश्चिमी रेलवे के अहमद बाद-मुम्बई मार्ग पर कोई नई ट्रेन शुरू नहीं की गई है । इसके साथ-साथ वर्तमान में चल रही ट्रेनों के उचित प्रबन्धन के संबंध में भी कोई बात नहीं कही गई है। बहुत सी ऐसी ट्रेने हैं जिनके समय और सेवा में थोड़ा सा परिवर्तन करके यात्रियों को काफी राहत पहुंचाई जा सकती है । इस संबंध में दक्षिण गुजरात के प्रमुख रेलवे स्टेशन बापी का जिक्र करना चाहूंगा । आय के मामले में सूरत के पश्चात बापी सर्वाधिक आय प्राप्त करने वाला रेलवे स्टेशन है । इस स्टेशन की प्रतिदिन की राजस्व प्र ाप्त सात लाख रूपये के लगभग है । इसी कारण इस स्टेशन को ए ग्रेड सुपर स्टेशन घोति किया गया है परन्तु जहां तक एक्सप्रेस गाडियों के ठहराव का संबंध है,इस स्टेशन की स्थिति काफी खराब है। यद्यपि यह स्टेशन महत्वपूर्ण स्थानों की समीपता के कारण काफी अहम स्थिति रखता है । इस स्टेशन से दमन 7 किलोमीटर, सिलवास 11 किलोमीटर,महाराद्र सीमा केवल 15 किलोमीटर है । इसके साथ-साथ यह चार संसदीय क्षेत्रों (बलसाड, दानू,सिलवासा,दमन) से घिरा हुआ है । इसलिए अगर इस स्टेशन पर सभी एक्सप्रेस गाड़ियों का ठहराव दिया जाता है तो इन चारों संसदीय क्षेत्रों के लोगों को इसका लाभ पहुंचेगा ।

वापी रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस गाड़ियों के ठहराव के लिए समय समय

पर किये गये हमारे निवेदन को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए माननीय रेल मंत्री ने सिंगल रूट पर 4707-4708 खकपुर एक्सप्र ेस, 2471-2472 स्वराज एक्सप्रेस,जम्मू-तवी और 2953-2954 मिनी अगस्त क्रांति एक्सप्रेस को वापी रेलवे स्टेशन पर ठहराव की स्वीकृति दी है । मेरा निवेदन है कि इस रूट पर यातायात से स्वाभाविक न्याय करने के लिए इन गाड़ियों को अप और डाउन दोनों रूटों पर ठहराव दिया जाना चाहिए । 9017 सौराद्र जनता एक्सप्रेस केवल डाउन रूट पर वापी में ठहरती है और 9006 स्वराद्र मेल केवल अप रूट पर वापी में ठहरती है । इन दोनों गाड़ियों को अप और डाउन दोनों रूटों पर वापी में ठहराव दिया जाना चाहिए । 9109 और 9110 गुजरात क्वीन जोकि अहमदाबाद और वलसाड़ के बीच में चलती है, यह गाड़ी रात्रि 12.25 पर बलसाड़ पहुंचती है और सुबह 4.25 पर वहां से रवाना होती है इस प्रकार यह साढ़े तीन घंटे वलसाड़ स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 1 पर खड़ी रहती है । वहां पर कोई मेंटनेंस वगैह नहीं होता है यह गाड़ी सुबह 10.10 मिनट पर अहमदाबाद पहुंचती है और वहां पर 8 घंटे ठहरने के बाद शाम पर 6.10 पर वहां से रवाना होती है । इसका मेंटनेंस का सारा काम अहमदाबाद में ही किया जाता है इस गाड़ी के रूट को बड़ी आसानी से वापी तक बढ़ाया जा सकता है । 9057-9058 इंटरसिटी

*सभा पटल पर रखा गया ।

एक्सप्रेस जो कि वलसाड़ और बड़ोदरा के बीच में चलती है यह रात्रि 9.05 पर वलसाड़ पहुंचती है और प्रातः 7.15 पर वहां से रवाना होती है और सुबह 10 बजे बड़ोदरा पहुंचती है और शाम को 5.40 पर वहां से रवाना होती है इस गाड़ी के रूट को भी वापी तक बढ़ाया जाना चाहिए । इस संबंध में जब भी रेलवे को लिखा जाता है तो रेलवे प्राधिकारियों द्वारा यह तर्क दिया जाता है कि वापी रेलवे स्टेशन पर प्रचालन और रख-रखाव सुविधाएं उपलब्ध नहीं है इस संबंध में मैं यह कहना चाहूंगा कि वापी रेलवे स्टेशन पर पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध है । मुम्बई से आने वाली शटल ट्रेन यही पर अपना इंजन बदलती है और मुम्बई जाती है । फिर भी अगर वहां पर टूर्मिनल तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं है तो इस स्टेशन के सुपर ए ग्रेड स्तर को देखते हुए ये सभी सुविधाएं यहां उपलब्ध करायी जानी चाहिए । यहां पर मैं यह उल्लेख करना चाहूंगा और माननीय रेल मंत्री से इस तथ्य की ओर ध्यान देने का निवदेन करूंगा कि बलसाड़ रेलवे स्टेशन पर 42 गाडियां रूकती हैं और इस स्टेशन का वार्िक राजस्व 1694.33 लाख रूपया है जबकि वापी रेलवे स्टेशन पर केवल 26 गाड़ियां रूकती है लकिन इस स्टेशन का वार्िक राजस्व 2078.05 लाख रूपया है । इसलिए, इस स्टेशन पर सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जानी चाहिए और इन गाड़ियों का विस्तार इस स्टेशन तक किया जाना चाहिए । 2951/2952 दिल्ली-मुम्बई राजधानी एक्सप्रेस मुम्बई से बड़ोदरा के बीच की 500 किलोमीटर की दूरी बिना रूके तय करती है । इसका ठहराव वापी में किया जाए जो कि इन दोनों स्टेशनों के मध्य में स्थित है तो इस रूट पर यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी लाभ हो सकता है तथा रेलवे के राजस्व में भी बढ़ोत्तरी हो सकती है । इसके साथ-साथ 2955-2956 जयपुर सुपरफास्ट, 2961-2962 अवन्तिका एक्सप्रेस, 5663-5664 अवध एक्सप्रेस, 2431-2432 त्रिवेन्द्रम राजधानी,6333-6334,6335-6336 और 6337-6338 कोंकण एक्सप्रेस गाड़ियों का भी बापी में ठहराव होना चाहिए । इस संबंध में मैं माननीय रेल मंत्री जी के ध्यान में यह बात लाना चाहूंगा कि 1997 में जब तत्कालीन रेल मंत्री श्री रामविलास पासवान एक ओवर ब्रिज का उद्घाटन करने वापी आये थे तो उन्होंने यह आश्वासन दिया था कि शीघ्र ही गुजरात क्वीन और इंटरसिटी एक्सप्रेस गाड़ियों का जून महीने तक रूट बढ़ाकर वापी तक किया जाएगा । यह आश्वासन अभी तक क्रियान्वित नहीं हुआ है इसे शीघ्र क्रियान्वित किया जाना चाहिए ।

इस संदर्भ में यह बताना भी उचित होगा कि एशिया की सबसे बड़ी औद्योगिक एस्टेट वापी में स्थित है । सरकार द्वारा दिये गये पांच वा के कर अवकाश के कारण अनेक बड़े बड़े उद्योग दमन द्वीव और दादरा नागर हवेली संघ प्रदेश क्षेत्र में स्थापित हो रहे हैं जिसके कारण वापी रेलवे स्टेशन पर यातायात में निरन्तर वृद्धि हुई है । इसी कारण इस स्टेशन से प्राप्त होने वाले राजस्व में भी अत्यधिक वृद्धि की संभावनाएं हैं । अतः मेरा माननीय रेल मंत्री से निवेदन है कि इन ट्रेनों के साथ-साथ जितनी भी एक्सप्रेस गाड़िया इस रूट पर वापी से होकर गुजरती है,उनका ठहराव वापी में सुनिश्चित किया जाए । मुझे यह आशा है कि लोगों के समक्ष आ रही कठिनाइयों को देखते हुए मंत्री महोदय मेरे निवेदन और सुझावों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करके इन्हें शीघ्र लागू करने का उपाय करेंगे।

***श्री राम सिंह कस्वां (चूरू) :**

माननीय रेल मंत्री श्री नीतीश कुमार जी द्वारा जो रेल बजट 2002-2003 का पेश किया है, वह देश के वर्तमान हालात को देखते हुए सन्तुलित और किसी वर्ग िवशो पर बोझ डालने वाला बजट नहीं है । माननीय रेल मंत्री महोदय ने रेल बजट के राजनीतिकरण के आरोपों को झुठलाते हुए मंत्रालय की वित्तीय योजना को व्यावसायिक और सन्तुलित बनाने का प्रयास किया है । किराया भाड़ा में बड़े परिवर्तन के बजाय पूरे किराये ढांचे में विवेक सम्मत फेर बदल किया है । सभी श्रेणी के यात्री किरायों में मामूली बढ़ोतरी का ऐलान किया है । माल ढुलाई में भाड़ा बढ़ाने की बजाय युक्ति संगत फेर बदल पर ध्यान दिया है । आगामी वाÆ यात्री सुविधा वाÆ घोाित किया है । नया बजट राजस्थान के लिए नई सौगात लेकर आया है । पहली बार राजस्थान में एक साथ चार नई एक्सप्रेस यात्री गाड़ियां, एक जन शताब्दी एक्सप्रेस और एक नई रेल लाईन का तोहफा दिया है । साथ ही दो यात्री गाड़ियों का संचालन बढ़ाने एक रेल लाईन का आमान परिवर्तन करने और एक यात्री के गाड़ी के फेरे बढ़ाने की भी घोाणा की है ।

आज देश की विकट आर्थिक परिस्थितयों में इससे अच्छा और रेल बजट नहीं हो सकता, लेकिन मेरे संसदीय क्षेत्र की कुछ प्रमुख समस्याएं हैं जिनको इस वाÆ के रेल बजट में शामिल किया जाना आवश्यक है रेवाड़ी-बीकानेर,सादुलपुर-हिसार,रतनगढ़-डेगाना मार्ग की छोटी लाईन को बड़ी लाइन में बदलने के लिए इस वाÆ के रेल बजट में जरूरी राशि का प्रावधान नहीं किया गया है । रेवाड़ी-सादुलपुर आमान परिवर्तन की स्वीकृति पहले ही दी जा चुकी है । सादुलपुर-हिसार मार्ग के आमान परिवर्तन की स्वीकृति पिछले बजट में जारी की गई थी लेकिन इस बजट में कोई वित्तीय प्रावधान न रखने के कारण मेरे संसदीय क्षेत्र चुरू को इस बार निराशा ही हाथ लगी है । यह सही है कि राजस्थान में लंबित पड़ी रेल योजनाओं को पूरा करने के लिए लगभग 2000 करोड़ रूपये की आवश्यकता है इतनी बड़ी राशि का जुटाना किसी रेल मंत्री के लिए संभव नहीं है फिर भी सामरिक दृटि से बीकानेर जिला पाकिस्तान सीमा से जुड़ा हुआ है । मेरे क्षेत्र के व्यापारियों का देश के बड़े -बड़े शहरों में आना जाना लगा रहता है । काण्डला से आने वाला तेल जोधपुर,डेगाना रतनगढ़-सादुलपुर-हिसार होकर हरियाणा,पंजाब जाता है । उक्त सभी कारणों को मद्देनजर रखते हुए इस क्षेत्र में रेल लाईन का आमान परिवर्तन होना अत्यन्त आवश्यक है ।

चुरू से तारानगर,सरदार शहर से हनुमानगढ़ सीकर से नोखा वाया सालासर नई रेल लाईन बिछाने का सर्वे किया गया था । इस सर्वे का उद्घाटन भी किया गया था लेकिन वांछित परिणाम सामने नहीं आये हैं और ना ही इस बजट में कोई वित्तीय प्रावधान किया गया है ।

*सभा पटल पर रखा गया ।

3. लोहारू जयपुर 205/206 पैसेन्जर गाड़ी को लोहारू से सादुलपुर तक बढ़ाने, बीकानेर चुरू 1/2 बी.सी. सवारी गाड़ी को सादुलपुर जंक्शन तक बढ़ाने की मांग वाÆों से की जा रही है । जनहित में इन्हें बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है ।
4. मेरे संसदीय क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या रेलवे लेबल क्रॉसिंग की है । रेलवे क्रॉसिंग नहीं होने के कारण हर वाÆ काफी दुर्घटनाएं होती है । ग्रामीण जनता को बहुत भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । वाÆों से चालू ग्रामीण रास्तों को रेलवे विभाग द्वारा बंद कर दिया गया । आज प्रत्येक किसान के पास उंट गाड़ी, ट्रेक्टर, जीप आदि है । रेलवे क्रॉसिंग के अभाव में इन्हें आने जाने में बहुत भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है । दिल्ली बीकानेर रेल लाईन पर बीकानेर डिवीजन के अंतर्गत बेबड़ भोजान स्टेशन, गुगलवा किरतान कालरी, कान्धरान-डोकवा, हड़ियाल, मोलीसर, पायली, बिग्गा बेनीसर, सुड़सर, आदि गांवों के पास रेलवे फाटक, खासोली से रामसरा के मध्य रेलवे फाटक । रतनगढ़ - डेगाना मार्ग पर लोहा, भाजासर, पड़िहारा, बालसंमद आदि गांवों के पास, सादुलपुर-हिसार मार्ग पर लसेड़ी इन्दासर गांवों के पास सादुलपुर-हनुमानगढ़ मार्ग पर पहाड़सर, हांसियावास ढाणी छोटी (सिधमुख) आदि गांवों के पास रेलवे फाटक नहीं होने के कारण ग्रामीण जनता को बहुत भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । दुर्घटना का खतरा हमेशा बना रहता है । डोकवा हाल्ट स्टेशन के पास तो फाटक खुलवाने के लिए ग्रामीण जनता ने एक माह तक भूख हड़ताल आदि की थी । जिला कलेक्टर महोदय चुरू व रेलवे के अधिकारियों के आश्वासन के पश्चात् धरना व भूख हड़ताल समाप्त की, लेकिन आज तक वह फाटक नहीं खुला है । उत्तर रेलवे के जोधपुर मंडल के अधीन रतनगढ़ स्टेशन से लोहा हाल्ट के पास किलोमीटर 336/6-7 पर मानव सहित फाटक खोलने व बालसंमद, सांवराद के मध्य कि0मी0 3904 रेलवे फाटक संख्या 46 पर मानव सहित रेलवे क्रॉसिंग बनाने के लिए मैंने सांसद कोा से 10 लाख (दस लाख) रूपये प्रदान करने के लिए दिनांक 4.4.2001 को श्रीमान डी आर एम जोधपुर को एक पत्र लिखा था लेकिन उस पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है । इस क्षेत्र के लिए उक्त दानों फाटकों का निर्माण करना अत्यंत आवश्यक है । अतः मेरा नम्र निवेदन है कि अविलंब इन फाटकों का निमाण करवाने की कृपा करें । मैं मरे ससदीय क्षेत्र विकास कोटे से दस लाख रूपये देने के लिए तैयार हूं ।
5. बीकानेर डिवीजन का रतनगढ़ जंक्शन एक महत्वपूर्ण् जंक्शन है । एक लाख की आबादी वाले इस कस्बे में प्रतिदिन 24 गाड़ियों का आना-जाना बना रहता है । यहां औसतन 2500 रेल टिकट विक्रय होते हैं तथा 60 हजार रूपये का दैनिक रेल विभाग को रेवेन्यू प्राप्त होता है । ऐसे महत्वपूर्ण स्टेशन पर रेलवे टिकट आरक्षण कंप्यूटर व्यवस्था का होना अत्यंत आवश्यक है । इसके अतिरिक्त सरदार शहर भी इस क्षेत्र का सबसे बड़ा कस्बा है । अतः मेरा नम्र निवेदन है कि उपरोक्त दोनों स्थानों पर इसी वाÆ कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र खोलने की कृपा करें ।

6. रामपुरावेरी व बेवड़, भोजाण स्टेशन के मध्य गुगलवा किरतान हाल्ट स्टेशन, रतनगढ़-सरदार शहर रेल मार्ग पर आनन्दवासी हाल्ट स्टेशन बिग्गा- श्री डूंगरगढ़ स्टेशन के मध्य जेसलसर हाल्ट स्टेशन, श्री डूंगरगढ़-सूड़सर के मध्य बेनीसर हाल्ट स्टेशन खोलना जनता की मांग एवं आवश्यकता को देखते हुए अत्यंत आवश्यक है ।

7. दिल्ली बीकानेर मेल में हनुमानगढ़ से दिल्ली के लिए जो कोच लगा है उसमें सिधमुख स्टेशन से 6 बर्थ के स्थान पर 15 बर्थ का कोटा, व श्री डूंगरगढ़ स्टेशन से 6 बर्थ के स्थान पर 15 बर्थ का कोटा, व श्रीडूगड़गढ़ रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 2308 (ए) बीकानेर हावड़ा एक्सप्रेस में 8 सीट शयनयान श्रेणी का कोटा आरक्षित किया जाना लोकहितार्थ आवश्यक है ।
8. उत्तर रेलवे में जोधपुर डिवीजन का डेगाना जंक्शन एक महत्वपूर्ण स्टेशन हैं । मरे संसदीय क्षेत्र के काफी कस्बों व गांवों के लोगों का आना-जाना इसी स्टेशन से होता है । इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण गाड़ी 2307/2308 जोधपुर हावड़ा सुपरफास्ट का यहां ठहराव नहीं है । अतः इस गाड़ी का यहां ठहराव जनहित व रेलहित में आवश्यक है । इसके अतिरिक्त बीकानेर डिवीजन के लोहारू-सादुलपुर जंक्शन के मध्य रामपुरा बैरी स्टेशन पर लिंक एक्सप्रेस का ठहराव करना अत्यंत आवश्यक है ।

9. मेरे गृह क्षेत्र सादुलपुर जंक्शन पर ड्राइवरों के 9 क्रू कैडर कार्यरत थे । यहां से ट्रैनिंग कर्मचारियों का स्थानान्तरण करने के कारण मालगाड़ियों का डिटेन्शन ज्यादा हो गया है व इन गाड़ियों का संचालन करने के लिए अन्य स्टेशनों से क्रू को आना पड़ता है जिससे रेल विभाग को तो नुकसान होता ही है व जिन डाइवरों को यहां से हटाया गया है उन्हें काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है । अतः पांच ड्राइवरों को स्थायी रूप से सादुलपुर जंक्शन पर लगाया जाना रेल विभाग के हित में होगा ।

***श्री राम टहल चौधरी (रांची) :** महोदय, माननीय रेल मंत्री श्री नीतीश कुमार द्वारा सन 2002-2003 का, जो बजट प्रस्तुत किया गया है । उसका मैं समर्थन

करता हूँ । रेलवे ने अपना कार्यकाल 150 वां पूरा किया है । रेल जन सुविधा की एक महत्वपूर्ण संस्था है । रेलवे में 5 प्रतिशत से 14 प्रतिशत तक वृद्धि की गयी है । सभी दर्जों में यह वृद्धि औसतन 8 प्रतिशत है । राजधानी एवं शताब्दी एक्सप्रेस में पूर्ववत है । इससे इस बजट में 1360 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा । इस बजट में 16 जन शताब्दी नामक इंटरसिटी सेवा 25 अतिरिक्त एक्सप्रेस रेल सेवा शुरू करने, 16 रेल सेवा का चालन क्षेत्र बढ़ाने और 7 नयी पैसेजर रेल सेवा शुरू किये जाने का प्रस्ताव है । टिकट प्रणाली के लिए कम्प्यूटर आधारित अनारक्षित पायलट परियोजना शुरू करने एवं सभी जिलों के मुख्यालय से जोड़ने की बात कही गयी है । विभिन्न स्टेशनों पर 50 फूड प्लाजा खोलने का प्रस्ताव है । रेलवे रेल नीर एक प्लांट लगा कर रेल यात्रियों को रेल नीर का उपलब्ध करायेगी । इस रेलवे बजट का लक्ष्य हवाई सेवा से प्रतिस्पर्धा करने का है । माल भाड़े के लिए मुक्तिकरण करने का है । माल भाड़े में किराया बढ़ने से 450 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है । तीन इ.एम.यू. रेल सेवा चलाने का भी प्रस्ताव है । रेल यात्री किराया बढ़ने से 910 करोड़ रुपये प्राप्त होने का अनुमान है । इस बजट में 911 करोड़ रुपया खर्च कर 214 कि0मी0 रेल लाईन बनायी जायेगी । इस बजट में रेल परिव्यय 12330 करोड़ निर्धारित किया है । इसे बजट में 237 करोड़ रुपया खर्च कर 375 कि0मी0 रेल लाइनों का विद्युतिकरण किया जायेगा । इस बजट में आमान परिवर्तन के लिए 862 करोड़ रुपया, दोहरीकरण के लिए 610 करोड़ रुपया खर्च करने का प्रस्ताव है । रेल पथ के नवीकरण के लिए 2702 करोड़ एवं पुलों के लिए 204 करोड़ खर्च करने का प्रस्ताव है ।

इस बजट की अनेक संगठनों ने सराहना की है । इस विभाग में साढ़े पन्द्रह लाख कर्मचारी कार्यरत हैं । इस तरह यह बजट युक्तिसंगत एवं संतुलित व व्यवहारिक बजट है । महोदय, यह बजट यात्री सुविधा एवं जन सुविधा को ध्यान में रख कर लाया गया है । वित्तीय व्यवस्था को ठीक करना, सुरक्षा, सफाई आदि पर भी ध्यान दिया गया है । खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के लिए पहले से दुगुना खर्च करने का प्रस्ताव है । इससे औलोंपिक खेल में खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा । इसलिए मैं इस रेल बजट की सराहना करता हूँ और रेल मंत्री श्री नीतीश कुमार को बहुत बहुत धन्यवाद देता हूँ ।

महोदय, अंत में मैं कुछ सुझाव के साथ साथ रेलवे कर्मचारियों की समस्या एवं मेरा निर्वाचन क्षेत्र रांची के रेलवे सुविधा के संबंध में कहना चाहूंगा । रेलवे विभाग में भ्रष टाचार को रोकने का प्रयास किया जाये । रेल कर्मचारियों को मौलिक सुविधायें प्रदान की जायें, जैसे सुरक्षा, चिकित्सा, शिक्षा, क्वार्टर की व्यवस्था इत्यादि । मंत्री महोदय रांची एवं झारखंड प्रदेश में आपने जो

* सभा पटल पर रखा गया ।

रेल सुविधा दी है उसके लिए बधाई देना चाहूंगा और साथ साथ कुछ त्रुटियों पर सुधार करने एवं ली गयी परियोजनाओं का कार्य शीघ्र पूरा करने का अनुरोध करता हूँ । मंत्री जी, मेरा आपसे आग्रह है कि राजधानी एक्सप्रेस रांची-दिल्ली को एक दिन के बदले कम से कम दो दिन चलायी जाये । उसमें शुक्रवार को नयी दिल्ली से और रविवार को रांची से चले । ऐसी व्यवस्था हो । रांची लोहरदगा लाईन को टोरी तक फैलाने का काम शीघ्र पूरा कराया जाये । रांची, कोडरमा भाया हजारीबाग रेलवे लाईन का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाये ।

हटिया मुम्बई ट्रेन जो गया इलाहाबाद होकर चलाने का प्रस्ताव है उसका मैं विरोध करता हूँ । उस रेल को हटिया राउरकेला होते हुए मुम्बई चलाया जाये ताकि रांची एवं झारखंड क्षेत्र के लोगों को लाभ मिल सके अन्यथा झारखंड के लोगों के हित में नहीं होगा । रांची-टाटा पिंक सिटी ट्रेन, जिसकी घोाणा आपने की है, शीघ्र चलायी जाये । खेलारी कोयला क्षेत्र में खेलारी स्टेशन के पास रांची खेलारी सड़क पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाये । यह मांग वार्ों से होती रही है । लुधियाना-धनबाद ट्रेन, जो धनबाद में 17 घंटा खड़ी रहती है, उसे रांची तक किया जाये । रेलवे भर्ती बोर्ड पिछड़े एवं सामान्य जातियों के लिए भी रांची में अविलम्ब खोला जाये ताकि झारखंड के गरीब लोगों को भी रेलवे में सेवा करने का अवसर मिल सके । छोटे पदों पर भूमि पुत्रों को एवं विस्थापित परिवार के लोगों को नौकरी में प्राथमिकता देने का प्रावधान हो । डी.आर.एम कार्यालय भवन का निर्माण शीघ्र करा कर कार्यालय का संचालन शीघ्र रांची में कराया जाये ।

बकार कुड़ी (इचागढ़) में दो मिनट का ठहराव दानापुर टाटा पैसेंजर ट्रेन का हो । मुरी स्टेशन में रह रहे रेलवे कर्मचारियों को सुरक्षा, पानी, बिजली, स्कूल, रेलवे क्वाटर का मरम्मति आदि सुविधा अविलम्ब दी जाये एवं स्टेशन का सुन्दरीकरण एवं विस्तार किया जाये ।

मुझे पूरा विश्वास है कि मंत्री जी उपरोक्त बिन्दुओं पर विशे ध्यान देते हुए शीघ्र समाधान करने की कृपा करेंगे । महोदय, आपने समय दिया, इसके लिए धन्यवाद ।

* **श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार)**: सभापति जी, रेल बडट पर अपने निर्वाचन क्षेत्र के निम्नलिखित बिन्दुओं को लिखित रूप से दे रहा हूँ । इसे प्रोसिडींग में शामिल करने का कट करेंगें।

माननीय रेल मंत्री जी द्वारा दरैद्या से महराजगंज रेल लाईन के पुनर्निर्माण के शिलान्यास समारोह में जलालपुर गांव के सामने रेलवे समपार बनवाने की घोाणा की थी, जिसका प्रस्ताव बोर्ड में आ चुका है । उसे शीघ्र स्वीकृत करते हुए कार्य प्रारंभ कराया जाये ।

दरैद्या-महराजगंज रेल लाईन का विस्तार मशरक तक करने हेतु कारवाई किया जाये ताकि वह छोटा रेल खण्ड पूरा हो सके ।

मशरक में मशरक स्टेशन के सौन्दर्यीकरण के उदघाटन के समय आपके द्वारा घोाणा किया गया था कि रेल स्टेशन के सटे सड़क के किनारे रेल की जमीन पर छोटे छोटे दुकान बनाये जायेंगे, जिससे जहां एक तरफ रेल को आय का साधन उपलबध होगा, वहीं बेरोजगारों को रोजगार का भी अवसर मिलेगा ।

मशरक में ही आपके द्वारा घोाणा की गयी थी कि मशरक में रेल का एक होटल बनाया जायेगा । इस संबंध में कुछ प्रक्रिया बढ़ी है परन्तु गति काफी धीमी है ।

रेल बजट के लिए आपको बधाई देते हुए आग्रह करूंगा कि जिन कार्यों का मैंने जिक्र किया है, उसे शीघ्र पूरा करेंगे ।

* सभा पटल पर रखा गया ।

SHRI SHRINIWAS PATIL (KARAD): Sir, I want to make only one submission.

I am thankful to the hon. Minister of Railways for starting computer reservation in my home constituency, Karad, which is known after the name of the late Deputy Prime Minister Y.B. Chavan. The computer system is working very well but both the stations, Karad and Satara are about seven kilometres to eight kilometres away from the township. Therefore, if the facility of providing one terminal each at Karad and Satara is given, the computerisation would be totally complete.

I am thankful for allowing me to lay my written speech on the Table.

*Sugar Transport is a major business to railways from my Karad Lok Sabha constituency which lies on Pune Miraj Section of South Central Railways having about twelve sugar factories near KARAD Railway Station.

Annually Rs. 22 crore Revenue is collected from Karad Station from transportation of goods. There is an utmost need for construction of shed over Loading platform which will cover 22 BSN type wagons. At present only five wagons are covered by shed. Also unloading platform for trucks should be constructed so that unloading becomes easier and faster. In the present circumstances in rainy season loading and unloading becomes very difficult. Government is considering to give incentive to sugar factories for transportation of sugar for export purpose. The bill on sugar Development Fund which is introduced today in Lok Sabha, I think will increase the Revenue of the railways to the significant extent because the incentives are to be given to transport for export purposes.

In Maharashtra there are only two rail corridors connecting the low lying Konkan and the high altitude plains of Western Maharashtra namely Nashik

*Speech was speech was laid on the Table.

Mumbai via Kasara Ghat and Pune Mumbai via Khandala Ghat. There is an utmost need to create a third corridor namely Karad Chiplun or Kolhapur Ratnagiri as may found feasible by the authorities. Karad Chiplun link can directly be connected to Vijapur in Karnatak which will greatly facilitate the inter-state transport of goods as well as passengers. Sir, May I bring to your notice that Vijapur area in Karnataka is well known for providing skilled construction Agricultural labour who work in Western Maharashtra and the Konkan areas. Hence a new route from Vijapur Karad joining Konkarn Railway at Chiplun may kindly be thought to be planned and survey on priority basis may be started.

There is much need for laying of double track on Pune Miraj section of South Central Railway which has become very busy route due to introduction of new trains i.e. Banglore Jodhpur and Banglore Ajmer and other good traffic trains.

Due to construction of Quadri-Angle Highway connecting four Metropolitan cities which also passes through my Karad Lok Sabha Constituency, if rapid changes on Pune-Miraj section are not implemented, there are greater chances of loss in revenue to the railways since parallel and efficient system of road network will greatly hamper goods transport by railways.

Sir, ours being sugarcane producing area partially manner gates are a major problem in transportation of sugarcane from the field to the factory because these gates are kept closed during night time. They are only manner during day time. Hence I request you to kindly issue orders to DRM Hubli to conduct a meeting with MPs in this regards to finalise the list of gates which need manning of gates for 24 hours.

Since there is a demand for merging of Pune-Miraj section from South-Central railways to Central railways, the officials of DRM office-Hubli are not interested in development of this section. Hence I request you to kindly declare whether this section would be merged with Central Railways or not? The issue if kept pending for a long time and will hamper the development of South-Central Railway portion from Pune to Miraj.

Farmers seeking permission to lay pipeline for irrigation purpose crossing railway line face harassment from office

of DRM Hubli. One window clearance system for such permission may kindly be started to avoid harassment and exploitation of the farmers and sugar factories.

As regards facilities for passenger traffic:

i. There is need to start computerised city reservation office at Karad and Satara. Since both the stations are having computerised reservation system and are six to seven Kilometers away from the cities. One terminal may be granted in the town of Karad and Satara, each for reservation.
ii. Ahmedabad-Pune Ahinsa Express should be extended upto Kolhapur on South Central Railway.
iii. Kolkatta − Pune Azad-Hind Express should be extended upto Kolhapur on South Central Railway.
iv. A new Superfast train from Pune to Panjim should be started and it should run during day time.
v. Kolhapur-Ghorpadi passenger train should be extended up to Pune railway station which is just 3 km from Ghorpadi.
vi. Ghorpadi-Kolhapur passenger train runs empty without passengers up to satara and thereafter it runs as Satara-Kolhapur passenger. This is a great loss to the railways. I request to run this passenger train from Pune to Kolhapur, if it is not possible then it may run from Ghorpadi.

The building of Railway station Karad is very old. The retiring room is only one. There are 7 state Government Ministers from nearby Tahsils who so0metimes have to sit on benches on platform waiting for the train during Assembly sessions. Total facelift at least for the time being would give some satisfaction to VIPs. The toilets are out of use and drinking water facility is meagre and light on platforms during night is insufficient. The airconditioned coaches during rainy season have no facility of shelter as such passenger get totally wet due to rains. At least one full length covered platform will serve the purpose. Train named Mahalaxmi runs between Kolhapur to Mumbai. The members of legislative assembly and ministers from Western Maharashtra both travel in II class A.C. & sometime during Assembly sessions seats are not available. In order to avoid this, I request you to attack one Ist class air conditioned carriage to this train. Please do ask the G.M, South Central Railway to visit KARAD Railway Station and do the needful as suggested above by me.

.

SHRI PRABHAT SAMANTRAY (KENDRAPARA): Thank you, Mr. Chairman, Sir, for giving me this opportunity to participate in this Railway Budget.

This is a Railway Budget that has changed the track for a better railway management in a country where in the last 52 years our route kilometre achievement has been very insignificant. Since a track and an approach in a new direction has been presented for discussion, I believe, we being a captive audience in this project, should give our opinion.

Before thanking the Railway Minister, I would like to draw his attention to the bitterest fact that draws our attention and also gives an apprehension whether certain policy decisions which he has elaborated in his Budget Speech, will be in the right direction or not. That is relating, most importantly, to the formula which he has advocated in his Budget Speech for allocation of funds, and I quote:

> "I have considered three major criteria − the area of the State, the population and the throw forward of projects in the State. Weightage given to these three criteria is in the ratio of 15 per cent, 15 per cent and 70 per cent respectively."

On the one hand, the Government of India and the hon. Health Minister who is present here, are advocating, and we all are also emphasising, the downsizing of the population of this country which is creating a major problem in our advancement. On the other hand, the policy advocated by the hon. Railway Minister for allotment of funds for the railways in different States, based on the population, totally drags away the States. More particularly, I would name the State of Kerala which has become an example for all the States for achieving the population, and they will be the worst sufferers, as also the other States which are coming under this criterion for calculation of allotment of funds. So, I would request the hon. Railway Minister to consider the formula as to whether on the basis of the revenue generated from the State through freight and passenger traffic or the route kilometres available in that particular State should have been the criteria, in place of the population being the criteria for allotment of funds. If this is encouraged, I am afraid that instead of 100 crores population in 2000, we will be increasing it, in competition, by more than 20 crore in two years. So, the choice is of the Government and of the Minister of Railways who has advocated this formula. He should reconsider and review whether the suggestion that I have proposed is good enough for consideration or not.

I am told that during these 55 years after Independence, we have inherited 53,000 route kilometres from the Britishers and we have only added, by the year 2000, 63,000 route kilometres. Our ratio of increase is very

insignificant. There should be an appraisal with regard to the difficulty in achieving the route kilometres which is more important for each of the Members of this House and the other House, and more importantly for the population of India. The route kilometres achievement is very negligible. What has gone wrong? That formula or that policy has not been advanced by the hon. Railway Minister. I would request that he should have a look at it and see in what way we can go ahead with the projects which are under the budgetary allotment of the Railways for the last so many years for which the achievement is very negligible.

Now I come to my own State. The State of Orissa which I represent has got only 2,309 route kilometres in the State, out of which we have inherited from the Britishers 1,400 kilometres. Our route kilometres is in the ratio of 14.4, whereas the national ratio is 19. In my neighbouring States, Bihar and West Bengal, the route kilometre ratio is 30 and 43.1 respectively.

19.00 hrs.

I believe that more route kilometres should have been added during the last two years. Orissa is a State having 2,300 route kilometres and it is part of the South Eastern Railway. More importantly, South Eastern Railway is the revenue generating zone of the Indian Railway system. It always exceeded the targets in revenue earning and Orissa has been a part of that. Thirty per cent of that revenue has been contributed from Orissa region alone. In this regard I would like to draw the attention of the hon. Minister that despite all this the hon. Minister has taken the steam away in regard to allocation of funds and other things. I would like to give the figures of budgetary allocation to Orissa during the last three years. During the year 2000-2001 it was Rs. 174 crore; during 2001-2002 it was Rs. 140 crore and for this year the allocation was only Rs. 126 crore. Not only the volume has been reduced but the important projects have been allocated lesser funds.

I would request the hon. Minister of Railways to kindly consider some of the important proposals relating to the State of Orissa and more particularly about the proposals for new trains and extension of existing trains. At present there is a train from Hazarat Nizamuddin to Sambalpur called Hirakud Express which runs three days in a week. I would urge upon the hon. Minister to consider extending this train to Raigada which will be catering to the needs of the southern parts of Orissa, a portion of Andhra Pradesh and more importantly the major industrial centres like HAL, JK Paper Mills, IMFA and NALCO. All these places can be catered by this extension of train.

There is another important request which we have been asking. There is a need for a direct train service between Puri and Jaipur. There is no direct train from Bhubaneswar to Bangalore. The assessment indicates that there are sufficient number of originating passengers towards Bangalore. It is, therefore, proposed to extend the existing 8564/8563 Visakhapatnam-Bangalore Prasanti Express upto Bhubaneswar. This train remains idle at Visakhapatnam for 12 hours and by extending it to Bhubaneswar there will be sufficient time for washing and other things.

A lot of funds allotted to Orissa region last year has been re-appropriated with the excuse of non-implementation of projects that have been funded last year. I would like to draw the attention of the hon. Minister to this. What has gone wrong? Why is it that the budgetary allocation that has been made by the Railway Ministry last year to Orissa region could not be spent? I want to know whether the Railway officials are responsible for this or whether there are certain directions. This should be told to us. Why is it that a large chunk of budgetary allocation has re-appropriated in the State of Orissa? We should be told of this.

Finally, we have now been discussing about the IRTCC − Indian Railway Tourism and Catering Corporation. In this connection I would like to submit that we all have a very bad experience in this country. This Parliament has provided not only funds but created huge infrastructure for the public sector undertakings. But due to mismanagement, all of us are now facing an embarrassing situation of disinvestment. The age-old system is existing in the Railways. Without meddling with that and without going in for a fresh look into it, a new attempt may lead to an embarrassing situation after five or ten years. I shall be requesting that action should be taken in that direction. Before giving a thrust to that particular proposal, the Railway Ministry or the Railway Board should take a clear look into this and the responsibility should be fixed.

If investment is done in the name of some corporation, a written assurance should be there. With these words, I shall be extremely thankful to the Railway Minister for providing Rajdhani Express, as requested by us. It is not that only Jana Shatabadi train has been introduced from Bhubaneswar to Howrah, the frequency of Rajdhani train has also been increased. One train has been provided from Behrampore to Bhubaneswar. But in spite of that, the East-Coast railway zone, for which people of Orissa have been asking, has been allotted a very meagre amount of Rs. 4 crore. I shall request the hon. Railway Minister to allocate some funds, more particularly, to complete it. I would also request him that to strengthen the railway system, please complete the work of Jakhpura − Banspani and Haridaspur-Paradeep lines. By doing so, the Railways would be getting back

within ten years the money they have invested in it. That is our assessment. That is their assessment also.

With these words, I thank you, and through you, the Railway Minister again.

MR. CHAIRMAN : Shri Abdul Hasnat Khan and Shri Namdeo Harbaji Diwathe are allowed to lay their texts on the Table of the House.

As announced earlier, the hon. Members may lay written text of their speeches on the Table of the House, if they so desire. These speeches will be included in the proceedings.

***SHRI RANEN BARMEN (BALURGHAT):**

In Connection with the Railway Budget 2002-2003, I would like to make the following suggestions for your kind consideration.

I oppose the Budget because this is a anti-poor. Sleeper class fares and freight for essential items, i.e. salt etc. have been hike and a number of projects are pending. For example, in my constituency, Balurghat under Dakshin Dinajpur district of West Bengal is still pending and also fund allotted is for short of requirement. I demand that it should be raised then only this Eklakhi-Balurghat which covers 90 kms. Could be completed. In fact, survey was conducted a way back in 1984 and its slow pace of implementation has caused serious anxiety amongst the minds of the people of this backward area. Therefore, appropriate steps should be initiated without further delay.

With these words, Sir, I conclude my speech.

***Speech was speech was laid on the Table**

*** श्री रामानन्द सिंह (सतना):** महोदय, मैं र्वा 2002-03 के लिए रेल मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट का स्वागत करता हूँ । यह पहला रेल बजट है जिसे बिना किसी व्यवधान के ध्यान से सुना गया । विपक्ष ने भी मोटे तौर पर बजट को संतुलित व व्यवहारिक माना है ।

*सभा पटल पर रखा गया ।

महोदय मेरा सुझाव यह है कि फिलहाल रेलवे की परिसंपत्तियां ऐसी पड़ी है जिनका इस्तेमाल नहीं हो रहा है और उनके इस्तेमाल की जरूरत है, रेलवे से आम जनता की अपेक्षाएं काफी अधिक है आज भी उनके लिए यातायात का सबसे प्रमुख साधन वही है, लोग चाहते हैं कि सुविधाएं भी बढे लेकिन जब तक दूरदराज के उपेक्षित इलाकों को रेल लाइनों से नहीं जोड़ा जाएगा तब तक न रेलवे की स्थायी आमदनी बढ़ेगी और न ही पूरी प्रणाली का आधुनिकीकरण संभव हो पायेगा । इस बजट में सुरक्षा कार्यों पर 2110 करोड़ रूपये खर्च करने का प्रस्ताव है और रेल मंत्री जी का यह आवश्वासन स्वागतयोग्य है कि पुरानी योजनाओं को पूरा किए बिना नई योजनाओं पर काम शुरू नहीं होगा । परंतु नई रेलवे लाइनों की जितनी मांगें अभी तक लंबित पड़ी है उन पर अभी तक विचार नहीं हुआ है, विस्तार कार्यक्रमों को पूरा करने के लिए मैं अपने संसदीय क्षेत्र अलीगढ़ उ0 प्र0 की रेलवे की कुछ समस्याओं से आपको अवगत करा रही हूं । आपसे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप मेरे संसदीय क्षेत्र की जनता के हित को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित सुझावों पर विनम्रता पूर्वक विचार करने की कृपा करेंगे ।

1. मैं अलीगढ़ संसदीय क्षेत्र का चौथी बार प्रतिनिधित्व कर रही हूं । अतः गत 11 र्वाों के अंतराल में मैं आपका ध्यान अलीगढ़-दिल्ली के बीच यात्री रेल सुविधाओं एवं रेलवे से संबंधित मामलों को सदन में उठाती रही हूं ।
2. अलीगढ़ भारत का ही नहीं अपितु विश्व में एक महान शिक्षा केन्द्र तथा हार्डवेयर एवं ताला उद्योग का महत्वपूर्ण केन्द्र है । अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में बाहर के देशों से अनेक छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त करने आते हैं । माल की आवा-जाही बहुत है । नगर से राजधानी एवंर गाजियाबाद के लिए प्रतिदिन भारी संख्या में लोग आते-जाते हैं । यद्यपि प्रातः दो ई एम यू तथा एक पैंसिंजर गाड़ी दिल्ली की ओर आती है । परंतु अलीगढ़ से ही इन गाड़ियों में इतनी अधिक भीड़ हो जाती है कि आगे आने वाले स्टेशनों से चढ़ने वाले यात्रियों को बैठने का स्थान ही नहीं मिलता । यहां तक कि खुर्जा के बाद अलीगढ़ वालों को यह कहकर उठा दिया जाता है कि "अलीगढ़ वालों बहुत देर बैठ लिए अब खड़े हो जाओ ।" यदि कोई खड़ा नहीं होता है तो झगड़ा होता है । इससे सभ्रांत नागरिकों तथा विशोकर महिलाओं को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है । अतः मेरा आपसे विशो अनुरोध है कि अलीगढ़ से दिल्ली के बीच एक फास्ट ई. एम. यू. अविलंब चलायी जाय । इस फास्ट ई. एम. यू. को तुरंत चलाए जाने का औचित्य स्वयं महाप्रबंधक उत्तर रेलवे ने स्वीकार किया है ।
3. वर्तमान में चल रही दिल्ली-अलीगढ़ ई एम यू ट्रेन में अधिक भीड़ को देखते हुए कोचों की संख्या अविलंब बढ़ाई जानी चाहिए वर्तमान में केवल 12 कोच हैं, जिसे 16 कोच कराया जाए तथा डीके- 2 को अलीगढ़ तक बढ़ाया जाय ।
4. एक ई एम यू ट्रेन अलीगढ़/ दिल्ली लगभग सांयकाल 3 या 4 बजे चलायी जाए जिससे दिल्ली एवं आगे जाने वाले यात्रियों को सुविधा प्राप्त हो सके, वही ट्रेन शाम को 7.30 बजे वापस देहली से अलीगढ़ आये ताकि ऑफिस देर से छूटने वाले यात्रियों को सुविधा मिलसके ।
5. मेरे आग्रह एवं अलीगढ़ की जनता की आवश्यकताओं को दृटिगत रखते हुए अलीगढ़ जंक्शन को एक मोडल स्टेशन के रूप में उन्नयन किए जाने का प्रस्ताव है । इस कार्य के लिए बजट में यथानुकूल धनराशि का प्रावधान किया गया है और इस दिशा में कार्य भी प्रारंभ हो गया है । जिसके लिए मैं, माननीय मंत्री जी का धन्यवाद देती हूं, इससे शहर की ओर मालगोदाम की तरफ रेलवे की खाली जगह से ई एम यू गाड़ियों को आने जाने की सुविधा के साथ-साथ कार की पार्किंग आदि की सुविधा के लिए रेल मंत्रालय से स्वीकृति प्रदान है उसे शीघ्रताशीघ्र प्रारंभ कराने की कृपा करें ।
6. विदित हो कि अलीगढ़ से बरेली लाइन पर राजघाट-बबराला स्टेशन के पास से पवित्र गंगा नदी प्रवाहित होती है । प्रत्येक माह यहाँ से भारी संख्या में लोग गंगा स्नान को जाते हैं विशो कर पूर्णिमा व अमावस्या तथा अन्य पर्वो पर । अंग्रेजों के समय में लोगों की गंगा-स्नान की धार्मिक भावना को ध्यान में रखते हुए स्पेशल गाड़ियों का प्रबंध किया जाता था । साथ ही प्रातःकाल राजघाट-बवराला को रेल गाड़ी चलती थी और रशाम को उधर से वापिस आती थी । अलीगढ़ वासियों की

यह बहुत पुरानी मांग है । अतः अलीगढ़ से राजघाट-बवराला के बीच एक रेलगाड़ी चलायी जाय जिसे चन्दौसी तक बढ़ाया जा सकता है और विशो पर्वो पर मेला स्पेशल चलायी जाए । इस दिशा में अलीगढ़-बरेली इण्टर सिटी एक्सप्रेस चलाकर भी इस सुविधा को उपलब्ध कराया जा सकता है ।

7. अलीगढ़-दिल्ली के बीच गाड़ियों का आवागमन काफी है यदि एक और ट्रैक का प्रोविजन हो जाये तो रेलों का आवागमन सुचारू रूप से हो जाएगा साथ ही ई एम यू ट्रेनों के फेरे भी बढ़ाए जा सकते हैं इससे प्रतिदिन आने वाले यात्रियों की सुविधा हो जाएगी ।
8. माननीय अध्यक्ष जी, आपके माध्यम से मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान कुछ रचनात्मक तथ्यों की ओर आकर्ाित करना चाहूंगीः-

(क) अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नं0 2 एक मुख्य प्लेटफार्म है, जो काफी पतला एवं चौड़ाई में बहुत छोटा है, जिसके कारण यात्रियों को भीड़ की अधिकता के कारण चढ़ने और उतरने में अत्यधिक परेशानी होती है । ऐसी स्थिति में कई दुर्घटनाएं भी हुई हैं । इसके लिए मेरा सुझाव है कि प्लेटफार्म नं. 2 के रेलवे ट्रैक के स्थान पर चौड़ाई में प्लेटफार्म ओग तक बढ़ा दिया जाय तथा प्लेटफार्म नं0 2 की ट्रेनों के लिए प्लेटफार्म नं0 3 के रेल ट्रैक का उपयोग किया जाए । आप इसका सर्वे करवा लें । प्लेटफार्म नं0 2 की लंबाई हावड़ा की तरफ तो बढ़ा दी गयी है किन्तु शेड नहीं बढ़ाये गये हैं, जिससे वर्ा में आने एवं जाने वाले यात्रियों को असुविधा होती है इसलिए मंत्रीजी से अनुरोध है कि शेड बढ़ाए जाएं ।

(ख) अलीगढ़ पुराने नगर की ओर माल गोदाम के पास कुछ पुराने जर्जर क्वार्टर बने हैं । उन क्वाटर्स को तुड़वा कर उस स्थान पर रेल यात्रियों की सुविधा के लिए वेटिंग रूप बनाया जाय तथा सिटी बुकिंग आफिस का विस्तार किया जाय ।

(ग) इसी क्रम में पुराने माइक्रोवेव टावर तथा पूर्वी केबिन के बीच बने रिहायशी जगह पर पार्क की सुविधा उपलब्ध करायी जाय तथा पान दरीबा की ओर सड़क मार्ग के किनारे दुकानों का प्रस्ताव काफी समय से लंबित है, जिसे शीघ्र अनुमति प्रदान करें, इससे रेलवे का राजस्व भी बढ़ेगा । स्टेशन पर साईकिल स्टैण्ड काफी लंबे समय से बंद है उसके बगल में पुराना माइक्रोवेव टावर अब कार्यरत नहीं है अतः इसके स्थान पर पुराने साइकिल स्टेंड का विस्तार कर दिया जाए तथा साईकिल स्टैंड शीघ्र चालू किया जाए । इससे नौकरी करने वाले डेली यात्रियों को साईकिल आदि खड़ी करने की सुविधा मिलेगी जिससे रेलवे राजस्व बढ़ेगा ।

(घ) रेल कर्मचारियों की आवासीय सुविधा के लिए बदरबाग तथा जेल के पास रेलवे क्वाटर्स बनवाये जायें ।

(ड.) पुराने कठपुला के पास अंग्रेजों के जमाने से ड्राइवर एवं गार्डों की आवासीय सुविधा के लिए रनिंग रूम काफी जर्जर अवस्था में है वहां जगह काफी है, इसमें मल्टी स्टोरीड आवासीय फ्लैट बनाये जा सकते हैं । रेलवे कर्मचारियों ने इस संबंध में पहल की है ।

(च) पुराने कठपुला के पास रेलवे ट्रैक से सटे कुछ पुराने जर्जर हालत के क्वार्टर बने हैं । नियोजन की दृटि से इस स्थान पर इन क्वार्टरों का कोई भी औचित्य नहीं है । अतः इस स्थान पर रेल ट्रैक का ही विस्तार किया जाय ।

(छ) वर्तमान में भीड़ को देखते हुए आरक्षण काउण्टर बढ़ाने के साथ-साथ वहीं पर एक पूछताछ काउण्टर की भी अति आवश्यकता है । जिससे यात्रियों को आरक्षण संबंधी स्थिति का पता चल सके ।

(ज) प्लेटफार्म नं0 3 व 4 पर जाने व शहर के दोनों तरफ आने एवं जाने वाला पुल काफी छोटा एवं पुराना हो चुका है तथा हिलता भी है, जिससे कभी भी टूटने का भय लगा रहता है । अतः प्लेटफार्म नंबर 3 व 4 पर जाने हेतु हावड़ा की तरफ एक नये पैदल पुल का शीघ्र निर्माण किया जाय ।

(झ) प्रशिक्षित कर्मचारियों की नियुक्ति न होने के कारण यात्रियों को काफी असुविधा हो रही है । अलीगढ़ स्टेशन पर 2030 कर्मचारियों की कमी है, अतः अलीगढ़ स्टेशन पर समुचित कर्मचारियों की नियुक्ति की जाये ।

9. मेरे 6 साल के प्रयासों के बाद माननीय मंत्रीजी द्वारा अलीगढ़ में दिल्ली-लखनऊ शताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव दिया गया, जिसके लिए मैं माननीय मंत्री जी को हार्दिक बधाई व धन्यवाद देती हूं ।
10. मैं यात्रियों की सुविधा हेतु दो एक्सप्रेस गाड़ियों लिच्छिवी एक्सप्रेस एवं पुरूोत्तम एक्सप्रेस के अलीगढ़ स्टेशन पर ठहराव की मांग करती आ रही हूं । अतः मेरा आपसे विशो अनुरोध है कि इन गाड़ियों का अलीगढ़ पर ठहराव सुनिश्चित कराया जाए ।
11. बरेली/दादर 4314/4313 एक्सप्रेस जो सप्ताह में केवल शनिवार को वााँ से चल रही है को कम से कम सप्ताह में तीन दिन किया जाना चाहिए जिस पर यात्रियों को कम चालन के कारण काफी कठिनाई हो रही है । इस ट्रेन में वेटिंग लिस्ट सबसे अधिक होती है ।
12. दिल्ली स्टेशन पर खड़ी रहने वाली जम्मू मेल को अलीगढ़ तक बढ़ाने से जम्मू तथा वैणों देवी के दर्शनार्थ जाने वाले यात्रियों को काफी सुविधा होगी जो वर्तमान में नहीं है ।
13. पहले दोपहर में एक सवारी गाड़ी सीधे दिल्ली/आगरा कैण्ट चलती थी, जिसके स्थान पर .ई एम. यू. चलाई गई जो कानुपर तक जाती है और उसके प्रायः लेट रहने के कारण टूण्डला में आगरा जाने हेतु कोई कनैक्शन नहीं मिलता है । ई. एम. यू. का टाईम इस प्रकार सैट किया जाय ताकि टूण्डला से आगरा जाने वालों को सुविधा मिल सके ।
14. सबसे महत्व की बात यह है कि अलीगढ़ शहर की जी. टी. रोड के लिए भारी वाहनों के आवागमन हेतु केन्द्र व प्रदेश सरकार, अलीगढ़ के चारों ओर ट्रैफिक को आने जाने की सुविधा के लिए बाई पास बनवा रही है वहां पर दो स्थान पर रेल वे क्रासिंग आती है, जिसमें से गेट नम्बर- 112 सी/3 पर पुल निर्माण की स्वीकृति मंत्रालय द्वारा प्रदान कर दी गयी है, जिसके लिए मैं माननीय मंत्री जी का धन्यवाद देती हूं, साथ ही अनुरोध करती हूं कि अवशो एक रेलवे क्रासिंग सं0 105-सी पर उपरगामी सेतु का निर्माण किया जाय । क्योंकि जो रेल लाईन अलीगढ़ होकर जाती है वह दिल्ली से कलकत्ता की लाईन है और जिस पर 24 घण्टे में कम से कम 200 ट्रेनों का आवागमन होता है ।

अंत में मैं पुनः एक बार माननीय रेल मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट का पुरजोर समर्थन करती हूं और जनहित में ऐसे अच्छे संतुलित बजट के लिए हार्दिक धन्यवाद देती हूँ ।

***SHRI S. MURUGESAN (TENKASI) :**

I wish to lay on the Table of the House my speech on railway budget for the year 2002-2003.

Certain Railway projects are pending in my constituency for a long time which need to be addressed to on priority basis.

Allocation of adequate funds for conversion of Virudhuinagar- Quilon and Tirunelveli − tenkasi into broadgauge and early completion.

Introduction of a new train from Sengottah to Chennai Via Madurai.

Introduction of a new train from Madurai − Mumbai via Tenkasi, sengottah and Quilon which would considerably reduce the distance to Mumbai.

Facilities for booking of tickets through computer from Tenkasi with connectivity to important centers in the country.

Construction of a railway gate at Sundaresapuram railway line in Kadayanallur assembly constituency of Tenkasi Parliamentary Constituency.

Construction of an overbridge near the railway gate at Pavoor Chathiram in Tenkasi-Tirunelveli highway.

Construction of a new broadgague railway line from Courtallam to Kanyakumari Via Tenkasi, Ambasamudram, Valliyur , Panangudi.

*Speech was speech was laid on the Table.

I already represented for formation of new Railway Line in between Kadayanallur to Sankarankoil via Puliyangudi which is only 8 kms and covers over one lakh population.

Sir, I wish to appeal to Hon'ble Railway Minister, through you, to allocate adequate funds for early completion of already approved projects and ordering survey at the earliest for the new projects.

श्री तूफानी सरोज (सैदपुर) : माननीय सभापति जी, मैं रेल बजट 2002-03 का पुरजोर विरोध करने के लिए खड़ा हुआ हूं। पुरजोर विरोध इसलिए कर रहा हूं क्योंकि देश के सबसे बड़े प्रान्त की सबसे बड़ी और घनी आबादी वाले क्षेत्र पूर्वी उत्तर प्रदेश की घोर उपेक्षा की गई है। इस बार पूर्वान्चल के पूर्वी उत्तर प्रदेश का ध्यान रेल बजट पर था इसमें मऊ, बलिया, आजमगढ़ और वाराणसी के लोगों के दिमाग में विशे रूप से यह था कि इस बार मंत्री महोदय रेल बजट में औरैया से जौनपुर मीटरगेज रेल लाइन को ब्रॉडगेज में बदलने की व्यवस्था अवश्य करेंगे, लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी।

मान्यवर, मैंने इस बारे में स्वयं व्यक्तिगत तौर पर मिलकर और आवेदन कर के तथा सदन के माध्यम से क्षेत्र की जनता का ध्यान मंत्री जी की तरफ दिलाया था। औरैया से जौनपुर चार बार रेलगाड़ी आती थी और जाती थी। पूरी रेल खड़ी रहती थी, लेकिन आज रेल गाड़ी को बन्द कर के रेल-बस की व्यवस्था की गई है जिसमें बड़ी मुश्किल से 75 लोग ही बैठ पाते हैं और गर्मी के मौसम में जब प्राइवेट गाड़ियां शादी विवाह में बुक हो जाती हैं तब क्षेत्रीय जनता को बड़ी ही परेशानी का सामना करना पड़ता है।

महोदय, मैं उक्त मीटर गेज लाइन को ब्रॉड गेज में परिवर्तित करने की याचिका करने हेतु याचिका समिति में भी यह मामला लेकर गया था और याचिका समिति में बतौर विटनैस यातायात रेलवे बोर्ड के अधिकारियों को बुलाया गया था। मैं भी वहां उपस्थित था। समिति के समक्ष रेलवे बोर्ड के अधिकारियों ने यह स्वीकार किया था कि यह रेल लाइन बनना अत्यावश्यक है और इस मीटर गेज लाइन को ब्रॉड गेज लाइन में परिवर्तित किया जाए, लेकिन अभी तक उसे परिवर्तित करने का प्रयत्न नहीं किया गया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश सबसे घनी आबादी वाला क्षेत्र है जहां कम से कम 5 लाख लोग उससे लाभान्वित होते हैं। उसकी तरफ ध्यान नहीं दिया गया है। इसलिए मैं इस बजट को पूर्ण रूप से दिशाहीन करार देता हूं।

महोदय, माननीय रेल मंत्री जी ने पश्चिम दिशा में खड़े होकर सूर्योदय देखने का काम किया है। मालभाड़े व द्वितीय श्रेणी के यात्रियों के किराए में वृद्धि कर के गरीब जनता के ऊपर बोझ डाला गया है। मालभाड़े में वृद्धि से सामान्य तौर पर सभी प्रकार की सामग्री का भाव बढ़ेगा जिससे आने वाले समय में उपभोक्ताओं के जीवन में काम आने वाली आवश्यक वस्तुओं के दामों पर विशे रूप से असर पड़ेगा। राजधानी और शताब्दी रेल गाडियों के किरायों में वृद्धि नहीं की गई है। उच्च श्रेणी के रेल किरायों में वृद्धि न कर के उच्च श्रेणी के लोगों की ओर विशे ध्यान दिया गया, प्रतीत होता है।

सभापति महोदय : आप कुछ सुझाव तो दीजिए।

â€¦ (व्यवधान)

श्री तूफानी सरोज : सभापति जी, हम सुझाव भी देंगे लेकिन पहले मैं अपनी बात तो कह दूं। बजट में पूर्वांचल की घोर उपेक्षा हुई है। रेल लाइन को मीटरगेज से ब्रॉडगेज में परिवर्तित करने की बात इस सदन में कई बार उठाई गई है लेकिन उसमें पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया गया है। आप पहले मुझे अपने कट को कह लेने दीजिए, उसके बाद मैं अपने सुझाव दूंगा। वैसे सुझाव तो सब लोगों ने दिये हैं। इस रेल बजट का सभी ने स्वागत भी किया है लेकिन पहली बार ऐसा हुआ है, पहले आप मेरे दर्द को तो सुन लीजिए कि 7 से 14 परसेंट की जो वृद्धि सामान्य यात्री किराये में की गई है, पहले यह वृद्धि उच्च श्रेणी के यात्रियों के किराये में की जाती थी लेकिन पहली बार द्वितीय श्रेणी के यात्री किराये में वृद्धि की गई है। द्वितीय श्रेणी के जो यात्री हैं, वे ट्रेन में जानवरों की तरह यात्रा करते हैं। वे डिब्बे में ठुसे रहते हैं। बाथरूम और संडास तक उनसे भरा रहता है। इस वजह से माता या बहनों को जरूरत पड़ने पर संडास या बाथरूम जाने में भी तकलीफ होती है। उनके इस दुख-दर्द

की तरफ किसी ने ध्यान नहीं दिया है।

पूर्वी उत्तर प्रदेश में जब स्वर्गीय कमलापति त्रिपाठी थे तब उन्होंने कुछ ध्यान दिया था लेकिन इसके बाद कोई ध्यान नहीं दिया गया है। तारीघाट से मऊ तक रेल लाइन बिछाने के लिए 1992-93 में एक सर्वे हुआ था लेकिन आज उसका कुछ पता नहीं है। इसके अलावा माननीय प्रधान मंत्री जी ने 1 करोड़ लोगों को नौकरी देने की बात कही थी लेकिन नौकरी देने की बात तो दूर रही, वी.आर.एस. के अन्तर्गत छटनी करके रेलवे में 17 लाख कर्मचारियों की जगह 14 लाख कर्मचारी कर दिये हैं। गरीब परिवारों से संबंधित तीसरी और चौथी श्रेणी के कर्मचारियों को हटाया गया है। उच्च श्रेणी के एक भी कर्मचारी को नहीं हटाया गया है।

इसके अलावा तीसरी और चौथी श्रेणी के कर्मचारियों के रहने के लिए यद्यपि 60 हजार क्वार्टर्स की व्यवस्था की गई है, लेकिन आज उन क्वार्टर्स की देखभाल ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है। उनकी स्थिति बहुत ही दयनीय है। उसकी देख-रेख के लिए सरकार कोई व्यवस्था नहीं कर रही है। केवल उच्च श्रेणी के कर्मचारियों की तरफ ही सरकार का पूर्ण रूप से ध्यान है।

रेलवे हास्पिटल, वाराणसी की तरफ मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं क्योंकि मैं उसी क्षेत्र से आता हूं। रेलवे हास्पिटल, वाराणसी में स्टॉफ की कमी तो है ही लेकिन इसके साथ-साथ वहां दवा की व्यवस्था ठीक ढंग से नहीं हो पाती।

सभापति महोदय : आप संक्षेप में अपनी बात कहिये क्योंकि और भी कई माननीय सदस्यों को इस चर्चा में भाग लेना है।

श्री तूफानी सरोज : सभापति जी, मेरा सुझाव है कि रेलवे में रेलवे केटरिंग पैटर्न निगम बनाया गया है जिसका काम खान-पान में संचालन करना है। मेरा कहना है कि इस विभाग ने केवल ठेकेदारी प्रथा शुरू कर दी है। बड़े पैमाने पर ठेकेदारी दी जा रही है। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूं कि वाराणसी से नई दिल्ली के लिए रोज एक राजधानी एक्सप्रैस चलाने की आप व्यवस्था करें। क्षेत्रीये जनता की मांग है कि क्षेत्र में ज्यादातर लोग कोलकत्ता में नौकरी करने के लिए जाते हैं इसलिए वहां वाराणसी से हावड़ा तक के लिए एक नयी रेलगाड़ी चालू करने की व्यवस्था की जाये।

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (CALCUTTA NORTH WEST): Sir, this year happens to be the 150th year of Indian Railways. The Railways are celebrating this year by taxing the common people and it would collect Rs.910 crore through increase in Railway fare. A few months back, 10 per cent surcharge was imposed and now they are going to collect Rs.910 crore.

Sir, the Budget is an holistic document. When the hon. Railway Minister presented this Budget to the House, he succeeded in befooling the House. Nobody could know exactly where and how much increase has been made. Even many newspapers were also perplexed with the speech of the hon. Minister.

He has said that the minimum fare for the ordinary second class trains is proposed to be increased from Rs.3 to Rs.4. If any fare increases from Rs.3 to Rs.4, what does it come to percentage-wise? It comes to 33 per cent increase. Has it been published anywhere? The Trinamool Congress in principle has always been opposed to any such decision that causes tremendous difficulty to the common people, particularly the down-trodden and the lower middle-class people. This price hike has hit that level, by which Rs.910 crore is proposed to be collected. Rs.450 crore is going to be collected from freight charges.

I would like to mention here the change in the freight of the edible salt and how it has been increased. One wagon carrying 54 to 55 metric tonnes of salt from Gandhidham to Chitpur which is in my constituency in Kolkata will now be charged Rs.1 lakh from the previous level of Rs.60,000. It means, it will be increased by Rs.40,000. I will hand over this paper to the hon. Minister, so that he could clarify when he replies as to how far I am correct in my facts and figures.

Charges for loading and unloading from Gandhidham to Malda town covering a distance of 2379 kms. have been increased by 156 per cent. From Naucity to Malda town covering a distance of 1714 kms., it has been increased by 127 per cent. From Chirai to Chitpur covering a distance of 2374 kms., it has been increased by 156 per cent.

So, any such decision announced in the Budget proposals and especially insofar as edible salt is concerned hits each and every family of the country and the poorest of the poor are badly affected. The same is the case with urea also. I was listening to hon. Members from the Congress Benches. To my utter surprise, they were so satisfied with the Budget, they were so overwhelmingly reacting to the Budget proposals that I wondered as to who will talk about the poorest of the poor people and who will tell them as to what is going to happen to them. Therefore, we totally oppose it and request the hon. Minister to withdraw the hike in a few cases wherever common people are affected insofar as the increase in freight charges to this extraordinary level is concerned.

We are concerned about the safety and security. The Prime Minister along with the Finance Minister has provided Rs.17,000 crore for the safety and security. For this, Rs.12,000 crore will be provided in the next six years and Rs.5,000 crore will be collected through surcharge by the Railway Ministry. Have the Railways made a Master Plan for this? Would any diversification of fund take place out of this budgetary support? Because in the last two years there has been no budgetary support from the Finance Ministry to the Railway Ministry. There were proposals for better safety and security. But the Finance Ministry did not spare a single penny and therefore the demand has cropped up to Rs.17,000 crore now for safety and security. I would like to know from the hon. Minister whether my complaints are correct.

I would appreciate the performance of public sector undertakings attached to the Railways in the year 2000-01. They were doing well; but what happened to them? Now the public sector undertakings are facing tremendous

threat of disinvestment throughout the country.

Even profit-making public sector undertakings are under threat. Now what was the performance in 2000-01? It has been mentioned in the Railway Minister's speech. It is not that I am quoting it myself. IRCON International made a net profit of about Rs.66 crore. RITES (Rail India Technical and Economic Services) made a net profit of Rs.15 crore. CONCOR (Container Corporation of India Limited) made a profit of Rs.217 crore and also paid a dividend of Rs.43.54 crore. The Indian Railway Finance Corporation earned a net profit of Rs.238 crore. All this happened in 1980-81. We are fully satisfied with the performance of the Railway public sector undertakings which are proceeding with their profit-making process and we positively believe that these undertakings will never be handed over to the private sector. We want this to be assured by the Railway Minister. JESSOP is a unit in Bengal which used to make wagons. It was a public sector undertaking and only against a price of Rs.18 crore, it has been recently handed over to a strategic partner in spite of the fact that it was fully engaged with the production arrangements for the Railways.

We are concerned with safety and security. Huge amount has been deposited. Earlier, when railway accidents took place, many Committees and Inquiry Commissions were announced in 1962, 1968 and 1978. Lastly, Khanna Committee was announced. But where are the actual reports? Where does it go? Are they thrown out in the waste paper boxes? What are the main reasons for accidents? I would say that human error is one of the causes for accidents. Mechanical fault and administrative callousness may be one of the reasons for accidents. Technical fault may be one of the reasons for accidents. But unfortunately, after inquiry, when all the reports are placed before the Ministry and the Government, long periods have already lapsed. These should be not taken for granted. I hope the Railway Minister will take all precautionary measures when he would launch a massive programme to see that safety and security of the railway passengers are taken care of properly.

Then, track renewal is due since years and it is pending. We are keen to know in what capacity and manner this Master Plan is going to be set up. When Shri Nitish Kumar was the Railway Minister earlier, he published a White Paper. Many things were published on this issue. We are keen to know whether the Action Taken Reports of different Commissions alongwith the steps taken by the Government as follow-up measures will be tabled in the House or not.

Accountability of the Railway Department is to be fixed. They still require austerity. There are saloon systems in the trains. I have seen the Minister travelling in the three-tier sleeper class and in the same train, the Chairman of the Railway Board was travelling in the saloon car while going to see a site of an accident in Punjab. I have seen with my own eyes. But these things happen. How much is the cost per saloon? We have saloons used for many occasions and not always for official purposes. These are matters of luxury taking place on many occasions.

So, these aspects have to be dealt with firmly. Austerity is one of the most important steps to be taken by the Government. Expenditure management of the Department is urgently required. Unless expenditure management is properly done, whatever money we collect, either through taxation or in the name of revenue collection and raise the plan outlay to Rs. 12,000 crore, it would not be useful. We have to see where we stand. Proper planning for expenditure management is very broadly required so far as Railway finance is concerned.

I would like to speak about the Railtel Corporation. Shri Sam Pitroda is an expert on this subject. When Shri Rajiv Gandhi was the Prime Minister, he brought an enthusiastic approach in the country so far as communication system is concerned. Shri Sam Pitroda was invited from abroad, this topic was discussed and a Corporation was created. I would like to know whether Railtel has totally been withdrawn. I would like to know whether it still exists. What is the reason that a person like Shri Sam Pitroda, who was totally involved in this subject, without any fees or monetary benefit, had to go back? We are very anxious that track renewal, modernisation, research and analytical development should take place properly. Poor people have been burdened. Monetary collection will be there. But are these funds properly utilised? Austerity is broadly required. It is on record that Government has got more than Rs. 700 crore. I believe the hon. Minister will try to give a very positive reply when he responds to the debate. After he presented the Budget, I saw that the Minister of Parliamentary Affairs came and embraced him and said, `कहां से तुम इस बजट में 910 करोड़ रुपए का टैक्सेशन ले आए, मैं तो समझ नहीं पाया। हम सबका भी यही हाल हुआ था। आज भी सदन में उसी हाल का प्रोजेक्शन हुआ है। We have been taxed up to maximum possible level. जब जनरल बजट में कुछ चीजों के भाव बढ़ाए गए, जैसे एल.पी. जी. के और कैरोसिन आयल के तो हमने विरोध किया था। इसके बारे में भी हम अपना विरोध दर्ज कराते हैं। संसदीय लोकतंत्र में हम लोग सरकार के साथ हैं, लेकिन कुछ वियों में हमारे आब्जेक्शंस भी हैं। I do not oppose the Budget.

*** श्री किशन लाल दिलेर (हाथरस) %**

आज बजट करोड़ों करोड़ रुपये का पास किया जा रहा है क्योंकि आपने जिस योग्यता पूर्वक सारे देश पर ध्यान देकर रेलवे विभाग में विकास की प्रगति की है वह सराहनीय है । हमारे यहां अलीगढ़ हाथरस में प्रगति की झलक नहीं आई है । हमारे दोनों जिलों की कुछ जनता की समस्या हैं जिन्हें मैं प्रस्तुत कर रहा हूं । आशा है निम्नांकित समस्याओं का समाधान अवश्य करेंगे :-

1. हाथरस सिटी में क्रॉसिंग पर सड़क पुल का निर्माण - क्योंकि इस फाटक पर मेरठ, हापुड़, गाजियाबाद, बुलन्दशहर, खुर्जा, बरेली, अलीगढ़ से आगरा तथा भरतपुर को आवागमन होता है, जनता बहुत परेशान है । घंटों तक वाहन खड़े रहते हैं । शहर की दोनों तरफ जनता परेशान होती है । अगर इस पुल का निर्माण हो जाता है तो जनता को राहत हो जाएगी ।
2. हाथरस जंक्शन पर बरौनी एक्सप्रेस तथा प्रयागराज एक्सप्रेस स्टॉपेज करने को स्वीकृति प्रदान करें ताकि जनता को राहत मिल सके ।

----

* सभा पटल पर रखा गया ।

***DR. C. KRISHNAN (POLLACHI) :**

I wish to say the following things of importance in respect of railway facilities required in my constituency Pollachi, Coimbatore District, Tamilnadu.

Pollachi is a place which is connected by only meter gauge from Coimbatore (Podanur) to Dindugal via Palani, the famous pilgrimage centre of Tamilnadu. Conversion of this length of meter gauge rail to broad gauge is a long pending dire necessity of the people of Pollachi and neighbouring villages. Pollachi, consists of Textile mills, Small Scale Industries, Agro-based business markets, pilgrim, and Tourists places (Anaimalai Wild Life sanctury). Being a very big business centre in industry as well as coconut oriented products lack of broad gauge connection is a disgust for my constituency. Preliminary works of conversion has already been done during 2001-2002. But this time nothing has been announced in Railway Budget to take up this gauge conversion project.

I request also as per the public request two new trains to be introduced between Coimbatore to Tirunelveli (via Pollachi) and Coimbatore to Tiruchendur (via Pollachi).

Thiruchendur is a holy temple city of 'Lord Muruga', there is no train facilities to Thiruchendur via Pollachi. Tirunelveli is a very big market centre where the entire agricultural products are transported from Pollachi and Coimbatore.

I shall be grateful if you could kindly introduce two new trains on the above routes and I also request you to kindly expedite the conversion of meter gauge into broad-gauge between Coimbatore to Dindugal via Pollachi at the earliest.

*Speech was speech was laid on the Table.

I request also to sanction three over-bridges in my native place (Udumalpet, Coimbatiore District):-

1. Udumalpet-Dhalli Road Rail Crossing
2. Ramasamy Nagar-Udumalpet Rail Crossing
3. Pollachi to Valparai Road Rail Crossing. These are all very highly populated area with heavy traffic.

Kindly take up the project of Mysore Samaraj Nahar via Dharapuram to Palani via Sathyamangalam. This Railway line was thought of and was planned during the British period and it is in the very initial stages only for the past more than 60 years. This will connect major business centers and townships in my constituency.

***SHRI SHIVAJI MANE (HINGOLI) :** I am hereby standing to support the Railway Budget proposed by the Hon'ble Railway Minister for the year 2002-2003. This Budget is good for the Urban areas. No burden has been imposed on the poor and general public.

I am very thankful for starting 16 Jan-Satabadi Inter-city service and 25 additional Express trains in this budget.

There is growth in computerization Pilot scheme to connect all the main District places.

The Railway Minister has not allocated sufficient funds/amount for the 'Akola Purna Project' in my Constituency, which was sanctioned in the year 1999-2000. This project is beneficial for the infrastructural development of Marathwara Region. In this Budget only Rs. 10 crores have been allocated for guage conversion project, whereas this project's cost is Rs. 235 crores. The provision of Rs. 10 crores for the above project is very meagre and it will take many more years to complete the project. So, my humble request to the Hon'ble Minister is to allocate sufficient amount for the Akola Purna Gauge Conversion project.

Sir, there is another project in my constituency which is also very important for the development of Marathwara Region and to increase the infrastructure in Marathwara − Mudkhed-Adilabad gauge conversion, which was sanctioned in the year 1985-86. Unfortunately, this project has not been completed so far and for that

*Speech was speech was laid on the Table.

purpose, I along with the other Delegation Members met the Hon'ble Minister repeatedly to sanction sufficient amount in the Budget for the completion of Guage conversion. If these projects are completed it will also be helpful to the Marathwara Electricity Board and the goods trains which transport Coal from the Coal Mines under Parki Yojna Thermal Power Station in Bad district. There will be a saving of 400 kms distance. Thus, it will save time and money and the Maharashtra State will save more than Rs. 150 crores per annum as it is the shortest route − Mudkhed-Adilabad-Hyderabad-Nagpur.

In the last Budget Railway Minister made announcement regarding computerization of all District Railway Stations but in my constituency 'Hingoli" District there is no computerisation facility.

Sir, in the last year when we met the Railway Minister, we were assured to start a new train from Mumbai to Nanded but in this budget no announcement has been made about this new train. Hence the people in Marathwara Region are frustrated and angry and they are going for agitation/dharna. To avoid this and to improve the image of the Government, a new train from Mumbai to Nanded should be started w.e.f. 1.4.2002.

Sir. No budget provision has been made for the new Railway lines in remote areas and for modernization of the railways to improve railway revenue. Railway Minister has to introduce new railway lines to find out new market for the remote areas.

Sir, due to heavy fog the railway services get disturbed and the railway is suffering heavy losses on this account. So far no technology has been introduced to face this menace. Due to fog the trains get the delayed and from 15th Dec. 2001 till date approx Rs. 400 crores loss has been suffered by the Railways.

*डा.रामलखन सिंह(भिण्ड) - महोदय, मैं अपना भााण समय की कमी के कारण आपके माध्यम से सभा पटल पर रखना चाहता हूँ । कृपया इसकी अनुमति प्रदान करने की कृपा करें ।

महोदय, मा. रेल मंत्री जी ने जिन विाम परिस्थितयों में एक अच्छा बजट प्रस्तुत किया है निश्चित ही धन्यवाद के पात्र हैं । मैं इस बजट का समर्थन करता हूँ व मंत्री जी को बधाई देता हूँ । महोदय, मैं अपने क्षेत्र के बारे में आपके माध्यम से कुछ निवेदन करना चाहता हूं ।

गुना-इटावा रेल लाईन का कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य 2003 है, लेकिन अभी जिस गति से कार्य चल रहा है उससे नहीं लगता कि समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण हो जाएगा । अतः मेरा निवेदन है कि भिण्ड एक पिछड़ा व डाकू ग्रस्त क्षेत्र है । अतः इस रेलवे लाईन को समय सीमा के अंदर पूरा किया जावे ताकि पूरे क्षेत्र को विकास का पथ मिल सके ।

1998 में आदरणीय प्रधानमंत्री जी ग्वालियर गये थे, उस समय उन्होंने एक नयी रेल लाईन भिण्ड-उरई बरास्ता महोवा घोाित की थी लेकिन इसका सर्वेक्षण कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हुआ । अतः इसका सर्वेक्षण कार्य जल्दी पूरा करा कर बजट आवंटित कर कार्य शुरू कराया जावे ।

दतिया जिले में बसई रेलवे स्टेशन पर पठानकोट एक्सप्रैस रुकती है लेकिन 1995 से उसे बंद कर दिया गया, मैं 1996 से लगातार मांग कर

रहा हूँ लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिली । मा. मंत्री जी ने मुझे मौखिक आश्वासन भी दिया कि मार्च से रूकने लगेगी । अतः पठानकोट एक्सप्रैस को बसई स्टेशन पर 1 अप्रैल से रोका जाए ।

दतिया एक ऐतिहासिक नगर है और यहां पर एक प्रसिद्ध पीताम्बरा पीठ है, जहां सारे देश के लोग आते हैं । अतः यहां की जनता की मांग झेलम एक्सप्रेस को रोकने की होती रही है । अतः एक्सप्रेस को वहां रोका जाए ।

अतः मंत्री जी को पुनः अच्छे बजट के लिए बधाई देते हुए मैं उम्मीद करता हूं कि जो बातें मैंने उठाई हैं, उनको शीघ्र पूरा करेंगे ताकि क्षेत्र का विकास हो सके व जनता को लाभ मिल सके । आपको धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूँ ।

।सभा पटल पर रखा गया ।

। डा0 रमेश चन्द्र तोमर (हापुड़)

महोदय, माननीय रेल मंत्री जी ने जो वर्ा 2002-2003 का बजट पेश किया है उसके समर्थन में बोलने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं । माननीय मंत्री जी रेल यातायात का सबसे बड़ा साधन है । देश के एक कोने से दूसरे कोने तक आने-जाने व माल ढोने के लिए ज्यादातर लोग रेल का सहारा लेते हैं । रेल में यात्रा करना सुखद व आरामदेह है इसलिए ज्यादातर लोग रेल द्वारा यात्रा करते हैं ।

माननीय मंत्री जी आपने अपने बजट में तमाम नये-नये प्रोजेक्ट तथा नयी-नयी गाड़ियां चलाये जाने की घोाणा की है उसका मैं स्वागत करता हूं । मंत्री जी मैं एक दिन लखनऊ से दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस में एक्जीक्यूटिव क्लास में यात्रा कर रहा था । जब एक्जीक्यूटिव क्लास में बैठा तो मुझे ऐसा लगा जैसे कि मैं अपने देश की नहीं पेरिस की यूरो ट्रेन में यात्रा कर रहा हूं । आपने ट्रेन के कम्पार्टमेंट में अच्छी सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा है ।

माननीय मंत्री जी आपने मेरे क्षेत्र में गाजियाबाद से मुरादाबाद लाइन का दोहरीकरण का कार्य प्रारंभ कराया है । गाजियाबाद से मेरठ, सहारनपुर के दोहरीकरण का कार्य प्रारम्भ कराया है । यह कार्य प्रगति पर है ।

माननीय मंत्री जी मैं आपका ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत मोदीनगर, मुरादाबाद व निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की रेल यातायात संबंधी ि वभिन्न समस्याओं की तरफ आकर्ाित करते हुए अनुरोध करना चाहता हूं कि राट्रीय राजधानी क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित मोदीनगर एक औद्योगिक एवं व्यवसायिक तकनीकी शिक्षण केन्द्र है और मुरादनगर हथकरघा वस्त्रोद्योग व गुड़ व्यापार का एक प्रमुख क्षेत्र है । मुरादनगर, मोदीनगर के विभिन्न व्यवसायिक एवं तकनीकी शिक्षण संस्थानों में देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले हजारों छात्र-छात्राएं, प्रबंधन चिकित्सा इंजीनियरिंग एवं अन्य बड़े व्यवसायिक केन्द्रों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जिन्हें जालंधर एक्सप्रेस ट्रेन व उक्त दोनों ट्रेनें जोकि नई दिल्ली से मेरठ होते हुए सहारनपुर-लुधियाना (पंजाब) की ओर जाती हैं, मोदीनगर में न रूकने से इन विद्यार्थियों व अन्य नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है । इसी प्रकार मुरादनगर के वस्त्र निर्माण व्यापारी वर्ग भी उक्त ट्रेनों का स्टापेज न होने से काफी परेशान हैं । सभी को यह ट्रेन पकड़ने के लिए मेरठ अथवा गाजियाबाद जाना पड़ता है जिससे धन व समय का अपव्यय के साथ-साथ असुविधाजनक भी होता है । मोदीनगर से होकर जाने वाली उक्त ट्रेनों का यहां पर स्टापेज बन जाने से राट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस इलाके के लोगों को काफी सुविधा हो जाएगी और इस पर रेल विभाग को अतिरिक्त धन भी खर्च नहीं करना पडेगा ।

। सभा पटल पर रखा गया ।

मोदीनगर, मुरादनगर, दुहाई, गाजियाबाद व दिल्ली के मध्य पर्याप्त रेल यातायात सुविधाओं के अभाववश हजारों दैनिक यात्रियों बसों में या ट्रेनों की छतों पर सवार होकर जोखिम भरी यात्रा के लिए विवश होना पड़ रहा है ।

आपसे मेरा अनुरोध है कि क्षेत्रवासियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मोदीनगर में जालंधर एक्सप्रेस ट्रेन नं. 4681/4682 को मोदीनगर में रूकने तथा मेरठ-नई दिल्ली के मध्य शटल ट्रेन चलाने का निर्देश यथा-शीघ्र देने का कट करें । आशा है आप इस तरफ विशे ध्यान देने की कृपा करेंगे ।

मेरे क्षेत्र की जनता इस बात के लिए माननीय मंत्री जी आपको बहुत बहुत बधाई देती है । आपने जनता को जहां अच्छी रेल सुविधा उपलब्ध करायी है वहीं रेलों में बढती दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा है । मैं आपको इस बात के लिये बधाई देता हूँ कि आपने अपने 2002-2003 के रेल बजट में एक्सीडैंट सैफ्टी फण्ड का जो प्रावधान है वह सराहनीय है ।

माननीय मंत्री जी मैं उ.प्र. के हापुड़ (गाजियाबाद) क्षेत्र से सांसद हूं । मेरा क्षेत्र राट्रीय राजधानी क्षेत्र में आता है और यह दिल्ली की सीमा से सटा हुआ है । दिल्ली से अलीगढ़ तक दर्जनों की संख्या में ईएमयू गाड़ियां चल रही हैं जिन्हें दिल्ली से अलीगढ़ पहुंचने में 3-4 घंटे का समय लगता है । इन गाड़ियों में बच्चे, बूढे, महिलाएं व शुगर पेशेन्ट यात्रा करते हैं । इन गाड़ियों में शौचालय की व्यवस्था न होने से यात्रियों को असुविधा होती है । अतः मैं मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि जहां आपने यात्रियों की अन्य सुविधाओं का ख्याल रखा है वही ईएमयू ट्रेनों में टायलेट की व्यवस्था कराकर यह सुविधा प्रदान करने का कट करें ।

माननीय मंत्री जी गाजियाबाद से दिल्ली लाखों लोग प्रतिदिन यात्रा करते हैं जो व्यापार व नौकरी करने आते हैं लेकिन वर्तमान में जो गाड़ियों की संख्या है वह अपर्याप्त है । अतः मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि कुछ ईएमयू गाड़ियों की संख्या बढ़ाएं । मंत्री जी मेरे यहां पर दिल्ली से गाजियाबाद तक विद्युत चालित ट्रेनें हैं मेरा

क्षेत्र गाजियाबाद से हापुड़ तक तथा गाजियाबाद से मेरठ तक है वहां पर डबल लाइन बनायी जा रही है । आपसे मेरा अनुरोध है कि गाजियाबाद से मेरठ व गाजियाबाद से मुरादाबाद तक इलैक्ट्रीफिकेशन कराएं जिससे कि यहां पर विद्युत चालित ट्रेन चल सकें ।

माननीय रेल मंत्री जी दिल्ली की आबादी बहुत तेज गति से बढ़ती जा रही है । जो लोग ईएमयू ट्रेन से आते जाते हैं उनकी सुविधा हेतु दिल्ली/नई दिल्ली से 100 कि0 मी0 के दायरे में एक-एक सुबह-शाम आने-जाने के लिए फ्लाइंग लोकल ट्रेन चलाये जाने की व्यवस्था करें ताकि रोज आने-जाने वाले लोग थोड़े समय में आ जा सकें ।

गाजियाबाद स्टेशन बहुत बड़ा जंक्शन है यहां पर प्लेटफार्मों की कमी है । इस समस्या के समाधान हेतु इस स्टेशन को मेजर टर्मिनल स्टेशन बनाया जाए तथा निम्नलिखित गाड़ियों का ठहराव गाजियाबाद में किया जाए ।

गाजियाबाद में निम्नलिखित गाड़ियों का ठहराव किया जाएः-

2004. शताब्दी एक्सप्रेस

2816. पुरी एक्सप्रेस

2381-2382 पूर्वा एक्सप्रेस

2303-2304 पूर्वा एक्सप्रेस

8605-8606 स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस

2391-2392 मगध एक्सप्रेस

5206. लक्ष्मी एक्सप्रेस

2801-2802 पुरूोत्तम एक्सप्रेस

2553-2554 वैशाली एक्सप्रेस

2556. नई दिल्ली गोरखपुर एक्सप्रेस

निम्नलिखित गाड़ियों का गाजियाबाद स्टेशन पर जाते समय ठहराव नहीं है । कृपया इन गाड़ियों का जाने में ठहराव किया जाए ।

5622 डाउन नार्थ-ईस्ट एक्सप्रेस

5708 डाउन महाराट्रा कटिहार एक्सप्रेस

4056 डाउन ब्रम्हपुत्र एक्सप्रेस

2418 डाउन प्रयागराज एक्सप्रेस

अन्त में मैं रेल बजट का पुनः समर्थन करता हूं और एक अच्छे बजट के लिए दिल की गहराइयों से रेल मंत्री जी को बधाई देता हूं ।

श्रीमती कान्ति सिंह (बिक्रमगंज) : सभापति महोदय, माननीय रेल मंत्री द्वारा वर्ा 2002-03 के लिए पेश किए गए रेल बजट पर हम चर्चा कर रहे हैं। भारत में रेल सेवा शुरू हुए 150 वर्ा इस साल पूरे हो रहे हैं। मंत्री जी ने अपने रेल बजट में कहा है कि वे इस वर्ा को "यात्री सुविधा वर्ा" के रूप में मनाने जा रहे हैं। भारतीय रेल देश में यातायात की सबसे बड़ी संस्था है। इस देश में लाखों-करोड़ लोग रेल से यात्रा करते हैं। लेकिन उन्होंने जो रेल सुविधाएं देने की बात कही है, लगता है वह सिर्फ प्रथम श्रेणी और वातानुकूलित श्रेणी के यात्रियों के लिए ही दी गई है और इन्हीं श्रेणियों में यात्रा करने वाले लोगों के लिए यात्री सुविधा वर्ा मनाने की बात कही गई है। इस देश के करोड़ों लोग, जो गरीब तबके के हैं, उनकी सुविधा को इसमें नहीं देखा गया है और यह वर्ा उनकी सुविधा वर्ा के रूप में मनाने का मंत्री जी ने संकल्प लिया है।

यात्री भाड़े में पांच प्रतिशत से लेकर 14 प्रतिशत तक की वृद्धि की गई है। मालभाडे में 123 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। जहां तक नमक का सवाल है, पहले भी बहुत सारे सदस्यों ने कहा कि नमक ऐसी चीज है कि गरीब व्यक्ति अगर रोटी भी बनाता है या चावल बनाता है तो नमक के सहारे अपना भोजन कर लेता है यदि उसे सब्जी या दाल उपबल्ध नहीं होती है तो नमक के सहारे अपना भोजन कर लेता है। लेकिन नमक पर 283 रुपया प्रति टन मालभाड़ा था, उसे बढ़ाकर 632 रुपया प्रति टन कर दिया गया तो आम जनता किसके साथ खाएगी? मालभाड़े में और भी वृद्धि की गई। हरी सब्जी, तेल और दालचीनी ऐसी बहुत सारी चीजें जो इंसान के लिए बुनियादी जरुरतें हैं, उन सबके भाड़े में वृद्धि की गई है।

यूरिया पर 6 प्रतिशत पहले से बढ़ोतरी की गई थी। किसान पहले ही मरा जा रहा था तो बढ़ोतरी करके उस पर और भार डाल दिया गया है। मंत्री जी, आप तो पहले कृा मंत्री भी थे, किसान के क्षेत्र से भी आते हैं। बड़े दुखदर्द वाले कहे जाते हैं, किसान के प्रति सहानुभूति रखने वाले मंत्री हैं। मैं आपसे पूछना चाहती हूं कि यूरिया के भाड़े में, उर्वरक के भाड़े में बढ़ोतरी करके क्या किसान के प्रति यह सहानुभूति प्रकट कर रहे हैं?

जो महिलाओं से संबंधित है यानि घर और गृहिणियों को घर चलाना पड़ता है तो तेल चीनी और दाल इत्यादि में वृद्धि करके महिलाओं पर भी बोझ डालने का काम

किया गया है। चूंकि इन सारी चीजों की व्यवस्था महिलाएं ही करती हैं, पुरुा वर्ग तो कमाकर ला देते हैं, इस तरह से गृहिणियों पर आपने भार डालने का कार्य किया है। कहा जा रहा है कि राजस्व की वसूली से 1360 करोड़ रुपये के राजस्व की प्राप्ति होगी लेकिन 1360 करोड़ रुपये के राजस्व की प्राप्ति के चलते हम गरीब तबके के जो लोग हैं, उन पर बोझ डालते चले जाएंगे। आम बजट में भी यही किया गया। राशन तेल में वृद्धि की गई, गैस के दाम में भी वृद्धि की गई। क्या चारों तरफ से आम बजट में गरीब तबके को मार लगेगी? रेल बजट में भी गरीब तबके को मार लगेगी? आखिर यह गरीब कब तक पिसता रहेगा?

आज भी हम गांवों में जाते हैं तो लोगों के पास खाने के लिए सामान नहीं है, रहने की कोई व्यवस्था नहीं है, कपड़े की व्यवस्था नहीं है और बच्चों के लिए शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है तो हर तरफ से गरीब ही पिसता चला जाएगा और इस र्वा को यात्री सुविधा के रूप में मनाने का काम कर रहे हैं। सुविधाएं किसे दी जा रही हैं? शताब्दी, राजधानी में चढ़ने वाले लोगों को सुविधाएं दी जा रही हैं। जितनी भी एक्सप्रैस गाड़ियां हैं, श्रम जयन्ती में सफर करने वालों को सुविधाए दी जा रही हैं। महात्मा गांधी जी ने यह कहा था कि हम कोई कार्य करते हैं तो उससे पहले सोचें और अंतिम छोर पर हमारी निगाहें जानी चाहिए कि हमार कामों से, हमारे कार्य करने की स्थिति से उस गरीब आदमी के ऊपर क्या असर होगा, इस बात का भी नेतागणों को सोचना चाहिए। जो बड़े लोग हैं, जिनके पास पैसा है, जो अगर रेल से यात्रा न करें तो वायुयान से भी यात्रा कर सकते हैं, सिर्फ उनकी सुविधाओं में बढ़ोतरी की जा रही है और गरीबों की सुविधाओं में दिन प्रतिदिन कटौती की जा रही है। यह बहुत चिंतनीय बात है।

सभापति महोदय : कुछ स्पेसिफिक सुझाव भी दे दीजिए।

श्रीमती कान्ति सिंह : सुझाव क्या देना है? गरीबों के बारे में कोई नहीं बोलता। सुझाव के बारे में मंत्री जी को सब आता है कि राजस्व की कैसे वसूली होनी चाहिए, कैसे बिजनैस को बढ़ाना चाहिए,

<u>20.00 hrs.</u>

इसी पर ध्यान दिया है। कुछ गाड़ियां जरूर बढ़ाई हैं, लेकिन सुविधायें देंने में बड़े तबके के लोगों का ख्याल किया गया है।

सभापति महोदय : आपको दिया गया समय समाप्त हो रहा है। अब आप कुछ सुझाव दे दीजिए।

श्रीमती कान्ति सिंह : जो द्वितीय और साधारण श्रेणी में सफर करते हैं, उनको बहुत परेशानी उठानी पड़ती है। मैं कहना चाहती हूं, हम सासंदों को तो प्रथम श्रेणी की सुविधायें उपलब्ध हैं, लेकिन साधारण व्यक्ति को सफर करने में मुश्किल महसूस होती है। मैं यह भी कहना चाहती हूं कि पुरुोत्तम एक्सप्रैस गाड़ी है, द्वितीय ए.सी. में सफर करते हैं, तो उसमें भी कठिनाई महसूस होती है, तो आम डिब्बों में यात्रियों को बहुत तकलीफ होती होगी। शौचालयों में भी पानी उपलब्ध नहीं होता है। आप इस बात को समझ सकते हैं, यदि पेशाब रुक जाए, तो आदमी की स्थिति क्या हो सकती है। यह बताने की जरूरत नही है कि अवस्था खराब हो जाती है। सफर के दौरान जो बैड-रोल दिया जाता है, वह भी फटा हुआ रहता है, लेकिन मंत्रीजी द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जाता है। ठेकेदारी व्यवस्था के दौरान यह सुविधा है, लेकिन इस व्यवस्था की जांच के लिए व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे टेकेदार मनमानी नहीं कर सकें। खान-पान में भी यही स्थिति है। राजधानी एक्सप्रैस पटना से राजधानी 10-11 बजे पहुंच जाती है और शाम को पांच बजे चलती है, तो पटना अगले दिन छः बजे पहुंच जाती है।

रेल मंत्री (श्री नीतीश कुमार) : इसीलिए तो सम्पूर्ण क्रान्ति चलाई है।

श्रीमती कान्ति सिंह : इसमें भी परिवर्तन होना चाहिए। मैं कहना चाहती हूं कि चम्बल एक्सप्रैस और शिपरा एक्सप्रैस कलकत्ता से इन्दौर तीन दिन में चलने वाली है। इस गांड़ी को आप डेहरीओनसोन में रुकवाने का काम करें। यहां से राजस्व की बहुत वसूली होती है। साथ ही डेहरीओनसोन से भावनाथपुर रेल लाइन का निर्माण किया जाए। यह एक औद्योगिक क्षेत्र हैं। उस क्षेत्र के लिए इस लाइन की व्यवस्था होनी चाहिए। इसी प्रकार आरा-सासाराम में रेललाइन की प्रगति बहुत धीमी गति से चल रही है।

सभापति महोदय : सदन में चर्चा का समय 8 बजे तक बढ़ाया गया था। सदन की सहमति हो, तो दो घन्टे का समय और बढ़ा दिया जाए। इसके अलावा जो माननीय सदस्य अपना लिखित भााण सभा-पटल पर रखना चाहते है, वे रख सकते हैं।

श्री नीतीश कुमार : मैं जवाब देने के लिए तैयार हूं, जवाब भी करा दीजिए। जब तक आप बैठेंगे, मैं बैठने के लिए तैयार हूं। रिप्लाई देने के लिए भी तैयार हूं।

सभापति महोदय : आज ही समाप्त होना है। सदन की सहमति हो, तो दो घन्टे का समय बढ़ाया जाए।

SHRI VAIKO (SIVAKASI): Mr. Chairman, Sir, in the meeting of the Business Advisory Committee it was decided that the Railway Minister would reply at 12.00 Noon tomorrow.

SHRI NITISH KUMAR: Sir, I am prepared to reply today itself.

MR. CHAIRMAN : Shri Vaiko, I have already given a ruling. Please take your seat.

SHRI VAIKO : Sir, all the Members who are sitting here now are sitting here to speak and also to listen others. So, kindly provide whatever time is needed by Members.

MR. CHAIRMAN : We will see that later on. Please take your seat.

श्री सुकदेव पासवान (अररिया) : सभापति महोदय, हम लोगों से कहा गया था कि हाउस आठ बजे तक चलेगा।â€¦ <u>(व्यवधान)</u> अब दो घंटे का समय और बढ़ा दिया है।â€¦ <u>(व्यवधान)</u>

सभापति महोदय : मैंने कह दिया है कि जो माननीय सदस्य अपना लिखित भााण ले करना चाहते हैं, वे ले कर दें।

श्रीमती कान्ति सिंह : सभापति महोदय, मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान इस तरफ आकर्िात करना चाहती हूं कि आरा-सासाराम रेल लाईन का कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है। मैं चाहती हूं कि उसे तीव्र गति से चलाया जाए ताकि उसका निर्माण जल्दी हो सके, क्योंकि हमारा इलाका धान का कटोरा कहा जाता है, वहां पर बहुत धान की उपज होती है। हमारे किसान बाजार तक अपना सामान नहीं ले जा पाते हैं। इसलिए उस लाईन का जितनी जल्दी हो सके, शीघ्र निर्माण कराया जाए, क्योंकि वहां बहुत धीमी गति से कार्य चल रहा है। हमारे यहां डेहरी-आनसान में ओवर ब्रिज की जरूरत है। जहां रेलवे क्रासिंग है, वहां से काफी गाड़ियां पार करती हैं। मिनट-मिनट में ही वहां रेलवे क्रासिंग बंद कर दिया जाता है। इसलिए लोगों की सुविधाओं को देखते हुए वहां ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में एक महादेवा स्थान है, वहां बहुत आबादी है, लेकिन रेलवे क्रासिंग नहीं है। मैं चाहती हूं कि वहां पर रेलवे क्रासिंग का निर्माण कराया जाए। वैशाली में रेलवे लाईन की वर्ाों से जनता मांग कर रही है, लेकिन इस बार के बजट में भी उसके बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है। रेलवे स्टेशन पर काम करने वाले जो कुली हैं, उनकी सुविधाओं के बारे में मैं आपका ध्यान आकर्िात करना चाहती हूं, उन्हें कम से कम चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों का दर्जा दिया जाए। रेलवे स्टेशन पर जो पार्सल आते हैं, उन्हें ठेकेदारी के द्वारा कराया जाता है। इसके लिए मैं सुझाव देना चाहती हूं कि रेलवे स्टेशन पर जो कुली हैं, उनसे वह कार्य कराया जाए ताकि उन्हें उसके 20-25 रुपए मिल सकें और उनकी आमदनी बढ़ सके। उनके बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। कुलियों की बड़ी संस्था है, इसलिए इन कुलियों के लिए अगर आप विश्राम गृह उपलब्ध करा देते हैं तो मैं समझती हूं कि ये हमारे लिए आम भूमिका निभाने का कार्य कर सकते हैं।

मैंने बहुत सारी बातें मंत्री जी से कही थीं, जिनमें मैंने पुरुोत्तम एक्सप्रेस में फर्स्ट क्लास का एक डिब्बा जोड़ने की बात कही थी।â€¦ (व्यवधान)

सभापति महोदय : बाकी जो बच गया है वह आप लिख कर दे दीजिए, क्योंकि और भी बहुत से माननीय सदस्यों को अपनी राय रखनी है।

श्रीमती कान्ति सिंह : मंत्री जी ने इसके लिए आश्वासन दिया था, लेकिन कुछ हुआ नहीं।â€¦ (व्यवधान)

श्री नीतीश कुमार : मैं इस तरफ ध्यान दूंगा।

श्रीमती कान्ति सिंह : जब मंत्री जी आश्वासन दे रहे हैं तो मैं इन्हें धन्यवाद देती हूं। इन्होंने जो नमक, यूरिया पर बढ़ोत्तरी की है, इसे मंत्री जी वापस लें, अन्यथा ये गरीब विरोधी कहलाएंगे। जन-विरोधी तो हैं ही, ये सारे लोगों के विरोधी कहलाएंगे। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करती हूं।

।इसके अलावा ब्रह्मपुर मेल और नार्थ ईस्ट - इन दोनों गाड़ियों में पटना से गुवाहाटी के लिए एक विशे बोगी जोड़ी जाए। इन गाडियों में हमेशा बहुत भीड़ चलती है। आप जानते हैं कि बिहारीवासी भी नार्थ ईस्ट में बहुत सफर करते हैं, चलते हैं। अत: उनकी असुविधाओं का भी ख्याल आपको रखना चाहिए।

रेलवे विद्युतीकरण का कार्य प्रगति पर है। मेरा निवेदन है कि गया से किऊल तक रेल मार्ग का भी प्राथमिकता के आधार पर विद्युतीकरण कराया जाए।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोा कुमार गंगवार) : मान्यवर, आज सदन देर तक बैठेगा, इसलिए भोजन की व्यवस्था की गई है। सभी माननीय सदस्यों, पत्रकार मित्रों और लोकसभा सचिवालय के कर्मचारियों के लिए भी की गई है।

सभापति महोदय : यह अच्छी बात है, जो देर तक बैठने के लिए भोजन की व्यवस्था है।

*सभा पटल पर रखा गया ।

*** श्री रघुनाथ झा (गोपालगंज) %**

आज सदन में रेल विभाग पर हो रहे वाद-विवाद में समयाभाव के कारण लिखित रूप में अपनी बात प्रस्तुत करता हूं ।

सर्वप्रथम माननीय रेल मंत्री जी को मैं बधाई देना चाहता हूं कि बिहार राज्य जो एक पिछड़ा राज्य रेल के मामले में था, उस राज्य को नई रेल लाइन को बिछाने और रेल लाइनों के आमान परिवर्तन एवं दोहरीकरण, रेल पुलों के निर्माण, ट्रैकों के विद्युतीकरण तथा रोड ओवर ब्रिज, पटना में गंगा पुल की स्वीकृति एवं कार्यारम्भ करा कर, मंजूरी देकर बिहार की जनता के साथ न्याय किया है ।

मैं रेल मंत्री को बधाई देना चाहता हूं कि इन्होंने बिहार की जनता के वर्ाों से चिर-परिचित मांग के अनुसार निम्नलिखित नई लाइनों की स्वीकृति दी हैः-

1. मंदरहिल-रामपुरहाट वाया दुमा
2. आरा-सहसराम
3. फतुहा-इस्लामपुर
4. राजगिर-हिसुआतिलैया
5. राजगिर-इस्लामपुर
6. दनियावाँ-बिहार शरीफ-शेखपुरा
7. खरगौन-पुनपुन-दनियावाँ (पटना बाई पास)
8. देवघर-सुलतानपुर
9. पटना गंगा रेल पुल
10. मुंगेर गंगा पर रेल कम रोड ब्रिज
11. खगड़िया-कुशेश्वर स्थान
12. दरौदा-महराजगंज
13. सकरी-हसनपुर बरौली
14. मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-शिवहर-मोतिहारी
15. बगहा छितौनी

16. सीतामढ़ी-सोनबरसा-मीठा माडे जयनगर
17. हाजीपुर-सुगौली वाया वैशाली

* सभा पटल पर रखा गया ।

आमान परिवर्तन निम्नलिखित लाइनों का करने की स्वीकृति दी गई हैः-

1. जयनगर-दरभंगा-सीतामढ़ी-नरकटियागंज
2. मानसी-सहरसा-फारबिसगंज
3. समस्तीपुर-खगड़िया
4. कप्तानगंज थावे-सिवान-छपरा
5. कटिहार-जोगबनी
6. मानसी-समस्तीपुर

निम्नलिखित लाइनों के दोहरीकरण करने की स्वीकृति प्रदान हुई हैः-

1. सोननगर-मुगलसराय-तीसरी लाइन
2. पटना-परसा बाजार
3. परसा बाजार-पुनपुन
4. पुनपुन-तरेगना
5. तरेगना-गया
6. साहिबगंज-फरक्का मालदा
7. छपरा-हाजीपुर
8. कपूरींग्राम-सिहो
9. किशनगंज-दल कोल्हा
10. किडल-गया
11. किडल-कजरा
12. बरौनी-कटिहार
13. किडल बड़हरवा वाया भागलपुर

विद्युतीकरण हेतु निम्नलिखित रेल लाइनों को स्वीकृत किया गया हैः-

1. दानापुर-मुगलसराय
2. पटना-गया
3. किडल-साहेबगंज
4. बरौनी-कटिहार
5. गया-किडल
6. वख्तियारपुर-राजगिर
7. राजगिर हिसआ तिलैया
8. फतुआ-इस्लामपुर
9. दनियावाँ-बिहार शरीफ-शेखपुरा
10. खगौल-पुनपुन दनियावाँ

उपरोक्त योजनाओं में प्राथमिकता के आधार पर धन उपलब्ध कराकर समय-सीमा के अनुसार पूरा कराया जाए ।

महोदय, मैं माननीय रेल मंत्री से आग्रह करूंगा कि हाजीपर में रेलवे का जोन ऑफिस विधिवत चालू करावें । पटना में गंगा ब्रिज के कार्य को मुस्तैदी से पूरा कराया जाए ।

सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर नई रेल लाइन का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए ।

जयनगर, दरभंगा, सीतामढ़ी होते नरकटियागंज तक बड़ी लाइन का कार्य पूरा किया जाए ।

कप्तानगंज, थावे, सिवान, गोपालगंज, छपरा के बड़ी लाइन में गति लायी जाए ।

गोपालगंज का रेलवे स्टेशन, थावे स्टेशन, दिघवा, दुवौली, सिद्धवलिया को सुधार कर सुन्दर एवं बड़ी लाइन के रूप में बनाया जाए ।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं उपरोक्त योजनाओं के कार्यान्वयन की मांग करता हूं ।

***SHRI V. VETRISELVAN (KRISHNAGIRI):** Sir, I thank you very much for giving me an opportunity to participate in the discussion.

Sir, I would like to express my sincere thanks for providing me this opportunity for the third time to support the Railway Budget on behalf of my party the DMK. Before my speech, two members from DMK party. I am the third man to speak on this subject, therefore, I will speak on needs of people of my constituency.

Sir, it is also my privilege to congratulate the present Hon. Minister of Railways, Shri Nitish Kumar, who became a second-time Minister of this NDA Government. I also congratulate you for completion of 150 years of Railways in

India.

In this budget I want to ask Minister to do something for my Constituency especially the new line between Jolarpet and Hosur via Krishnagiri. It is the long time dream of people of my constituency to have a new train between Jolarpet and Hosur via Krishnagiri.

I, therefore, request the Hon. Minister of Railways to make our dream come true as quickly as possible.

Sir, in this regard, I had written so many letters to the General Manager, Southern Railway as well as to the Minister. They have sent me the reply assuring me that the preliminary engineering-cum-traffic survey for this sector would be completed by December, 2000. So, far, we did not get this project in our area. I would request the Minister of Railways to reconsider my request to lay a new line in my constituency and I request the Hon. Railway Minister to include this project in the current Railway budget then only my people will be satisfied and appreciated by the people of my Constituency.

*Speech was speech was laid on the Table.

Krishnagiri is one of the important business places in dharmapuri district. Krishnagiri is surrounded by two state- Andhra Pradesh and karnataka. Several thousands of people are coming to Krishnagiri from various places of India and several people are going from krishnagiri to other parts of the country. The main business of Krishnagiri is coconut, groundnut, textiles, mangoes, foodgrains etc. In order to cater to the needs of the people, the Government should open a reservation counter at Krishnagiri. Dharmapuri district is bifurcated and Krishnagiri is declared as the headquarters of the district. Therefore, I request the Govt. that computerised reservation counter should be opened at krishnagiri because it has been declared the headquarters of the district. It would facilitate the pople of Krishnagiri and its surroundings.

As a Member of parliament of krishnagiri constituency, I thank you on my behalf and on behalf of my constituency people for having run a special train between Bangalore and Madurai on every Saturday. This has catered to the long cherished ambition and need of the people of Dharmapuri district as there is not even a single train to Madurai and beyond Madurai (Tinnevelli, Tuticorin, Kanyakumari etc.) via Hosur and Dharmapuri.

Hosur is in the map of one of the major industrial cities in India having the automobile, textile, watches and other industries. Nearly 60% of the employees of these major industries like T.V.S. Ashok Leyland, Hindustan Motors, Titan watches, Bata, Exide, Premier Mills etc. are from the southern districts of Tamilnadu. These commuters were depending on buses only to their home towns as till now there is no train to Madurai and beyond via Hosur and Dharmapuri. Under the above circumstances, I place the following requests for your favourable consideration.

1. The Winter special train between madurai and Bangalore should be converted into a regular express service with immediate effect which is of paramount importance (with limited stoppings)
2. The frequency should be increased to daily basis from the existing weekly basis.

The reservation quota is earmarked as 40 berths for Hosur Railway Station which is far below the requirement. The entire 40 berths were reported to be booked within an hour from the time of booking and many passengers were negatively replied. Hence I request you give necessary instruction to the authorities concerned for increasing the quota from 40 to 100 berths. There is much need of it and the entire proposed increase will be definitely filled. By doing so the revenue to the Railways will be substabntially enhanced. The income of Hosur railway station will also grow.

One more request to Hon. Railway Minister. There is no train running from Hosur to Chennai. Therefore, I request the Minister to allot one bogie from Hosur which should be attached with Bangalore Mail running from Bangalore to Chennai. There is no announcement facilities in the Hosur Railway Station. This should be also considered by the Minister. Many trains running from Bangalore to Coimbatore, from Coimbatore to Bangalore via Palakodu, but no train stopover at palakodu especially in day time. Therefore I request the Hon. Minister to give necessary instruction to concerned officer to stopover any train running in day time which should be helpful to the Palakodu people.

Jolarpet railway junction is very historical railway junction. It is linked with three divisions one is Palakkad and other is bangalore and Chennai. People are travelling in and around jolarpet but there is no computerised reservation facility. Therefore I request the Government to open a computerised reservation counter at Jolarpet as quick as possible. It should facilitate the people of Jolarpet and people living in and around Jolarpet.

Sir, once again I offer my sincere thanks for giving me this opportunity and for the patient hearing.

*** श्री सुकदेव पासवान (अररिया)- महोदय, मैं रेल बजट 2002-2003 की चर्चा में भाग ले रहा हूँ । सर्वप्रथम इस रेल बजट के लिए**

माननीय रेल मंत्री श्री नीतीश बाबू को सबसे अच्छे बजट को प्रस्तुत करने के लिए मैं जितनी भी बधाई करूं वह कम है । बजट के दिन लोक सभा में माननीय सभी सदस्यों ने बड़े धैर्यपूर्वक बजट को सुना और बधाईयां दी । इसे व्यक्तिगत रूप से आजादी के बाद आज तक का सबसे अच्छा रेल बजट मानता हूँ ।

मैं व्यक्तिगत रूप से माननीय रेल मंत्री जी का हमेशा आभारी रहूंगा क्योंकि उन्होंने मेरे लोक सभा जीवन काल में हमारे संसदीय क्षेत्र की प्रमुख मांग पूरी की ।

जोगवानी-कटिहार रेल खंड जो छोटी लाईन थी, बड़ी लाईन में बदलने के लिए, जोगवानी में एक आम सभा जोगवानी के इतिहास में सबसे बड़ी आम सभा, में शिलान्यास करके इस पिछड़े एवं सीमावर्ती क्षेत्र को विकास की गति प्रदान की । इसमें महत्वपूर्ण उपलब्धि मेरे ही संसदीय क्षेत्र में फारबिसगंज जं. पर कम्प्यूटरकृत आरक्षण की भी घोाणा की, जो कुछ ही महीनों के अंदर शुरू हो जायेगी । इस कार्य के लिए भी मुबारक एवं साधुवाद देता हूँ ।

महोदय, आपके माध्यम से माननीय रेल मत्री जी से अपने पिछड़े एवं सीमावर्ती क्षेत्र के लिए कुछ प्रमुख महत्वपूर्ण मांग करना चाहता हूं-

सुपौल रेल स्टेशन से पिपरा-त्रिवेणी गंज, जडिया, भरगामा, रानीगंज, मितवास, अररिया तक नयी रेल लाईन का निर्माण कराया जाये। पांच प्रमुख प्रखंड का मुख्य आवागमन का मार्ग है, पूर्व में इनका सर्वेक्षण कार्य हो चुका है।

मधेपुरा जिले के शंकरपुरा-त्रिवेणीगंज, जडिया, कोरियापट्टी, छातापुर,चुन्नी, मीरदौर ,नरपतगंज,बथनाहा से जोगवानी इसका भी शायद स र्वेक्षण का आदेश हुआ था ।

बथनाहा से अचरा, वलुआ बाजार, वीरपुर एवं भीमपुर तक पूर्व में नेरोगैज लाइन थी । काफी अर्से से बंद हो गयी है । हम लोगों ने 35 साल पूर्व में रेलगाड़ी चलते हुए देखा है अभी भी रेल पट्टी मौजूद है ।

अररिया आर एक से हल्दीया, सिमरौहा, डोरिया, पुरनदाहा, खवासपुर, कुशीकाट,सिकटी,पलासी गलगलीया से न्यू जलपाय गुढी तक पूर्व तत्कालीन रेल मंत्री एवं पूर्व प्रधान मंत्री श्री देवगौड़ा जी ने इस कार्य के लिए आश्वासन दिया था ।

बथनाहा से सोणामणी गुदाम,गरेया,कुवारी तक नयी रेल लाइन की भी बहुत आवश्यकता है इस पिछड़े इलाके में बहुत से लोगों ने आज तक रेलगाडियां नहीं देखी हैं ।

महोदय, आपके माध्यम से मा.रेल मंत्री महोदय से अंत में कहना चाहूंगा कि जोगवानी से कटिहार आपने जो शिलान्यास किया है इसमें बहुत ही धीमी गति से कार्य हो रहा है । आग्रह है कि इस कार्य में संबंधित अधिकारियों को निदेश दे कि जल्द से जल्द यह कार्य प्रारम्भ करें ।

* सभा पटल पर रखा गया

तत्कालीन रेल मंत्री, श्री राम विलास पासवान ने मानसी से सहरसा,सुपौल,ललीताग्राम शिलान्यास सहरसा में किया था । प्रथम खण्ड में मानसी सहरसा एवं दूसरे खंड में सहरसा-नरपत, फारबिसगंज कार्य होना था । इस कार्य में भी काफी विलम्ब हो रहा है । कृपया द्रुतगति प्रदान हो ऐसी व्यवस्था करने का कट करें ।

ललिताग्राम से प्रतापगंज ट्रेन चलती है । मध्य में मधुबनी ग्राम है नेपाल से अनेक नदियों ने मधुबनी को एक टापू की तरह बना दिया है । अगर मधुबनी में रेलवे हाल्ट हो जाता तो कम से कम एक लाख लोगों को इसका लाभ मिलेगा । कृपया विशो ध्यान रखेंगें, ऐसा मेरा विश्वास है ।

उपरोक्त मांगों पर गम्भीरता से ध्यान देकर मांग पूरा करने का कट करें ।

श्री दिनेश चन्द्र यादव (सहरसा) : माननीय सभापति जी, आज रेल बजट 2002-2003 पर चर्चा हो रही है। मैं एक ऐसे क्षेत्र से आता हूं जो बिहार राज्य का अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र है । यह कोसी के इलाके से जाना जाता है, जिसमें सहरसा, मधेपुरा, सुपोल, अररिया आदि कई जिला आते हैं। वा 1996 में जब हम पहली बार सांसद हुए थे तो इस इलाके में मानसी से फारवीसगंज आमान परिवर्तन के कार्य की स्वीकृति हुई थी और प्रथम चरण में मानसी से सहरसा 43 किलोमीटर के निमार्ण कार्य शुरू कराये गये थे। लेकिन मुझे अफसोस है कि प्रत्येक वा बजट में राशि का प्रा वधान तो किया जाता है लेकिन वहां निर्माण कार्य 43 किलोमीटर का आज तक पूरा नहीं हो सका है। रेल-खंड के बीच में कई बड़े-बड़े पुलों का निर्माण होना है। पुल संख्या 44, 45,47 एवं 52 है उसकी निविदाएं कई बार कराई गयी और पिछले साल रेल राज्य मंत्री जी ने उस क्षेत्र का दौरा किया था और अधिकारियों को बुलाकर रिव्यू भी करने का कार्य किया और उनकें द्वारा निर्देश भी दिया गया लेकिन कोई भी फल नहीं निकला। इसी वा 8 जनवरी को माननीय रेल मंत्री जी मधेपुरा और सुपोल गये थे और कंप्यूटर से आरक्षण की सुविधा का इन्होंने उद्घाटन किया और दोनों जगहों पर कंप्यूटर लग गया है और हम इनको तहेदिल से धन्यवाद देते हैं। इसी अवसर पर इन्होंने कहा था कि मानसी और सहरसा के बीच में जो बड़े-बड़े पुल बनने हैं उनकी निविदाएं कई बार हुईं लेकिन काम शुरू नहीं हुआ और हमने आज ही मोबाइल से फोन करके रेल अधिकारियों से बातचीत की है और वह काम इरकॉन को दिया जा रहा है। उस उद्घाटन समारोह में काफी संख्या में लोग आये थे और इन्होंने आश्वासन दिया था कि आमान परिवर्तन का काम डेढ़ वा में पूरा करा लेंगे। एक साथ पुल के और अन्य कार्य शुरू होंगे ऐसा इन्होंने कहा था लेकिन उस घोाणा को भी दो-तीन महीने बीत गये हैं। उस रेल लाइन में मात्र पांच महीने काम होता है और पांच महीने के बाद अगर कोसी नदी का पानी आ जाता है तो फिर काम रुक जाता है। उस रेल लाइन के लिए 1998 में वहां के लोगों ने आंदोलन भी किया था और तत्कालीन रेल

मंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने यह समझा था कि यह आंदोलन उनके खिलाफ है लेकिन हमने इनसे आग्रह किया था कि यह तो रेल मंत्रालय के खिलाफ आंदोलन था क्योंकि उन्होंने हमारी पीड़ा को जिस तरह से समझा जाना चाहिए था उस तरह से नहीं समझा था। अगर उन्होंने हमारी पीड़ा को समझा होता तो 1996 के बाद आमान परिवर्तन का कार्य कब का हो गया होता। इधर जानकारी मिली है कि जो कार्य इरकान को दिये गये हैं उन्होंने अपनी निविदा में यह उल्लेख किया है कि इस कार्य को 30 महीने के अंदर पूरा करेंगे। माननीय मंत्री जी का आश्वासन था कि पूल का कार्य डेढ़ र्वा में पूरा होगा और बचे हुए काम के लिए छह महीने का और समय देंगे हर हालत में हम इसको बनाएंगे लेकिन पदाधिकारी समय को बढ़ाते जा रहे हैं। माननीय मंत्री जी तो व्यक्तिगत रूप से ध्यान दे ही रहे हैं और इस र्वा भी 15 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया, पिछले साल और उसके पहले भी किया गया था लेकिन निर्माण के कार्य पूरे नहीं होते हैं और राशि रखी रह जाती है।

रेल बजट जब आता है तो हम अपनी बात रखते हैं और व्यक्तिगत रूप से मैं इस आमान परिवर्तन को लेकर रेल मंत्री, रेल राज्य मंत्री और रेल के पदाधिकारियों से दर्जनों बार मिला हूँ लेकिन काम में कोई प्रगति नहीं हुआ। इसलिए हम यह निवेदन करना चाहते हैं कि एक समय-सीमा के अंदर यह निर्माण का कार्य पूरा होना चाहिए। इसके पूरा न होने के कारण लोग हतोत्साहित हो रहे हैं और लोगों की चिंता इसके प्रति बढ़ रही है। कंप्यूटर लगाने का कार्य जब सुपोल और मधेपुरा में हुआ था तो केवल उसे एक पीआरएस से जोड़ा गया लेकिन उसको कलकत्ता, चैन्नई और मुम्बई से जोड़ना चाहिए। जब तक इन चारों से पी. अर एस कंप्यूटर को नहीं जोड़ा जाएगा तब तक उसकी कोई उपयोगिता नहीं रह जाएगी। इसलिए उसको सभी पीआरएस से जोड़ा जाना चाहिए तभी उसका कोई फल निकलेग ।

उसी रेल खंड में 4 बड़े-बड़े ब्रिज 44, 45, 47 और 52 हैं जो ऐरकॉन को दे दिए गए । लेकिन उस रेल लाइन में जो पूर्व से निर्माण कार्य हो रहा था वह जो सबसे बड़ा पुल 51 है जो 9 करोड़ रुपए की लागत से बनना था, कार्य की शिथिलता को देखते हुए उस निविदा को रद्द कर दिया गया। इसके संबंध में रेल विभाग ने यह निर्णय नहीं लिया कि उसे ऐरकॉन को देंगे या अपने स्तर से कराएंगे? यदि इस काम को रोका जाएगा तो चार पुलों का काम पूरा हो जाएगा और बड़े पुल का काम अधूरा रह जाएगा। पुल के साथ-साथ मिट्टी का कार्य मात्र 23 किलोमीटर में हुआ है। 1996 में यह कार्य शुरु हुआ था लेकिन मिट्टी का कार्य भी पूरा नहीं हुआ। उसे पूरा किया जाना चाहिए। सहरसा से मधेपुरा 21 किलोमीटर जो रेल लाइन है, पिछले बजट में मैटिरियल मॉडिफिकेशन से आमान परिवर्तन कराने की स्वीकृति हुई थी लेकिन वह कार्य शुरु नहीं हुआ है। कटिहार से जोगबनी आमान परिवर्तन का कार्य शुरु हो गया है। यह मार्ग पूर्णिया होकर गुजरता है। मधेपुरा से पूर्णिया वाया बनमनखी, बिहारीगंज का आमान परिवर्तन नहीं किया जाएगा तो छोटे हिस्से में मीटर गेज रेल रहने का कोई औचित्य नहीं होगा। इसलिए इसका आमान परिवर्तन किया जाना चाहिए।

निर्मली से भपटियाही एक रेल लाइन अंग्रेजों के जमाने में चलती थी लेकिन कोसी नदी की बाढ़ में ध्वस्त हो गई। उसका पुनः निर्माण कराने की किसी ने आवश्यकता महसूस नहीं की। वह रेल लाइन जो 1938 में ध्वस्त हो गई, उसका पुर्ननिर्माण किया जाए। 1997 में उस रेल लाइन का सर्वेक्षण भी हुआ। सर्वेक्षण रिपोर्ट आई कि 40 किलोमीटर की रेल लाइन बनेगी, 273 करोड़ रुपए खर्चा होगा। कोसी नदी पर पुल बनना था, उसके अंतिम स्थान निर्धारण के लिए लगभग दो करोड़ रुपए का प्रावधान भी किया गया। पिंक बुक में छपा है कि रेल विभाग ने सम्पूर्ण राशि दे दी लेकिन अभी तक पुल का अंतिम स्थान निर्धारित नहीं हो सका। रेल मंत्री जब सुपोल गए थे तो लोगों की आशा बढ़ी थी। रेल मंत्री ने सार्वजनिक सभा में आश्वासन दिया था कि वह इस पर गम्भीरता से विचार कर रहे हैं। इसलिए हमें लगता है कि इस रेल लाइन का निर्माण कार्य अवश्य होगा। सरकार ने देश के कई भागों को बड़ी लाइनों से विकसित किया। लगभग सभी इलाके इससे जुड़ गए लेकिन हमारे इलाके के लोग अभागे हैं कि उन्हें आजादी के 52-53 र्वा के बावजूद बड़ी रेल लाइन की सुविधा नहीं मिल सकी। इससे कितनी दिक्कत और पीड़ा होती है? जो व्यक्ति उस इलाके में जाएगा वही इस बात को महसूस कर सकता है। इस इलाके से कई सांसद हैं। हमें वहां जाने में दिक्कत होती है। हमें राजधानी पकड़ने के लिए बरौनी या पटना आनाा पड़ता है। उस इलाके के सभी सांसद माननीय शरद यादव जी, सुखदेव पासवान जी, रेनू कुमारी जी, राम जीवन सिंह जी, रामचन्द्र पासवान जी और मैंने कई बार इसके बारे में मंत्री जी से आग्रह किया कि राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव कम से कम एक मिनट नहीं तो 30 सैकिंड के लिए खगड़िया में दीजिए। हमने रेल मंत्रालय सलाहकार समिति की एक बैठक में इस बात को जब उठाया तो पदाधिकारियों ने मुझे लिखित में जानकारी दी कि राजधानी एक्सप्रेस थ्रू ट्रेन है। दिल्ली से गुवाहटी तक जो यात्री होंगे, वहीं जाएंगे। मैं किसी पर आरोप नहीं लगाना चाहता लेकिन क्या यह बात सही नहीं है कि राजधानी और शताब्दी एक्सप्रेस ऐसी जगहों में रुक रही है जहां एक भी टिकट नहीं कटता। आप खगड़िया में यह सुविधा उपलब्ध कराएं। कई सांसद उसमें जाते हैं। आपको कई यात्री इस ट्रेन के लिए मिलेंगे। आप एक बार मौका दीजिए। अगर यात्री नहीं मिलेंगे तो इसे बंद कर दीजिएगा ।

सभापति महोदय, जहां से मैं सांसद हूं वहां एक स्टेशन राघोपुर है जो नेपाल से सटा है। छोटा स्टेशन रहने के बावजूद प्रत्येक माह कम से कम 14 लाख रुपए की आमदनी उस स्टेशन से होती है। वहां विदेशी यात्री और पर्यटक भी आते हैं। राघोपुर में एक रिटायरिंग रूम होना चाहिए। जो स्टेशन एक महीने में 14 लाख रुपए की आमदनी देता हो, वहां दो-तीन लाख का रिटायरिंग रूम अवश्य बनाना चाहिए। थरभिटा रेलवे स्टेशन पर जो रेलवे क्रॉसिंग से पहुंच पथ है, वहां सम्पूर्ण ब्लॉक से रेलवे यात्री आते हैं। वहां कलवर टूट गया है। हमने इस बारे में निवेदन किया था। रेल मंत्री जी द्वारा निर्देश सुपोल में पदाधिकारियों को दिया गया था कि वहां बॉक्स कलवर बना दिया जाए।

पहुंच पथ की भी मरम्मत करा दी जाये और सरायगढ स्टेशन पर भी पहुंच पथ की मरम्मत करा दी जाये लेकिन वह काम नहीं हो सका है। हमारे संसदीय क्षेत्र सहरसा में रेलवे ढाला पर रेल.ओवरब्रिज. के निर्माण की स्वीकृति हुई और रेलवे ने अपना टैंडर भी कर दिया लेकिन ओवर ब्रिज के निर्माण का कार्य शुरु नहीं हुआ है। उसे शुरू कराई जाए ।

सभापति महोदय, सहरसा शहर की आबादी बहुत बड़े भू-भाग में फैल गई है। हमने निवेदन किया था कि सहरसा शहर के पूर्वी हिस्सों के जो यात्री रात में आते हैं, उन्हें दिक्कत होती है। इसके लिये कारू खिरहर हॉल्ट की स्थापना की जाये। यह मामला बहुत समय से पैंडिंग है। कोपरिया स्टेशन पर माल बुकिंग की सुविधा स्थायी रूप से दी जाये क्योंकि रेल के अलावा वहां कोई सड़क मार्ग नहीं है। किसानों को अपना खाद्यान्न बाहर भेजने के लिये काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इसलिये कोपरिया स्टेशन पर स्थायी रूप से बुकिंग की व्यवस्था करा दी जाये।

सभापति महोदय, हम जिस इलाके में रहते हैं, उसमें समस्तीपुर डिवीजन की रेलगाड़ियां चलती है। माननीय सदस्या श्रीमती कान्ति सिंह ने अभी मांग किया है कि उस ट्रेन में ए.सी.-1 की बोगी लगनी चाहिये। माननीय मंत्री जी की तरफ से आश्वासन हुआ कि ए.सी.-फर्स्ट क्लास की बोगी लगा देंगे। हमारे इलाके में न केवल रेल राज्य मंत्री बल्कि रेल मंत्री भी जा चुके हैं और जो लोग जाते हैं, वे महसूस करते हैं कि उस इलाके के लोगों का क्या दर्द और क्या पीड़ा है। हम ए.सी. फसर्ट नहीं मांगते उस इलाके में जो पैसेंजर या एक्सप्रैस गाड़ियां मीटर गेज पर चलती हैं, उनमें जो बोगी लगी रहती है, यदि वैसी दिल्ली या मुम्बई जोन में लग जाये तो विदेशी यात्री तो छोड़ दीजिये, देसी यात्री भी उसमें नहीं चढेगा । उस इलाके के लोगों की दिक्कत को समझना चाहिये और अच्छी यात्री बोगी उपलब्ध करायी जानी चाहिये।

सभापति महोदय, जयनगर-नरकटियागंज आमान परिवर्तन वाया दरभंगा आमान परिवर्तन कार्य विगत तीन र्वाों से चल रहा है जिसके लिये राशि दी जाती है। लेकिन मानसी-सहरसा रेल खंड की तरह राशि दी जाती है लेकिन निर्माण कार्य में प्रगति नहीं हो रही है। सकरी-हसनपुर रेल लाइन का निर्माण कार्य शुरु नहीं किया गया है। हम देख रहे हैं कि निर्माण के लिये राशि रेल बजट में दी जाती है लेकिन निर्माण कार्य शुरु नहीं हो रहा है।

सभापति महोदय, झंझारपुर रेलवे स्टेशन झंझारपुर लोक सभा क्षेत्र का मुख्यालय है और आपका निर्वाचन क्षेत्र है। यह महत्वपूर्ण स्टेशन है माननीय रेल मंत्री जी ने सभी जगहों के सांसदो से सुझाव मांगे हैं। झंझारपुर में कम्प्यूट्रीकृत आरक्षण केन्द्र की स्थापना की जानी चाहिये। सीतामढ़ी-मुज़फ्फरपुर नई रेल लाइन 1996-97 में स्वीकृत हुई थी लेकिन अभी तक भू-अर्जन की कार्यवाही भी पूरी नहीं हो पायी है। इस कार्य को प्रारम्भ कराया जाये। इसी तरह जयनगर-सीतामढ़ी-रक्सौल के आमान परिवर्तन का 10 प्रतिशत कार्य भी नहीं हुआ है।

सभापति महोदय, अंत में माननीय रेल मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत रेल बजट का पुरजोर समर्थन करते हुये विश्वास करता हूं कि वे हमारी पीड़ा और दिक्कत को समझेंगे। हम किसी राग-द्वो से नहीं बोल रहे हैं बल्कि हमने जनता की कठिनाई का बखान किया है। माननीय मंत्री जी की इस कार्य में रुचि है लेकिन उस रुचि का फलाफल जनता तब महसूस करेगी जब हम देखेंगे कि कार्य में प्रगति हो रहा है। इसलिये हमारी पीड़ा को समझकर इन समस्याओं का निदान कराइये और मानसी-सहरसा-फारबिसगंज एवं मधेपुरा-पूर्णिया के आमान परिवर्तन का कार्य भी शुरु कराया जाये।

मैं इस रेल बजट का समर्थन करते हुये अपनी बात समाप्त करता हूं।

*** श्री निहाल चन्द चौहान (श्रीगंगानगर) %**

मुझे आपने बोलने का मौका दिया, मैं आपका धन्यवाद करता हूं । महोदय, मैं राजस्थान के उस रेगिस्तान इलाके का प्रतिनिधित्व करता हूं जहां पर एक तरफ पाक की सीमाएं हैं और उस सीमाओं में पिछले कुछ समय से माइन लगी है ।

महोदय, हम लोग माइन के साये में जीते हैं । रेलवे की दृटि से हम बिल्कुल उबड़-खाबड़ हैं । रेलवे विभाग ने और मंत्रालय ने हमेशा इस क्षेत्र को नजरअन्दाज़ किया । महोदय, ऊंचे-नीचे रेगिस्तान में दिल्ली से मात्र एक गाड़ी उद्यान आभा एक्सप्रेस ही जाती है । 14 घंटे यानि दिल्ली से श्रीगंगानगर की 425 किलोमीटर की दूरी तय करती है । महोदय, सीमान्त क्षेत्र होने के कारण किसानों की फसलों का मूल्य भी सही नहीं मिलता ।

महोदय, पश्चिम राजस्थान की एकमात्र मीटरगेज लाइन स्वरूपसर से श्रीगंगानगर की बाकी रही है । मात्र 116 किलोमीटर की यह मीटर गेज लाइन का बजट 68 करोड़ सत्र 1997-98 में बजट में छाया हुआ है ।

महोदय, मा0 प्रधानमंत्री जी ने भी इस लाइन की 1998 में हनुमानगढ़ की एक चुनावी सभा में परिवर्तन करने की सहयोग की आशा जताई थी । महोदय, मात्र एक लाइन बीच में मीटर गेज होने से किसानों की अपनी फसल का सही दाम नहीं मिलता । सुरक्षा की दृटि से भी इस लाइन का ब्रोडगेज होना बहुत जरूरी है । उपाध्यक्ष महोदय, इस लाइन के मीटर गेज होने की वजह से आयात-निर्यात में भी काफी परेशानी होती है ।

मेरी माननीय मंत्री जी से आज इस बारे में बातचीत भी हुई थी । उन्होंने राजस्थान रेलवे प्लान रिकार्ड मंगवाकर मुझे आश्वासन दिया कि इस लाइन को ब्रोडगेज करने के लिए मैं इसका प्रस्ताव कैबिनेट में भिजवा देता हूं और प्रस्ताव पारित होने के बाद अतिशीघ्र इस कार्य को करवाने का प्रयास किया जाएगा । उपाध्यक्ष महोदय, माननीय प्रधानमंत्री जी से भी मेरी आज मुलाकात हुई, उन्होंने इस संबंध में मुझे आश्वासन दिया है ।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि इसी बजट में इस लाइन को ब्रोड गेज करने की स्वीकृति प्रदान करें ताकि सीमान्त क्षेत्र के किसान, व्यापारी व आम जनता खुशहाल हो सकें ।

महोदय, मेरा मंत्री जी से एक निवेदन और है कि नई दिल्ली से श्रीगंगानगर के लिए एक और रेलगाड़ी चलायी जावे तथा अनूपगढ़ व सूरतगढ़ को भी इस सत्र से सीधा नई दिल्ली रेल से जोड़ा जावे । यह लाइन रक्षा विभाग की दृटि से भी काफी महत्वपूर्ण होगी ।

* सभा पटल पर रखा गया ।

*** श्री अशोक अर्गल (मुरैना):** महोदय, मैं रेल मंत्री जी को विाम परिस्थितियों में अच्छा बजट पेश करने के लिये बधाई देता हूँ और बजट का समर्थन करता हूँ ।

मैं मंत्री जी का ध्यान आपके माध्यम से मेरे संसदीय क्षेत्र में ग्वालियर से श्योपुर कलां छोटी लाईन के ऊपर आकर्िात करना चाहता हूँ । 100 वा्र पूर्व यह रेल लाईन डाली गयी थी और कई बार इस बाबत निर्णय होने के बाद इसका आमान परिवर्तन कर दिया जायेगा, वह नहीं हुआ । इसका प्रारंभिक सर्वे भी मेरी जानकारी के अनुसार पूर्व में कर लिया गया है । इसलिये आपके माध्यम से मंत्री जी से अनुरोध है कि रेल विभाग की नीतियों के अनुसार शीघ्र ही इस रेल मार्ग पर आमान परिर्वतन किया जाये । इस परिवर्तन से इटावा, भिण्ड, ग्वालियर, श्योपुर होकर राजस्थान के सवाई माधोपुर व कोटा जं0 बड़ी लाईन से जुड़ जायेंगे, जिससे क्षेत्र की जनता को सुविधा होगी तथा रेलवे की आय में वृद्धि होगी । पर्यटन की दृटि से यह आमान परिवर्तन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये बहुत उपयुक्त होगा, इससे माधव नेशलन पार्क, कूनो पालपुर, "सिंह" अभ्यारण श्योपुर एवं टाइगर गैम सैन्चुरी रणथम्भोर भी जुड़ जायेंगे ।

नयी घोाणा, जो इस रेलवे बजट में हर जिला मुख्यालय को कम्प्युटर के द्वारा आरक्षण करने की की गई है, उसके अन्तर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र श्योपुर, जो जिला मुख्यालय है, उस पर यह सुविधा प्रदान की जाये ।

मेरे संसदीय क्षेत्र का मुरैना जिले का मुख्यालय एवं कमिश्नरी हैड क्वाटर भी है तथा यहां की जनसंख्या एक लाख से अधिक है । यहां पर आज भी प्रमुख ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं है । जनता की मांग को देखते हुए मेरा आपसे अनुरोध है कि इस स्टेशन पर जी.टी.एक्सप्रेस, महामाया, हीराकुण्ड, समखण्ड एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज किया जाये ।

इसी प्रकार मध्य रेल का बनमोर रेलवे स्टेशन पर मात्र छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस ही ठहरती है वहां पर महाकौशल एक्सप्रेस एवं मालवा एक्स. का स्टॉपेज किया जाये एवं मुरैना शहर के लालोर वायपास पर यातायात को ध्यान में रखते हुए ओवर ब्रिज बनाने की आवश्यकता है, जिससे लाखों नागरिकों को सुविधा मिलेगी । मुरैना शहर के फाटक, जहां जनता का आवागमन ज्यादा रहता है, वहां पर फुटब्रिज की आवश्यकता है ।

अतः पुनः बजट का समर्थन करता हूँ तथा अनुरोध करता हूँ कि मैंने जो बातें उठायी है उनका निराकरण करायेंगे ।

---

*सभा पटल पर रखा गया ।

SHRI E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN (SIVAGANGA): Respected Chairman, Sir, I feel that this Railway Budget is having some unique deviation from the normal conventional Budget. We feel that globalisation has occupied the field. Privatisation and market economy is now coming up. India needs infrastructure in roads, in shipping, in air and

in railways.

But all the three, that is, road, shipping and air, have gone to private sector. Railways alone is left out. Railways is a symbol of national integration.

Even during freedom struggle, Mahatma Gandhi used railway travel as the symbol of integration and freedom struggle. This is the nervous system of India. In such a juncture, every Budget used to protect the interest of each and every State. But here is a Budget given purely by a socialist; that is also by a Lohia socialist; that is also in NDA Government where both the Samata Party leaders are occupying the same portfolio and giving the Budget in the name of Rakesh Mohan. That is, it is giving first symtom of corporatisation. It is neglecting the area, which is to be developed. Now, global economy and privatisation can develop road; it can develop the shipping area and it can develop air. But why is the Railways not having any competition? It is monopolized by the Government. Therefore, we have to concentrate on the area, which is neglected, the area which has to be developed and the area which needs transportation.

Here is my constituency, Sivaganga, which is having about 40 textile mills and about 1500 small-scale industries. Graphite mines are there. Nearby my constituency, my learned friend, Shri Vaiko's constituency, Sivakasi is having cottage industries. It is having litho press. It is having matches. It is having crackers. It is having many things to be transported. Seafood is to be transported. It is such a place. There is also Rameswaram. It is a famous place.

Now Rama is holding the field. Yesterday also I dreamt about Lord Rama. Lord Rama came and said: "This is a Budget where I am totally neglected." Ayodhya is also neglected. Rameswaram was linked with the mainland by Shrimati Indira Gandhi by making a bridge. Shri Rajiv Gandhi opened it. In Rameswaram, Lord Rama has won the war and he is worshipped throughout India. Every Hindu used to worship Lord Rama....(*Interruptions*) Kindly do not interfere because you are also now in the Rama's field. You are one of the disciples of Rama now.

SHRI VAIKO : Lord Rama appeared in your dream. I am happy. You are hailing from Tamil Nadu....(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Shri Vaiko, please take your seat.

SHRI E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN : Therefore, if this Government is having some interest in Rama and Lord Rama is to be protected, then, Rameswaram is to be protected. But what happened? Kumari Mamata Banerjee had presented the Railway Budget. When she presented the Railway Budget, she included these areas, Tiruchirappalli, Pudukkottai, Karaikudi, Sivaganga, Manamadurai and also Rameswaram, in the Railway Budget for the first time for broad gauge conversion. She also allotted Rs.10 crore. Subsequently, she allotted Rs.7 crore. But what happened now? Sir, Rs.4 crore was diverted for other projects. That is how, Lord Rama is worshipped. That is the greatness shown for Lord Rama.

Here is a project which has got an ancient history. Rameswaram Express is called as 'Boat Mail.' Normally they will get the ticket in Chennai and will go to Rameswaram. Then, they can go by the steamer to Thalaimannar, Sri Lanka. That was the ancient system. Then, the rails which were laid during the British period were changed subsequently by the Congress Government. But now they have become old. About Rs.17,000 crore is allotted for the safety purpose. But not even a single pie is utilised for the purpose of laying new rails. This is the thing which is happening.

I would like to draw the attention of the Government. Ninth Five Year Plan gave Rs.45,413 crore for 3710 kilometres of rails where broad-gauge conversion is to be made.

After four years, it is only 1,832 kilometres, which is less than 50 per cent achievement of the target. This is the fourth year you are running but you could not achieve even gauge conversion. Gauge conversion is treated as one of the factors of economic development of an area. By converting to broad gauge, the area would be developed because more tourists would be come, more freight would be carried and more exchange of people would be there. This is why gauge conversion was made one of the main thrust areas of the Ninth Five-Year Plan but that was not achieved at all.

In the case of goods traffic, the earnings is 64 per cent; in respect of passenger traffic, it is 29 per cent; and the coach earnings is two per cent. At Perambur, in the Integral Coach Factory, a lot of orders are pending from various Asian and African countries but they are not executed. You want to close down the Integral Coach Factory, which is the prestige of Tamil Nadu. Now, Tamil Nadu has created history where a majority of MPs from Tamil Nadu are supporting the ruling alliance of the country. There is also a Samata Party nominated Member. Out of 40 MPs, 37 are supporting the NDA Government. What is the gift you have given for this support, upon which this Government is standing? They are now giving an allocation, which is the lowest.

The Southern Railway is having a capital fund of Rs.1,586 crore. Out of that, only a meagre amount is given for Tamil Nadu. The Plan outlay is Rs.804 crore but the State of Tamil Nadu is getting only Rs.70 crore, which is less

than nine per cent. So, what is the interest you are showing to this area, where 37 MPs are supporting you? In the Rajya Sabha, Sixteen MPs are supporting you along with another nominated MP. So, seventeen MPs from Tamil Nadu are supporting you in the Rajya Sabha. The gift you are giving to Tamil Nadu is only by way of total negligence of Tamil Nadu.

This is the first time Tamil Nadu is totally neglected because you have got a new formula, which is a deviation from the conventional method of assessing the areas to be served. You have come up with a new formula wherein you want to say that the area is to be calculated and the population is also to be calculated. This means, the people who are following population control would not be given enough funds. Tamil Nadu is the first when it comes to population control and Kerala is the next but this is the gift you are giving them, just like what was done by the Eleventh Finance Commission. The States that are developing and enforcing national plans are gifted with nothing. This is what is happening in Tamil Nadu and Kerala.

Out of a Plan outlay of Rs.175 crore only Rs.2 crore is allocated for the Pudukottai-Karaikudi-Manamadurai-Rameswaram line. When would you be able to take it up? The requirement is of Rs.250 crore for Madurai-Rameswaram but you have allotted only Rs.5 crore. How can that be implemented? If you have got any financial restrictions, I can understand that. At the same time, here is another possibility. You are borrowing from the market about Rs.3,000 crore. You are expecting to borrow from the market. Let there be a bond in the name of Rameswaram, where you can borrow just like you did in the case of the Konkan Railway. Let it be a project from Chennai to Rameswaram *via* Manamadurai, through Pudukkottai, from where your own Member is coming. I am coming from an area in the middle Sivaganga. Now, new friends from the AIADMK are also supporting you. They would also get benefited by the new lines. So, why should you not market it and borrow money in the name of Rameswaram, so that this project is implemented at least within three years?

Finally, I would like to submit that there is plenty of land near the railway tracks. You have deviated from the projects given for cable laying. You are saying that since nothing happened in that project, you are leaving it. How can that be left in the middle? This is a very good project. It was already announced in the Railway Budget speech of Kumari mamata Banerjee. If it were not taken up leasing of right of way for optical fibre cable would not materialise.

That is from your speech. When the hon. Minister says like this, you want to neglect it. In the same way, you want to concentrate upon the Golden Quadrilateral and diagonal connection of the four Metros alone. Simply saying that Chennai also is connected with it, will not serve the purpose. It is only fifty kilometres inside Tamilnadu which is going to be covered. Chennai is on the northern side of Tamil Nadu. In no way it is going to help us. We need this type of projects which connect Rameshwaram and also Sivakasi. I hope, Shri Vaiko will also support it, lobby for it and try to achieve it. That way, our area can also be developed. Otherwise, my friend Shri Vaiko and all the 37 Members who are supporting them, should have a second thought about it and see that the socialists who are not having faith upon Lord Rama, should have some sympathy towards us, as it is a backward district.

I would also like to submit that in Namanasamudram-Trichirapalli Division, about 200 families are living on the adjacent side of the railway track, without hindering anything, for the past 30 years. Kindly see that some lease rate is fixed for these people to hold their lands for having shops and also habitation. Otherwise, it may be sold to them on a long period of return.

In the same way, I would like to suggest that computerisation of Sivaganga, as a revenue headquarters, should be done. The Government has taken a policy decision that all the revenue headquarters will be connected through computerisation, but Sivaganga has not been computerised. I have requested the hon. Minister and I gave a petition also to him to connect it through computerisation. Kindly make it also as one of the projects to be implemented in this current year.

With these words, I just remind the hon. Minister that the budgeted BOLT project 'Own Your Wagon Scheme' should be implemented. That is a very good scheme and has to be marketed properly. Professional marketing will bring more funds to the Government. Also, the coach factory should be improved and more investment should be made because more orders are coming. The market is very favourable for coach making. Therefore, that also should be concentrated upon. Work-sheds in Madurai, Trichy and Chennai are also to be improved.

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL (CHANDIGARH): Sir, I am laying my speech on the Table.

सभापति महोदय : ठीक है, आपको अपनी स्पीच सदन के पटल पर प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाती है।

*** श्री पुन्नूलाल मोहले (बिलासपुर) : महोदय, निम्नलिखित वियों को रेल बजट पर मेरे द्वारा दिए गए भाण में माना जाए ।**

1. रेल बजट में बिलासपुर मंडल को सौ करोड़ रुपये की राशि दिए जाने का प्रावधान है, जिसमें से चार करोड़ रुपया दिया जा रहा है,इसे बढाकर 20 करोड़ रूपए किया जाए ।

2. सारनाथ एक्सप्रेस का बिलासपुर (छत्तीसगढ़) के बिल्हा स्टेशन पर ठहराव किया जाए ।

3. अमरकंटक एक्सप्रेस का बिलासपुर, छत्तीसगढ़ के बेलगहन स्टेशन पर ठहराव किया जाए ।

4. छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहर बिलासपुर से अनूपपुर तक लोकल ट्रेन चलायी जाए ।

5. कोरबा से दुर्ग तक इंटर सिटी एक्सप्रेस चलायी जाए ।

6. चिरमिरी-बिलासपुर पैसेंजर को रायपुर तक चलाया जाए ।

7. बिलासपुर-उरकरा खण्ड पर लाइन क्षमता बढ़ायी जाए ।

8. बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में रेलवे भर्ती बोर्ड कार्यालय खोला जाए ।

9. मनेन्द्रगढ़ रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नं0 2 का निर्माण, रेलों की मरम्मत संबंधी कार्य मनेन्द्रगढ़ में ही कराया जाए ।

10. बेलगहना, टेंगनवाड़ा, खेंगसरा रेलवे स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाए ।

11. पेण्ड्रारोड में आरक्षण केन्द्र कम्प्यूटरीकृत किया जाए ।

12. बिलासपुर से लखनऊ तक नयी ट्रेन चलायी जाए ।

13. नयी दिल्ली-भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस को वाया संबल बिलासपुर-कटनी-बीना चलाया जाए ।

। सभा पटल पर रखा गया ।

बिलासपुर रेलवे जोन, (दक्षिण-पूर्वी रेलवे) के अंतर्गत कोरबा बिलासपुर एवं दुर्ग जंक्शन से प्रारंभ होकर क्रमशः विशाखापत्तनम, भोपाल एवं इलाहाबाद तक जाने वाली एक्सप्रेस गाड़ियों में अतिरिक्त शयनयान और साधारण कोच, जोड़कर (क) विशाखापत्तनम से तिरुपति बालाजी देवस्थानम (ख) बिलासपुर-भोपाल से लखनऊ, एवं दुर्ग-भोपाल से लखनऊ और (ग) दुर्ग-बिलासपुर-इलाहाबाद से देहरादून तक सुविधा विस्तार कर दक्षिण भारत के साथ छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश-उत्तरप्रदेश एवं उत्तरांचल के निवासियों हेतु सार्थक सुविधाएं दिये जाने हेतु प्रस्ताव ।

महोदय, सर्वप्रथम, तो मैं माननीय प्रधानमंत्री जी, एवं आपका ह्रदय से आभारी हूं कि भारतीय रेलवे में सर्वाधिक आय-अर्जित करने वाले बिलासपुर रेल मंडल को आप लोगों के द्वारा जोनल कार्यालय घोाति कर यथेठ कार्य किया जा रहा है और निकट/दूरस्थ क्षेत्र के निवासियों को रेल-सुविधाओं का लाभ मिल रहा है ।

मुझे ज्ञात है कि आपके मंत्रालय के लिए अतिरिक्त नई रेलगाड़ियां चलाना कठिनतम कार्य है परन्तु पूर्व से ही चलने वाली रेलगड़ियों में यदि दो अतिरिक्त कोच या बोगी (एक शयनयान + एक साधारण दर्जा) लगाकर टर्मिनल स्टेशनों से जैसे विशाखापत्तनम, भोपाल और इलाहाबाद से पुनः वहीं से प्रारंभ होने वाली रेलगाड़ियों में जोड़कर, क्रमशः तिरुपति बालाजी देवस्थानम्, लखनऊ एवं हरिद्वार-ऋाकेश-देहरादून तक सुविधा-विस्तार आसानी से किया जा सकता है । इस प्रस्तावित सुविधा-विस्तार से दक्षिण भारत, मध्य भारत एवं उत्तर भारत के छह राज्यों के निवासियों को असीमित लाभ मिलेगा । वर्तमान में चल रहीं एक्सप्रेस गाड़ियां का क्रमांक नाम और समय सारणी तथा सुविधा-विस्तारित से प्रभावित/लाभान्वित गाड़ियों का क्रमांक, नाम और समय-सारणी का सम्पूर्ण विवरण आपकी सुविधा एवं तत्काल जानकारी के लिए निम्न रूप से उल्लेखित कर रहा हूं जोकि पेज दो पर हैः-----

13:20 8517 08:30

(A) वर्तमान में - Korba Vishkhapattnam-Daily Link Exp.

11:45 8518 19:00

प्रस्तावितः- दो अतिरिक्त बोगी (1 शयनयान + 1 साधारण) जिसे जोड़ना है निम्न ट्रेन में, जो तिरुपति तक जाती है ।

14:30 7488 06:25

Vishkhapattnam Tirupati-Daily Link Exp.

11:05 7487 19:15

16:25 8453 19:00

(B) वर्तमान में - Durg Bhopal-Amarkantak Exp. Chennai-Lucknow Express

09:30 8454 16:00 T.No.6093

19:20 8225 10:55 10.30 21.00

Bilaspur Bhopal-Mahanadi Exp.

07:50 8226 16:00 Bhopal - Lucknow

प्रस्तावितः- दो अतिरिक्त बोगी जोड़ना है, जिसे भोपाल से चेन्नई

लखनऊ ट्रेन में लगाना है । On Return Journey

15:25 8453 09:55 10.30 5012 5.35

Durg Bhopal-Amarkantak Exp. Lucknow - Nagpur

09:30 8454 16:00 6.30 8033 14.40

एक घंटा पूर्व **18 20 8225** 09:55 ग्ङ्श्द्रह्वह्व ☐ ब्थ्ह्रच्द्रह्वह्व

8034 Durg

समय परिवर्तन Bilaspur Bhopal-Mahanadi Exp.

07:50 8226 16:00

20:10 5159 19:00

(C) वर्तमान में - Durg Allahabad-Durg Chappra Exp.

07:30 5160 15:45

प्रस्तावितः— 17:15 4113 13:10

दो अतिरिक्त बोगी Allahabad Dehradun – Link Exp.

लगाकर देहरादून 08:00 4114 13:20

तक ले जाना है ।

स्वअनुभव के आधार पर सुविचारित वर्तमान समय-सारणी के साथ प्रस्तावित समय सारणी और पूर्व से ही चलने वाली एक्सप्रेस रेलगाड़ियों के साथ दो अतिरिक्त कोच का संयोजन करके आसानी से जन-सुविधाएं बढ़ाई जा सकती है, सिर्फ शर्त है कि आप पर्याप्त रूचि दिखाएं एवं कठोरता से संबंधितों को आदेशित करें..... इसी आग्रह सहित

*** श्री हरीभाऊ शंकर महाले (मालेगांव) : महोदय, आतंकवाद बढ़ने से साम्प्रदायिक शक्तियां बढ़ने से जाकले भारतवर्ष का धुवां बजट पर तारीख 20/3/2002 को बहस हो गयी । श्रीमान वित्त संबंधी यशवंत सिन्हा यशवर हो गये लेकिन उन्होंने शेर का शिकार नहीं किया । भेड़ बकरी का शिकार करके शेर को भेड़ बकरी का गोश्त खिलाया और मस्त किया । श्रीमान रेल मंत्री जी ने रेल बजट सदन में प्रस्तुत किया । एक घंटा उन्होंने समय लिया, उस दौरान सदन में किसी भी सदस्य ने रोका-टोकी नहीं की, यह बात गौरवास्पद है । लेकिन द्वितीय श्रेणी का किराया महंगा हुआ, जरूरी वस्तुओं का भाड़ा भी बढ़ा और मंहगाई की रेलगाड़ी दौड़ायी जाएगी । रेल बजट जनरल बजट का पूरक होता है परन्तु रेल मंत्री जी ने रेल की सुधार करने के लिए भारत सरकार से आर्थिक मदद मांगी है, यह ठीक नहीं है ।**

रेल बोर्ड यह पुराने राजे जैसे बैठे हैं, उसमें परिवर्तन करना चाहिए, जो आर्थिक बोझ रेल के ऊपर पड़ जाता है, सुधार करना जरूरी है । जो किराये पर वृद्धि हो गयी है, वह तो सब पैसेंजर कर्मचारी ही खा गए हैं । इस पर ध्यान देना जरूरी है । प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष करोड़ों रुपयों का रेलवे को नुकसान होता है । प्रतिबंध लगाना जरूरी है । रेल शुरू हुए 150 बरस हो गए, आर्थिक दृटि या खुद पाँव पर खड़े रहना जरूरी था न हो पायी, यह दुर्भाग्य की बात है । खानपान सेवा में सुधार होना चाहिए ।

महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र और जिला नगर महाराट्र राज्य की कुछ समस्या आपके माध्यम से मंत्री महोदय का ध्यान आकर्ाित करता हूं—

1. मुम्बई मध्य रेल लाइन की सब रेल गाड़ियां इलेक्ट्रिक के ऊपर चलना चाहिए ।

2. मुम्बई से देहली एक राजधानी रेल शुरू करना ।

3. नासिक म्यंबकेश्वर 2003 में कुंभ मेला होने वाला है, नासिक रोड स्टेशन को सुधार करना, सोडना और ओदा रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ियां रूकने के लिए टर्मिनल बनाना जरूरी है ।

4. नासिक मनमाड रेल स्टेशन के ऊपर दूरी यातायात करने वाली रेलगाड़ियों को शीा देना ।

5. मनमाड, मालेगांव धुलिया, नरडाना, इंदूर नयी रेल लाइन का सर्वेक्षण हो गया है, रेल लाइन मंजूर करना ।

6. नासिक से पूना नयी रेल लाइन मंजूर करना ।

7. मनमाड स्टेशन को सुधारना ।

- **सभा पटल पर रखा गया ।**

8. नांदगांव रेलवे स्टेशन पवन रेल को शीा देना ।

9. न्यायडोंगरी तावनांदगांव विदर्भ एक्सप्रेस को शीा देना ।

10. मनमाड शहर में रेलवे की जमीन है, राट्रीय शिक्षा संस्थाओं द्वारा स्कूल के लिए मांग की गयी, मांग पूरी करना ।

11. नासिक जिले में अंगूर ज्यादा होता है । यातायात के लिए रेल की सुविधा देना ।

12. येवला तहशील मनमाड, येवला सिकंदराबाद रेल लाइन पर कुसमाडी, यहां नया रेल गेट मंजूर करना ।

13. कुली से वाया इलाहाबाद गोरखपुर एक दिन गाड़ी चलती है, मनमाड रेल स्टेशन पर शीा देना ।

14. कुली से वाया इलाहाबाद छपरा एक दिन गाड़ी चलती है, मनमाड रेल स्टेशन पर शीा देना ।

15. नासिक मनमाड, यहां पुपक रेल को शीा देना ।

16. रेल में जो कुली काम करते हैं, उन्होंने बार-बार निवेदन देकर मांगें की हैं,उन पर सहानुभूति से विचार करना ।

महोदय, आपने मुझे समय दिया, मैं आपका आभारी हूं और आपके माध्यम से विनती करता हूं कि मांगे पूरी करने के लिए कट करें ।

श्रीमती जस कौर मीणा (सवाई माधोपुर) : सभापति जी, धन्यवाद। मैं वर्ा 2002-03 के रेलवे बजट संकल्प के पक्ष में अपने विचार व्यक्त करने के लिए खड़ी हुई हूं। सर्वप्रथम में रेल मंत्री जी को और उनके सहयोगियों को धन्यवाद देना चाहती हूं जिन्होंने पिछले दशक के सभी रेल बजटों के मुकाबले में इस बार अपनी तीव्र बुद्धि से इस तरह का संतुलन बनाया है कि हमारे प्रतिपक्ष के माननीय सदस्यों को बहुत कुछ कहने का मौका नहीं मिल रहा है। किराया वृद्धि को लेकर कुछ माननीय सदस्यों ने चिन्ता व्यक्त की है, लेकिन मैं कहना चाहती हूं कि किसी भी उपक्रम को चलाने के लिए उसका आर्थिक संयोजन करना उतना ही आवश्यक है जितना की सुविधाओं का विस्तार करना। जब अर्थ ही नहीं होगा या हमारी आर्थिक व्यवस्था संतुलित नहीं होगी तो सुविधाओं का विस्तार हमारी आर्थिक नीति की कमर तोड़ देगा और एक दिन ऐसा आएगा जब हम कर्जे के बोझ के नीचे दब कर रह जाएंगे और ऐसा कर के हम भारतीय रेल, जो एशिया की सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण यातायात सुविधा है, उसके साथ न्याय नहीं कर पाएंगे।

माननीय सभापति जी, भारतीय रेलें एक दिन में 1 करोड़ 30 लाख यात्रियों को अपने गंतव्य पर पहुंचाती हैं। लाखों टन माल एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जाता है जिसके कारण जनजीवन को जितनी सुविधाएं होती हैं उन सुविधाओं को मद्दे नजर रखते हुए रेलों के आधुनिकीकरण, रेलों के सुदृढ़ीकरण और रेलों के ि वस्तार की जितनी भी योजनाएं और व्यवस्थाएं हैं उनके प्रति हमें उदार होना पड़ेगा।

हम अर्थव्यवस्था को मद्देनजर रखते हुए, भारत की गरीबी को ध्यान में रखते हुए, भारत के ग्रामीण को ध्यान में रखते हुए, भारत के कृाक को ध्यान में रखते हुए अनेकों प्रकार के विचार रखते हैं किन्तु इस रेल बजट में 16 जन शताब्दियों सहित 48 नयी गाड़ियां चलाकर जनता के लिए यातायात की जो सुगमता रेल विभाग ने दी है, वह तारीफ करने योग्य है। रेल मंत्री जी ने अनेकों गाड़ियों के फेरे बढ़ाकर, कुछ गाड़ियों को विस्तार देकर जन सुविधाओं के लिए जो भी अवसर मुहैया कराये हैं, उन सभी के लिए माननीय मंत्री जी धन्यवाद के पात्र हैं।

20.41 hrs. (Dr. Laxminarayan Pandeya in the Chair)

मैं एक और बात कहना चाहूंगी कि रेल सुरक्षा नीति के क्षेत्र में, जनता की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए, कर्मचारियों की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए जो बजट बढ़ाया है, गत बजट में पिछले साल के बजट में लगभग 129 करोड़ रुपये था जिसे 325 करोड रुपये की वृद्धि करके कर्मचारियों के प्रति गहरी चिंता जताई है। माननीय सदस्यों ने अपने भााणों में कर्मचारियों की सुरक्षा के प्रति चिंता व्यक्त की थी। मुझे लगता है कि उन्होंने बजट भााण के सम्पूर्ण अंश विधिवत् पढ़े होते तो शायद यह दुगुनी वृद्धि इस वर्ा के बजट में जो सुरक्षा की दृटि से रखी गयी है, उसके बारे में उनकी चिंता निर्मूल हो जाती।

जो विशो बात इस बजट में की गयी है, वह यह है कि इस वर्ा यात्री सुविधा वर्ा मनाने के लिए तीन प्रकार की योजनाओं का खुलासा किया गया है। रेल नीर के साथ फूड प्लाजा और पांच वर्ा के बच्चों को निःशुल्क भोजन की जो व्यवस्था इसमें रखी गयी है, वह सराहनीय है । लेकिन मेरा माननीय मंत्री जी से सुझाव है, मैं सोचती हूं कि वह नोट करेंगे कि जब 1 करोड़ 30 लाख लोग प्रतिदिन यात्रा करते हैं तो सवारी गाड़ियों के अंदर स्वास्ट कर्मी और स्वास्थ्य किट की व्यवस्था की जाये। अभी पिछले कुछ दिन पहले मेरे संसदीय क्षेत्र आगरा से कोटा जाते समय एक स्टेशन में एक यात्री की तबीयत खराब हो गई । उसे एक छोटे से स्टेशन पर उतारा गया। लेकिन स्टेशन पर उतरते ही उसे कोई स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिली जिसकी वजह से उस यात्री ने दम तोड़ दिया। उस समय मैं खुद भी वहां पर पहुंची। मुझे अहसास हुआ कि निःसंदेह यात्री गाड़ियों में स्वास्थ्य कर्मी की आवश्यकता अवश्य होनी चाहिए। जहां 1 हजार, 2 हजार या तीन हजार यात्री ट्रेन में बैठे होते हैं, ऐसी स्थिति में

आकस्मिक कोई घटना घटती है तो उसे देखने के लिए स्वास्थ्य किट के साथ साथ स्वास्थ्य कर्मी को अवश्य लगाया जाना चाहिए।

प्रावधान किया गया था पर यह कार्य सर्वेक्षण से आगे नहीं बढ़ सका और तो और इन दानों स्थानों के बीच में एक 4-5 बोगी का अद्धा चलता था उसे भी बंद कर दिया गया । अब वहां एक रेल बस सेवा चलती है । मान्यवर, सारे देश में सुविधाओं का विकास हो रहा है पर मेरे क्षेत्र में आप द्वारा या रेल विभाग द्वारा असुविधाओं का विकास किया जा रहा है । मैं कई बार प्रार्थना कर चुका हूं कि मेडता रोड मेडता सिटी के बीच पहले की तरह एक अद्धा पुनः चलाकर सुविधा उपलब्ध करायी जाए । मुझे पहले यह बताया गया था कि एक पुश एंड पुल ट्रेन चलायी जाएगी पर वो दिन नहीं आया । अतः अविलंब मेडता रोड से मेडता सिटी 5 बोगी की रेल चलायें तथा मेड़ता रोड से मेड़ता सिटी होते हुए पुकर व अजमेर को जोड़ने की स्वीकृति इसी बजट में प्रदान करें ।

मान्यवर, मकराना एक बड़ा नगर है, जिसकी जनसंख्या 70 हजार के करीब है तथा यहां सगमरमर का पत्थर निकलता है । ताजमहल जैसा स्मारक इसी स्थान की देन है । यहां पर यहां की जनसंख्या के अलावा इतने ही अन्य लोग हैं जो विभिन्न पत्थर उद्योगों पर काम करने आते जाते रहते हैं । यह वही जगह है, जहां से करीब 500 ट्रक पत्थर प्रतिदिन देश के विभिन्न नगरों को रेल से जाने वाले पत्थरों के अलावा जाता है । यह स्टेशन जयपुर जोधपुर मुख्य लाइन पर है।यहां मजदूरों को लाने ले जाने के लिए कोई समयानुसार सुविधा नहीं है। इस हेतु लंबे समय से एक 5 बोगी की अद्धा चलाने की बात डी आर एम, जोधपुर व जी एम रेलवे ने स्वीकारी थी, पर उस पर कोई कार्यवाही अब तक नहीं हुई । आशा है इस क्षेत्र के मजदूरों को सुविधा उपलब्ध कराने हेतु इसे अविलंब मेडता रोड व फुलेरा के बीच चलाने की व्यवस्था करेंगे ।

मान्यवर, इस रेल लाईन पर विकास और तीव्र गति से बढ़ता डेगाना जं0 है, जिसकी जनसंख्या 30 हजार को पार करर चुकी है । यह वही रेलवे स्टेशन है जहां से हो कर मरूधर ट्रेन जोधपुर से दिल्ली जाती थी और बड़े-बड़े कई नगरों को सुविधा उपलब्ध कराई जाती रही है । यहां सभी रेलों का ठहराव है पर जोधपुर से कलकत्ता जाने वाली रेल सेवा हावड़ा का ठहराव नहीं है । रतनगढ़ तक जाने वाली रेल सेवा के यात्रियों को इस रेल के लिए डेगाने से बस ले कर मकराना या मेड़ता रोड जाना पड़ता है, जे सरासर अन्याय है । रेल अधिकारी जो समय समय पर निरीक्षण करने आते हैं वे सभी इस बात से सहमत हैं कि डेगाना पर हावड़ा का ठहराव होना चाहिए एवं जल्द ही करेंगे पर वह जल्द वाला दिन अभी तक नहीं आया । आपसे प्रार्थना है कि हावड़ा का ठहराव डेगाना करने के आदेश करने की कृपा करें । वैसे भी रेलों के क्रासिंग के लिहाज से इस हावड़ा रेल को डेगाना माह में 20 से अधिक दिन ठहरना ही पड़ता है । इस ट्रेन के पास समय की भी गुंजाइश है ।

डेगाना जं0 के दोनों ओर नगर बसा हुआ है । स्टेशन के उत्तर की ओर करीब 5 हजार की जनसंख्या रहती है जिनके आने-जाने के लिए रेल लाइन क्रास करने का फाटक बना हुआ था, पर अब डेगाना जं0 से रतनगढ़ की ओर जाने वाली रेल लाइन पर से आने वाला फाटक बंद कर दिया गया है । अब पैदल यात्री तो जा सकता है पर छकड़ी या कोई भी वाहन नहीं जा सकता है । मुख्य रेलवे स्टेशन से कुछ ही मीटर की दूरी से जाना आना होता था पर इसके बंद हो जाने से करीब तीन किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है । गरीब परिवार के लिए सामान का लाना ले जाना दूभर हो गया है । पूर्व में ग्राम पंचायत में जो धनराशि मांगी गई थी, वह जमा करा दी थी, पर फिर भी उसे बंद कर दिया । कृपा कर उसे खुलवाने का आदेश करें । यहां से दो लाइनें निकलती है, एक डेगाना जं0 से जयपुर व दूसरी रतनगढ़ मीटरगेज, इन दोनों लाइनों की देखभाल वही चौकीदार कर सकता है, जो डेगाना जयपुर की रेल फाटक पर लगा हुआ है । कृपया इन्हें यह सुविधा पुनः दिलावें ।

मान्यवर, ब्राडगेज बनने के बाद बड़े स्टेशनों पर शेड बनाने व प्लेटफार्म ऊपर उठाने की अत्यधिक आवश्यकता है । विशोकर उन स्टेशनों पर जहां तीवग्रगति की रेलों का थोड़े समय का ठहराव है । कम ठहराव से व भागादौड़ी से एक्सीडेंट होने की संभावना हर समय रहती है । अतः मेरे क्षेत्र में 1. मेड़ता रोड जं0, 2. डेगाना जं0, 3. मकराना, 4. कुचायन व नावां, 5 नागौर बड़े स्टेशन आते हैं जहां तुरंत प्रभाव से प्लेटफार्म ऊंचे उठाने की आवश्यकता है ।

मान्यवर, मकराना जिसकी जनसंख्या 75 हजार से ऊपर है। इ सके लिए मैंने पूर्व में भी आपसे निवेदन किया है । यह नगर रेल स्टेशन व लाइन के दानों ओर बराबर भागों में बसा हुआ है तथा सभी रेल लाइन से ऊपर होकर आते जाते रहते हैं । अतः यहां उत्तर से दक्षिण भाग के बीच रेल लाइन से ऊपर हो कर जाने के लिए पुल की आवश्यकता है । कृपा कर यह पुल बनाने की स्वीकृति प्रदान करें ।

मान्यवर, यह रेल लाइन आजादी से पहले राज्यों की बनायी हुई है । यहां कई स्टेशनों पर आबादी बस जाने से रास्तों की दुविधा पैदा हो गई है । कई जगह रेल अधिकारियों ने रास्तों पर कब्जा कर लिया है तो कई जगह जनता ने रेल भूमि पर कब्जा कर लिया है । आपसे निवेदन है कि जहां-जहां मुख्य रास्ते की आवश्यकता है, जनता के लिए इन्हें खोला जाए तथा जहां रेल अधिकारियों ने पंचायत भूमि पर कब्जा किया है, इसे तुरंत प्रभाव से खाली करवाने के आदेश करें ।

मान्यवर, मैंने सिर्फ अपने क्षेत्र की कुछ एक बातों की ओर आपका ध्यान आकर्षित किया है । कृपया इसके आदेश करने की कृपा करें ।

***SHRI RAMAKANT ANGLE (MARMAGAO):**

Despite various adverse circumstances I am here to congratulate the Railway Minister for a very progressive Budget. Through you I would like you to request the Rail Minister to grant my following requests:-

Rajdhani Express which runs from Delhi to Goa and back runs only twice a week. Goa being a tourist Palace, I would like to request you to make it every day.

Also I would like to request the Honourable Railway Minister to start a "Palace on Wheels" train connecting Kerala-Goa-Maharashtra which would be attraction to tourist. This would not only increase foreign exchange to our country but will earn sizeable profits to Railway.

Thirdly I would like to request the Railway Minister to raise platforms of Railway stations from Vasco to Collen which falls in my constituency. These platforms were built for Metre Gauge lines but now that broad gauge have been introduced, the platforms are not suitable for the passengers. There are instances that many passengers especially women have fallen down while climbing and alighting and had fractures.

Hope the Railway Minister will oblige my constituency people. I thank you Sir, for giving me opportunity to present my demands.

* Speech was speech was laid on the Table

*** श्री रतिलाल कालीदास वर्मा (धन्धुका)**

महोदय, वा 2002-2003 के रेलवे बजट में सरकार की ओर से आम जनता के हित के लिए जो सुविधाएं उपलब्ध करायी गई है उनकी मैं सराहना करता हूं । नये वियों में यात्रियों की सुख सुविधा का भी ध्यान रखा गया है तथा हमारे गुजरात को भी नयी गाड़ी देकर हमारी भी आशाओं को आंशिक संतुट किया है ।

लेकिन मंत्री महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र धन्धुका में आम जनता के लिए रेल गाड़ियों में सुख सुविधा की बात मैं कई वााें से करता आ रहा हूं । मेरे चुनाव क्षेत्र के अंतर्गत विरमगांव साणंद, धोलका, बावला,धन्धुका ,राजपुर, बोटाद एवं धौला जंक्शन आदि महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन आए हुए हैं । यहां से मुम्बई व दिल्ली जाने के लिए यात्रियों को आरक्षण कोटे की व्यवस्था नहीं है और जहां-जहां आरक्षण कोटा आवंटित है वहां अपेक्षाकृत बहुत ही कम मात्रा में है । उसे बढ़ाने के लिए एवं जहां नहीं है वहां आरक्षण कोटा प्रारंभ करने के लिए मैंने लिखित व मौखिक रूप से कई बार आपको आग्रह किया है पर मुझे अभी तक संतुट नहीं किया गया । इसके साथ ही सुरेन्द्र नगर से भावनगर रेलवे लाईन के आमानपरिवर्तन के कार्य को शीघ्र ही पूरा करने के लिए आपसे अनुरोध करता रहा हूं । विरमगांव से महसाण्घा के गेज परिवर्तन का कार्य भी बड़ी मंथर गति से चल रहा है । पैसेंजर गाड़ियों में भी बहुत कमी आई है जिसके परिणामस्वरूप इन रेलवे लाइनों के परिवर्तन के कार्य को शीघ्र ही पूरा करने के लिए आपसे अनुरोध करता रहा हूं । विरमगांव से मेहसाणा के गेज परिवर्तन का कार्य भी

----

* सभा पटल पर रखा गया ।

बड़ी मंथर गति से चल रहा है । पैसेंजर गाड़ियों में भी बहुत कमी आई है जिसके परिणामस्वरूप इन रेलवे लाइनों के मध्य आने वाले स्टेशनों पर यात्रियों के आवागमन में भारी कमी हुई है । इसी लाईन पर अति महत्व का स्टेशन कटोंसण जंक्शन है । आमान परिवर्तन नहीं होने से यहां के व्यापारी गण आर्थिक मुसीबतों का सामना कर रहे हैं तथा व्यापार ठप्प सा हो गया है ।

मेरे भावनगर व राजकोट डिवीजन के कुछ गांवों के पास से गुजरने वाली रेलवे लाईन पर मानव रहित फाटक बनाये गये हैं जिससे किसानों को आवागन में बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, दो तीन कि0मी0 तक उन्हें रेलवे क्रास करने का रास्ता भी नहीं मिलता । मेरी मांग है कि ऐसे मानव रहित फाटकों पर गेट कीपर की नियुक्ति की जायें ।

अहमदाबाद से सौराट्र की ओर जाने वाली लोकल गाड़ियों में यात्रियों को सुविधाओं की बहुत कमी है । कभी-कभी रात्रि के समय डिब्बे में बिजली भी नहीं होती, गर्मियों के दौरान पंखे नहीं चलते । डिब्बों में पानी की आपूर्ति नहीं होने के कारण शौचालय बहुत ही गंदगी से अटे पड़े रहते हैं । कुल मिलाकर स्थिति यह है कि डिब्बों में साफ सफाई बिल्कुल ही नहीं रहती । बिजली की आपूर्ति नहीं होने के कारण महिला यात्रियों को असुरक्षित स्थिति में यात्रा करनी पड़ती है । इन रात्रि ट्रेनों में पुलिस व्यवस्था भी नहीं होती । अतः मेरी मांग है कि डिब्बों की पूर्ण साफ सफाई, बिजली एवं पानी की आपूर्ति के साथ-साथ सुरक्षा की दृटि से पुलिस की व्यवस्था भी की जाए । रेलवे स्टेशनों पर ठंढे पानी के कूलर व यात्रियों के बैठने के लिए बैंचों की भी व्यवस्था की जाए ।

महोदय, पूर्व कथित रेलवे स्टेशनों पर कम्प्यूटर आरक्षण केन्द्रों की भी अत्यंत आवश्यकता है । इसलिए इन स्टेशनों को कम्प्यूटर प्र णाली से जोड़ा जाना चाहिए । चूंकि हर जगह पर प्रायः पैसेंजर एसोसिएशन होती है तथा नियमित आवागमन करने वाले पासधारकों की भी एसोसिएशन होती है । जब भी रेलवे अपनी समय सारिणी में परिवर्तन की आवश्यकता समझे तो मेरी मांग है कि इन यात्री समूहों, एसोसिएशन एवं उनके पदाधिकारियों को विश्वास में लेकर ही समय परिवर्तन किया जाए , ऐसा मेरा अनुरोध है। देखने में आता है कि अकसर यात्रा के दौरान यात्रियों को भारी परेशानी व असुरक्षा से रूबरू होना पड़ता है । जिन स्टेशनों पर चोरी की ज्यादा घटनाएं होती हैं वहां के रेल कर्मचारियों को ही इसका जवाबदेह ठहराना चाहिए इससे इन अप्रिय घटनाओं में कमी आ सकती है ।

बावला में रेलवे स्टेशन के पास लोगों के आवागमन के लिए भूमिगत मार्ग बनाने की मांग लंबे अरसे से मैं करता आ रहा हूं । महोदय, इसके लिए रेल अधिकारियों द्वारा सर्वेक्षण भी किया जा चुका है । बावला नगरपालिका इसमें अपना आर्थिक सहयोग देने के लिए भी तैयार है, फिर भी यह कार्य प्रारंभ नहीं हो रहा । मेरी समझ में नहीं आता कि इतना सब कुछ हो जाने के बाद भी कार्य प्रारंभ में कहां बाधा आ रही है । मेरी मांग है कि इस भूमिगत मार्ग को जल्दी से जल्दी आरंभ कर जनभावनाओं का सम्मान करना चाहिए । धौलका रेलवे स्टेशन के पास बनी मस्जिद व धौलका शहर में बरसात का पानी इकट्ठा हो जाने के कारण बरसाती जल निकासी के लिए रेलवे पटिरयों के नीचे से पाईप डालने की मांग मैंने व स्थानीय जनता ने कई बार की है । लेकिन बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि रेल अधिकारियों के असहयोग की भावनाओं के कारण यह कार्य शुरू नहीं हो सका । इसी तरह विरमगांव में "निलकी" फाटक के पास रेलवे का गंदा पानी इकट्ठा होता है जिससे स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है । माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि बरसाती जल की निकासी हेतु मार्ग प्रशस्त करने व रेलवे के गंदे पाने को विसर्जित करने की व्यवस्था कराने के भी निर्देश दें । मंत्री जी, मरे पूरे संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं पेयजल लाईन तो कहीं फोन लाईन रेलवे लाईन के कारण निलंबित पड़ी है । ऐसी जगहों पर शीघ्र ही डिवीजनल रेलवे मैनेजर के द्वारा अनुमोदन दिया जाये ताकि पानी व टेलीफोन जैसी मूलभूत सुविधाओं से आम जनता को वंचित न रहना पड़े ।

अंत में, मेरा यही कहना है कि "रेल यात्रा, अब जीवन यात्रा" का पर्याय बन गई है इसलिए "रेल यात्रा एक जीवन सहाय यात्रा" बने, इसके लिए हर संभव एवं यथोचित प्रयास करने चाहिए । महोदय, सदन के माध्यम से मेरी मांग है कि मेरे संसदीय क्षेत्र धन्धुका के अंतर्गत स्थित सभी रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुख सुविधाएं उपलब्ध कराके उसकी शान एवं आन में बढ़ोत्तरी करें, इतना कहकर मैं मेरी वाणी को विराम देता हूं ।

*** श्री भेरूलाल मीणा (सलूम्बर)** मेरी पाटी की ओर से ज्यादा वक्त होने के कारण मुझे रेल बजट पर अपने विचार रखने का अवसर नहीं मिला । इसलिए, मैं रेल मंत्रालय से संबंधित अपने निम्न विचार लिखित रूप में प्रस्तुत कर रहा हूं-

राजस्थान में ब्राडगेज के विस्तार करने के लिए सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं कि मैं 10वीं लोक सभा से 13वीं लोक सभा तक लगातार चौथी बार निर्वाचित होता आ रहा हूं तथा तब से लोक सभा में लगातार यह मांग करता रहा हूं कि महाराणा प्रताप की जन्मभूमि एवं कर्मभूमि को अब तक देश की राजधानी से ब्राडगेज से नहीं जोड़ा गया है । मैंने इस संबंध में संसद में धरना भी दिया, जिसके फलस्वरूप उदयपुर में ब्राडगेज के लिए उद्घाटन किया गया किंतु जो कार्य चल रहा है वह नहीं के बराबर है । राजस्थान के दक्षिणी राजस्थान में उदयपुर, डूंगरपूर में 80 प्रतिशत आबादी आदिवासी जनजाति की है । इस क्षेत्र के विकास को अवरूद्ध कर जनजाति बहुल क्षेत्र के लोगों के साथ भेदभाव किया जा रहा है ।

मेरा अनुरोध है कि अजमेर से उदयपुर वाया भीलवाड़ा - चित्तौरगढ़ को ब्राडगेज के लिए पर्याप्त धनराशि स्वीकृत की जाए । उदयपुर राजस्थान में मारबल की खानें हैं और हिन्दुस्तान जिंक, आर एस एम एम और धागा मिलें भी है ।

----

* सभा पटल पर रखा गया ।

पर्यटन स्थल होने के कारण विभिन्न देशों से विदेशी पर्यटकों का भी उदयपुर-चित्तौड़गढ़ क्षेत्र में बराबर आना जाना लगा रहता है । ब्राडगेज रेलवे लाईन के अभाव में इस क्षेत्र के पर्यटन उद्योग और औद्योगिक विकास के कार्यों को वह गति नहीं मिल पा रही है, जो होनी चाहिए ।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि अजमेर से उदयपुर वाया भीलवाड़ा - चित्तौड़गढ़ को ब्राडगेज करने हेतु पर्याप्त धनराशि का प्रावधान इसी बजट में किया जाए ताकि इस आदिवासी जनजातीय क्षेत्र का तीव्र गति से विकास हो सके ।

***SHRIMATI SANDHYA BAURI (VISHNUPUR)** : Sir at the outset I oppose the Railway Budget because this Budget is both anti people and anti woman. Although the fact remains that this year Indian Railways has completed 150 years and it has been declared as the Passenger Amenities year yet the Budget has been harsh for the common man. Both the passenger fare and freight has been enhanced causing great hardship for common man. I have a feeling that both the Finance Minister and the Railway Minister sat together and consulted secretly and then prepared the Budget because prices of cooking gas, kerosene, sugar and fertiliser have been increased in General Budget. Later the prices of food grains, edible oil, pulses, manures, urea, common salt, coal have been increased causing hardship for common man and particularly the woman folk. Women have to look after the daily requirement in the family. This is increase in prices of essential commodities would create more problems in their already hard-pressed daily expenses. The Railway Minister justifies his action by saying that this marginal increase will yield additional revenue of Rs 450 crore during the year.

It is unfortunate that the Railway Minister did not understand the ground reality and prepare this anti people Budget. That this Budget is anti people can be proved by citing certain measures adopted by the Minister. Rs 15 crore will be raised from monthly ticket holder, 345 crore from ordinary sleeper and 155 crore from 2nd class express train passengers and 116 crore from mail trains. On the other hand only Rs 51 crore will be

*English translation of speech originally delivered in Bengali.

raised from the luxurious AC chair car, 50 crore from AC III tier and 9 crore from first class. That means 90% will be raised from the pocket of the poor and the middle class. Freight charge on salt, food grains, pulses, oil coal, manure has been increased. This aspect has been mentioned by my colleagues previously. I do not want to repeat that. But I must say that this increase in freight yielding Rs 450 crore and in fare yielding 910 crore totalling 1360 crore is to be realised from the poor and the middle class. We know that 40% of our people live below poverty line. How they are going to get even one square meal a day?

Now I would like to mention about some projects in my constituency and in my State West Bengal. The projects for West Bengal have been proposed only for the sake of declaration. It was very much obvious from the meagre budgetary allocation about the implementation of these projects as the budgetary allocation is far from adequate. Moreover, the amount declared was reduced during payment Rs 20 crore has been allocated this year for an important project like Tamluk Digha whereas the amount required is 52 crore. The allocation sanctioned for this important project is only Rs 20 crore whereas the money needed is to the tune of 52 crore. The same hold true for Panshkura Haldia project only 1 crore was sanctioned for this project and only Rs 80 lakh have been realised so far. This year again just Rs 1 crore has been sanctioned. The money needed in future for this project is 22 crore. BDR rail line comes under my constituency. The ex Railway Minister and the present Railway Minister visited the area and declared that the project will be taken up. Rs 40 crore was sanctioned and work done was only for 6 crore 68 lakh. This year allocation of 25 crore has been sanctioned but 123 crore is needed to complete this project. I urge upon the Railway Minister to increase amount for this project. There was an announcement for expansion of BDR till Mukutmani but nothing has been done so far. Survey must be conducted and money must be sanctioned. Besides, this rail line must be expanded from Mukutmani via Bandoan to Tata. The rail track from Ranigunj to Durlabhpur has been constructed by DVC. This should be expanded till Bankura. The passenger train should run till the time the expansion is completed.

Over bridge or fly over the urgently needed at Vadul Mode and Notunchati. Both these roads are overcrowded and being the main road there is always heavy traffic rush on the road. Subway is also needed at Bankura Station. There is no cover on the newly constructed over bridge at Bankura station. It is urgently needed and when strong storm before summer rain before monsoon set in the cover must be completed. I request the Minister to do the needful. I want to make one more request. The train no. 2815/2816 Poorie-New Delhi Super Express should run for 7 days instead of 4 days. 6309/6310 Patna-Cochin Express and 8449/8450 Patna-Poorie Express should run thrice a week.

From Durgapur to Howrah two trains Coal Field and Mayurakshi become fully crowded at 8.30 in the morning and leave for Howrah. But there is no train in between directly for Howrah till evening. So I request to provide a fast passenger train so that the people have no difficulty to go to Howrah and do their work. Like Eastern Railway, monthly ticket till 250 km should also be introduced for South Eastern Railway.

It has also been mentioned by my previous colleague for a second bridge on the river Kaurabati. I also request for the same.

Now I must point out another important issue. So many times there is no electricity inside the compartment. The glasses of the window are broken. Keeping in view the security factor these issues should be taken care of. Moreover, there is water scarcity dirty toilets with stinking smell polluting the atmosphere have remained a regular feature in railway compartment. These may sound small issues. But these are important issues. I hope the hon. Minister will take into account these issues in this year of passenger amenities year.

With these suggestions and thanking you for giving me an opportunity to participate in the discussion, I conclude my speech.

***श्री ब्रह्मानन्द मंडल (मुंगेर) :** महोदय, रेल बजट 2002-2003 पर मैं निम्नलिखित मांगों की ओर आपका ध्यान आकर्षित करता हूँ : -

1. लूप लाइन किऊल से कजरा और रतनपुर से जमालपुर रेल लाइन का दोहरीकरण किया जाये।
2. लूप लाइन साहेबगंज से किऊल तक का विद्युतीकरण किया जाये। 1996-97 के स्थायी समिति रेल में इस संबंध में रिपोर्ट में सुझाव दिया है।
3. आर.डी.एस.ओ. ने 2300 अरब शक्ति डीजल इंजन का डिजाइन तैयार किया है, उसके निर्माण के लिए जमालपुर रेल कारखाने को कार्यभार दिया जाये।
4. मुंगेर, बिहार गंगा नदी पर रेल सह सड़क पुल के लिए मात्र 5 करोड़ रुपये दिये गये उसे बढ़ाकर 2002-2003 के बजट में 50 करोड़ किया जाये।
5. बजट में लूप लाइन में कोई नयी ट्रेन नहीं दी गयी है। इसलिए साहेबगंज से पटना तक एक जनशताब्दी ट्रेन दी जाये।
6. जमालपुर में रेलवे का एक डिवीजन हेड क्वाटर होना चाहिए। स्व. केदार पाण्डे जब रेल मंत्री थे, उस समय उन्होंने जमालपुर में रेल डिवीजन के लिए कहा था। लेकिन जमालपुर का डिवीजन मालदा चला गया। मालदा में गंगा का सिर्फ एक छोटा सा घाट था और एक हाट था। अब वहां रोजगार का सजन हुआ है और एक शहर बन गया है। जमालपुर में 140 साल पुराना रेल कारखाना है, वहां सभी साधन उपलब्ध हैं। वहां डिवीजन की स्वीकृति होना बहुत जरूरी है।
7. जमालपुर रेल कारखाने में कार्यभार बढ़ाने के लिए जितने भी निजी क्षेत्रों और विदेशों से पार्ट पुर्जे, बड़े या छोटे मंगाये जाते हैं, उनका निर्माण जमालपुर रेल कारखाने को दिया जाये। क्योंकि रेल कारखाना, जमालपुर कम लागत में इसका निर्माण कर सकता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण है 140 टन का गोट बाल्ट क्रेन का निर्माण, जो मात्र 7 करोड़ रुपये में किया गया है। जबकि जर्मनी से मंगाने पर 15 करोड़ रूपये देना पड़ता था।

* सभा पटल पर रखा गया।

8. लूप लाइन के धरहरा स्टेशन पर बिक्रमशिला एक्सप्रेस का ठहराव दिया जाये।
9. लूप लाइन में दरियापुर में हाल्ट की स्वीकृति जल्द दी जाये उसका स्टेटमेंट बन चुका है।
10. रेल बजट 2002-2003 में तीन नीतिगत निर्णय लिये गये हैं। एक-कुशलता में वृद्धि, दो- खर्च में कमी, तीन-मूलभूत खर्चे में निवेश जिससे परियोजनाओं में पारदर्शी फार्मूलों के आधार पर संसाधनों का बंटवारा उचित और न्यायसंगत तरीके से हो सके। इस प्रयोजन के लिए 3 प्रमुख आधार तैयार किये गये हैं। 1. राज्य का क्षेत्रफल 2. राज्य की जनसंख्या 3. राज्य में परियोजनाओं को बकाया राशि के आधार पर पूरा करना जिसका अनुपात क्रमशः 15 प्रतिशत, 15 प्रतिशत और 70 प्रतिशत रखा गया है।

बजट में अतीत की गलतियों से छुटकारा, वर्तमान का सुदृढ़ीकरण और भविय की जो रूपरेखा तेयार की गयी है, वह स्वागत योग्य और सराहनीय है। पहली बार रेलवे की एक सुसंगत रणनीति तैयार की गयी जिसकी जितनी सराहना की जाये वह कम होगी।

पूर्व रेलवे के लूप लाइन की उपरोक्त सभी मांगों और सुझाव बजट की नयी नीति और रणनीति के आधार पर की गयी है। साहेबगंज से किऊल तक की आबादी 3 करोड़ 50 लाख से ज्यादा है। जबकि रेल की लंबाई 220 कि.मी. के करीब है। यह भूभाग प्राचीन काल में अंग प्रदेश के नाम से जाना जाता था। यह महाभारत कालीन है।

पर्यटन की दृटि से भी यह क्षेत्र जाना जाता है। भारत की नौ शक्तिपीठों में एक मां चण्डी स्थान ऋाि कुंड,श्रंग ऋाि आश्रम, सीता चरण, सीता कुण्ड, जैन मंदिर, लहुआर विक्रमशीला इत्यादि है। इसलिए पर्यटन उद्योग विकसित करने के लिए भी रेल साधन का विकास आवश्यक है। कट हरणी घाट, रामायण कालीन धाट जिसे देखने और स्नान करने हजारों लोग आते हैं।

SHRI VAIKO (SIVAKASI): Mr. Chairman, Sir, I rise to support the Railway Budget. Hour hon. Shri Nitish Kumar deserves to get the proudest privilege to head the Ministry of Railways in its 150th year. Shri Rashtrapal expressed his agony that because be belonged to the Congress Party, whether his demands have been neglected.

For the first time, when this Budget was presented in this House only this year, there was no uproar from any quarter. Many Members from many States have got their own grievances. But the Minister of Railways tried to do justice without an attitude of discrimination and applied a formula. But his hands are tied. There are financial constraints. He wants to be generous. He wants to please everybody. This is the problem. But I quote his speech how he has applied this formula:

> "I have considered three major criteria, namely, the area of the State, the population and the pro-forward projection of a State. The weightage given to these three criteria is in the ratio of 15 per cent, 15 per cent and 70 per cent, respectively. Based on these percentages, the share of the available funds to different States has been calculated."

I would like to make a request for his kind consideration. This is a clear formula. He has applied it for the first time. I would also request him to take into account the total route kilometres of metre-gauge getting Statewise break-up figures and a need for conversion from metre-gauge to broad-gauge. Actually, when the British *Raj* was there, the prominence was given to the then Madras Presidency. Therefore, all the lines were metre-gauge lines. I am thankful to the Minister of Railways. When he assumed the charge as Minister, most of the neglected projects were considered by him and sanctioned. For example, Virudhunagar *via* Sengottai-Tenkasi to Quilon. It connects both my State and Kerala. At the same time, it is covering the pilgrim centre Shankaran Kovil-Tirunelvelli-Thenkasi-Tiruchendur. It is a major project. The United Front Government rejected it on the ground of feasibility.

But when he assumed charge as the Railway Minister, he sanctioned it. I will fail in my duty if I do not express my gratitude towards him. He took up the issue with the Railway officials and again I also went to the hon. Prime Minister, Shri Vajpayee, we made a representation with the help of the Railway Minister. Again it was put to the Cabinet Committee on Economic Affairs and it was sanctioned and a sum of Rs. 257 crore was sanctioned for a track of the length of 357 kms. Now it has escalated to Rs.400 and odd crore. He has allotted a sum of Rs.25 crore and I am thankful to him for that. I know the constraints because the total allotment is Rs.862 crore. There is a need for a sum of Rs.12,000 to Rs.13,000 crore to complete the project.

<u>21.56 hrs.</u> (Shri P.H. Pandian *in the Chair*)

Therefore, out of the Rs.862 crore, he has to, of course, give the shares to all the States. I am thankful to him that last year he allotted a sum of Rs.20 crore and this year he has allotted a sum of Rs.25 crore.

Sir, when we heard the news, most of the projects, which were sanctioned last year, suddenly the scheme of BOLT will apply to these projects, it was a bolt from the blue. Then, I took up the matter with the Railway Minister and immediately he called for the officials and he gave instructions immediately that no projects will be stopped for paucity of funds.

Likewise, this year, for Cuddalur-Salem, he has allotted a sum of Rs.15 crore, the allotment last year was only Rs.6 crore. For Tiruchirapalli-Nagoor, he has allotted a sum of Rs.13 crore. For Virudhanagar-Kodaiyur, he has allotted a sum of Rs.25 crore. For Madurai-Rameshwaram, now the allotment is Rs.5 crore, whereas it is Rs.10 crore last year. I agree with Shri Sudarsana Natchiappan that this is a very important project. Our Minister may be also interested in this because in view of the fact the Government is committed to implement the Sethusamudram Canal project, a dream project of Tamil Nadu for more than 100 years, Rameshwaram will become a pivotal centre. So, it will serve both the purposes.

The *Bhakhtas* come from all over India to Rameshwaram and where they congregate there, there is no problem in that. There is a Dargah. Our Abdul Kalam hails from Rameshwaram. Communal harmony is there. There is no problem. But from this point of view, from Madurai to Rameshwaram, more funds should be allotted.

When the hon. Minister of State, Shri Digvijay Singh, visited the area, he was convinced that from Virudhnagar-via-Arappakotai to Manamadurai, which is the tail-end, also should be included for gauge conversion. Then the whole

chain will be covered. Therefore, I would request the hon. Railway Minister to allot more funds for this Madurai-Rameshwaram project.

In this project, some of the innovative features have been introduced. I would appreciate and congratulate him for his keen interest to promote sports in the Railways. Therefore, during this year, eight sports persons from Railways have been honoured with Arjuna Award. It is an all-time record. The sports quota in Group C & D has been increased from 649 to 1200, and the cash award to be given to various awardees of Arjuna, Dronacharya and Rajiv Gandhi Khel Ratna Awards has been doubled. I congratulate him for this.

To commemorate the historic and momentous day, that is, the 16th April 1863, when the first train steamed out of Boribander for Thane, he is introducing 16 inter-city train services to be called as Jan-Shatabadi Express Trains. I commend his efforts. In this regard, I would request the hon. Minister to consider, to introduce a Jan-Shatabadi Express train in our State of Tamil Nadu.

Sir, moreover in the new lines, I have to express my thanks for introducing the following additional express trains between Chennai-Egmore-Trivandrum via Nagarcoil, Nizamuddin-Kanyakumari...(*Interruptions*)

22.00 hrs.

MR. CHAIRMAN : Shri Vaiko, please wait. Now, the time is 10 p.m. There are ten more Members to speak. I would like to take the sense of the House to extend the time of the House by one more hour. Shall we extend the time of the House by one hour?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI DIGVIJAY SINGH): How many more speakers are there?

MR. CHAIRMAN: More than 10 Members are there to speak.

SHRI DIGVIJAY SINGH: Sir, you can give three minutes each to them so that within 30 minutes, all the speeches would be over. After that, the Railway Minister also would reply.

SHRI NITISH KUMAR: Mr. Chairman, Sir, I will take half an hour for reply.

MR. CHAIRMAN: We shall try to conclude it early. Shall we extend the time of the House by one more hour?

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

MR. CHAIRMAN: So, the time of the House is extended by one hour.

Now, Shri Vaiko, you can continue your speech.

SHRI VAIKO : Mr. Chairman, Sir, realising the constraint of time, I also run like Shatabdi Express. The hon. Minister has introduced a new train from Nizamuddin to Kanyakumari *via* Villupuram. I thank the hon. Railway Minister for introducing these two trains.

Sir, he has introduced a novel idea to cater to the needs of the travelling public, that is, Rail Neer. So, he is going to set up a plant for manufacture of packaged drinking water under the brand name 'Rail Neer'. I am so glad about it. Some Member has said that this word 'Neer' is a root word from Sanskrit. Actually, it is a root word from Tamil. This word was used in Tamil 4,000 years ago.

Sir, in Tamil Nadu, when you took the reins of the Railway Ministry, we were so happy. Sir, you were so magnanimous. At the same time, because of paucity of funds, the expected funds have not been allotted in some areas.

Anyhow, as I told you earlier, the factor as to how much metre gauge lines are pending should be taken into consideration in your formulae from next year. When you give the priority, kindly see that the important projects are completed within the shortest possible time.

Sir, once again I commend his efforts. I thank the hon. Railway Minister for the best efforts he is trying to provide for Tamil Nadu.

SHRI AJIT KUMAR PANJA (CALCUTTA, NORTH EAST): Mr. Chairman, Sir, as has already been mentioned by the hon. Members, this is the 150th year of the Railways. Along with that, we are in the opening year of the Tenth Five Year Plan.

The hon. Minister has declared 2002-2003 as the 'Passenger Amenities Year' − it is very much welcome − to

commemorate, I understand Mr. Chairman, stronger and more satisfying future built on past lessons of achievements and deficiencies.

While the Railway Budget 2002-03 has rightly given a major thrust on expansion and safety, some questions arose. We would like to know whether the 'missed priorities' have been taken care of. I have found six 'missed priorities', areas of concern. I am sure the hon. Railway Minister will take care of them. They are -low productivity; non-optimal capacity utilisation of assets; gradually declining share in the goods and passenger traffic in competition with the road transport; inadequacy of cost control as a strategic function; needs for structural changes; and need for perceiving Railways as a full-fledged commercial enterprise.

Rationalisation of freight structure is a welcome direction. Simultaneously, passenger amenities need to be upgraded. To my mind, to achieve this objective, two things are to be taken into consideration. Firstly, the passenger must 'feel good' about travelling by train and secondly he must have comforting 'sense of arrival' by experiencing a 'fundamental integrity', in safety, reliability and comfort.

Regarding convenience to comfort, Mr. Minister, the sense of direction needs to be changed. You have given emphasis on convenience. It is welcome. But I feel that in this year, you will give a sense of changing direction from convenience to comfort. Towards this end, specially declared passenger amenities this year are very much welcome but there is a provision of only Rs.200 crore. The Budget estimates for 2001-02 was Rs.190 crore. It sounds very paltry. I am sure you will give a thought to it. To give effect to your vision and imagination for increasing the passenger amenities, Rs.200 crore will be too little for this vast country.

Resource mobilization is a major factor. The Annual Plan, 2002-03 has been fixed with a total outlay of Rs.12,330 crore. Out of this, capital from general exchequer is only Rs.3,540 crore. The balance resources have to be generated internally or through market borrowings. The Railways have estimated their net traffic receipts as Rs.2,410 crore. The targeted total receipt is Rs.41,338 crore. The project working expense is Rs.39,128 crore. Therefore, there is a need for accelerated resource mobilization internally. Market borrowings will involve cost of capital. Optimum exploitation of all the assets and resources including 6853 Railway Stations should be taken up as a major task during 2002-03.

My appeal to the hon. Minister is, kindly form an expert group to go into this major point to identify sources, to find out resources and to draw up an actual action plan.

I am sure the Minister is aware of the ratio of goods carried by both road and rails. In the year during Independence, 11.89 per cent was to travel by road and 89 per cent goods were to be carried by railways. Now, the ratio has become 60:40, that is, 60 per cent is transported through road and 40 per cent is through the railways. This needs a total change....(*Interruptions*) The Minister will take into consideration that in future there will be a steep competition for the Railways in view of the "golden Quadrangle" for connecting four metropolitan cities by roads. Road improvements are welcome but this will be a competitor to Railways in improving its earnings. Along with that, roads connecting Jammu and Kashmir to Kanyakumari and Guwahati to Somnath as 'express ways' are also being constructed. On completion of these roads, which are also necessary for the country, Railways appear to have not given much thought for increasing their infrastructure rationally.

Rakesh Mohan Committee was formed by the hon. Prime Minister. It is well known that Shri Rakesh Mohan is one of the best economic experts in our country. Mr. Minister, the main recommendations are to be given effect to.

You have started with the increase of fare. Regarding commercialisation of the railway system, non-core activities of the railways should be given to private sector and core activities should be kept with the Railways with more emphasis on safety and better performance. Through an independent Central Corporation which will recommend the increase for the railway freight and goods and also fare for the tickets on the basis of proper commercialisation, this has to be done. So far this has been done successfully in Electricity and Telecommunications and are giving good results. My appeal to the Minister is that please do not brush aside the Rakesh Mohan Committee Report as done by your predecessor without knowing the ABCD of railway economics.

When expert committees are formed, a lot of public expenditure is incurred. So, the recommendations are to be accepted by the Government wherever found reasonable.

So far as West Bengal is concerned, we thank you for providing something new. I do not want to take the time of the House by repeating some of the points that have already been made. However, Thirteen projects have been given only Rs.1 crore each. With Bonga on- Petropol, I had some connection as Minister of State in the Ministry of External Affairs. A double line is a must to start business with Bangladesh in a proper manner. Thirteen important projects have been given Rs.1 crore each and four other projects (including the said Bongaon − petropol) have been given Rs.1 lakh each, at random, without considering the public utility aspect. It looks like proper application of mind has not taken place. I have given 23 items. I am sure, the hon. Minister would consider them. If the hon.

Chairman permits, I would lay the details on the Table of the House.

There is a lot of confusion in West Bengal on at least six to eight projects. For the Amta new line the allocation last year was Rs.30 crore but now it has become Rs.5 crore. The Digha-Tamluk line got Rs.40 crore last year but now it gets only Rs.20 crore. For the Panskura-Haldea double line Rs.10 crore were allocated last year but only Rs.1 crore has been allocated this year. In respect of the Lakhimpur-Namkhana from Rs.15 crore last year, the allocation has come down to Rs.3 crore this year. Last year, Rs.20 crore were allocated for the Sonarpur-Canning line but it has now been allocated only Rs.1 crore. For the Eklakhi-Balurghat new line only Rs.20 crore has been allocated this year against Rs.50 crore last year. For the Bandel-Jirat double line, only Rs.1 crore has been allocated this year while Rs.7 crore were allocated last year. In the case of Calcutta Metro Rail, one of the prime projects of success of the Railways, the allocation of Rs.90 crore last year has become Rs.35 crore this year. I could not find the reasons in the Budget papers for these reductions in allocations. If there are good reasons for such reductions, we can explain them to the people. I hope, the hon. Minister would explain in his reply why this reduction has taken place. I would also like to know whether the money allocated in the last year's Budget has been spent and if not who was responsible for not spending the money. This has been done, it appears, with non-application of mind. I am sure, the hon. Minister, with the help of expert Members on the Board, would kindly apply his mind.

The hon. Minister has been applauded for giving a very good Budget but I am afraid he has done so at the expense of his own State. I can give you some startling figures. The State of Bihar has an area of 84,163 square kilometres and a population of 8,28,78,763 but the railway route is only 3,442 kilometres. Compared with other States it looks that Bihar has not been looked after. I am sure, the Mother State of the hon. Minister should be looked after and he should not feel shy. The Railway lines are the arteries and veins of our vast country and if there is a clogging in one part of the veins, there would be various types of ailments for the Railways.

Assam has not been properly dealt with. In respect of Orissa, the figures are very startling. It has 1,56,000 square kilometres of area and four crores of population but is has got only 2,390 kilometres of Railway routes. In the case of Tripura, it is only 45 kilometres and for Mizoram it is only two kilometres. I would really request the hon. Minister to look into the needs of West Bengal. The eastern part has not been looked after properly. West Bengal, Bihar, Assam, the North-Eastern region, eastern part of UP and Orissa need to be taken care of. Immediate completion of the double line from Khurda to Puri is essential, Puri being an international centre for tourists since the famous temple of Lord Jagannath and the Sun Temple at Konark have heritage value.

I support this Railway Budget fully. I do not agree with the statement made by Shri Sudip Bandyopadhyay that the Railway Minister has 'befooled' the House. I seriously object to it. I make it clear through you to all that this is not the view of the Trinamool Congress. So far as the Trinamool Congress is concerned, ...(*Interruptions*)

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (CALCUTTA NORTH WEST): He is not representing the Trinamool Congress. He has been suspended from the Trinamool Congress. How can he be allowed to speak on behalf of the Trinamool Congress? ...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You can place the paper on the Table.

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY : Which party is he representing, Sir? He is a suspended Member from the party.

MR. CHAIRMAN : Inside the House, he is a Member of Parliament.

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY : He is not representing the Trinamool Congress. That is what I want to tell.

MR. CHAIRMAN: He is not representing any party.

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY : Is he talking as an independent Member?

MR. CHAIRMAN: Yes, he is talking as a Member of Parliament.

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY : Very well, Sir.

SHRI AJIT KUMAR PANJA : Let that be on record, Sir. Let him (Sh. Sudip Bandyopadhyay) not send a three-line Whip to me to support the POTO and then Mamta and Sudip absented themselves on 12^{th} and 13^{th} December....(*Interruptions*)

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY : A suspended Member has always to abide by the Whip of the party. That is a different question. But who will speak on behalf of the party, for that the party will send the name to the Chair and the Chair will accept that....(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Okay. Shri Panja, you lay your speech on the Table.

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY : Sir, the party has not given his name. Kumari Mamata Banerjee has written a letter to the Speaker. Her letter is there. So, naturally, that letter has not been obeyed properly. That letter has categorically mentioned who will be the speaker on behalf of our party. If anybody is talking, he is talking on his own.

MR. CHAIRMAN: I called him by name.

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY : Calling by name is your discretion, Sir.

MR. CHAIRMAN: I have not called him on behalf of any party.

SHRI AJIT KUMAR PANJA : You have called me and that is why I am speaking. I am not speaking at the mercy of Kumari Mamata Banerjee or Shri Sudip Bandyopadhyay.

MR. CHAIRMAN: You place the paper on the Table.

SHRI AJIT KUMAR PANJA : Sir, again, I oppose another whimsical statement...(*Interruptions*) He starts with opposing the Budget and ends with fully supporting the Budget. This is the whimsical method of Kumari Mamata Banerjee.

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY : A suspended Member, pending investigation, reported to the Parliament office, has no authority to mention our party's name in this Budget.

SHRI AJIT KUMAR PANJA : I repeat the name of Trinamool Congress. It is not the property of Shri Sudip Bandyopadhyay.

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY : He is a suspended Member, isolated from the party, singularly isolated. Please do not allow him to speak on this....(*Interruptions*)

SHRI AJIT KUMAR PANJA : When the House was attacked, on 13.12.2001 by Terrorists Sudip Bandyopadhyay was absent along with Kumari Mamata Banerjee, and in the evening at Calcutta Mamta Banergee said in Press Conference that she knew that the House would be attacked.

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record other than what pertains to the Railway Budget.

*(Interruptions)**

MR. CHAIRMAN: Nothing personal, nothing political, no party matter be recorded here. Now, Shri Prakash Jaiswal.

*(Interruptions**

SHRI AJIT KUMAR PANJA : Sir, I conclude by saying that I fully support the Budget. I am not behaving whimsically as others are doing. Opposing and supporting which they are doing in Bengal has totally torn asunder the feelings

*Not Recorded.

and aspirations of the people. With these words, I fully support the Railway Budget.

MR. CHAIRMAN: You are protracting the time. Now, please sit down.

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल (कानपुर) : माननीय सभापति जी, बहुत-बहुत धन्यवाद, आपने मुझे रेल बजट पर बोलने का मौका प्रदान किया। माननीय रेल मंत्री जी ने जो बातें कही हैं, उनके लिए हम आलोचना का शिकार मंत्री जी को नहीं बनाएंगे। मैं कहना बहुत कुछ चाहता था, लेकिन नीतीश कुमार जी घूर रहे हैं और मुझे डर लग रहा है कि जो थोड़ी-बहुत सेवाएं कानपुर को प्राप्त हो सकती है, शायद ज्यादा कुछ कह दूंगा तो आप हमें सेवाएं प्रदान नहीं करेंगे।â€¦ (व्यवधान)

श्री नीतीश कुमार : हम जो सेवाएं दे सकते हैं, वे जरूर देंगे।

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : हम आपसे यह उम्मीद करते थे कि आपका यह बजट घिसा-पीटा नहीं होगा।

आपको संसाधनों और पैसों की जरूरत है और बगैर पैसे के काम नहीं चल सकता है। आपकी मजबूरी थी कि आपको कहीं न कहीं से संसाधन जुटाने ही थे लेकिन अगर घिसे-पिटे तरीके से संसाधन जुटाने की कोशिश न की होतीâ€¦ (व्यवधान)

SHRI SUNIL KHAN (DURGAPUR): The Government is defeated in the Rajya Sabha. ...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Shri Sunil Khan, this is not the procedure − standing, talking and walking. I do not approve of it.

...(*Interruptions*)

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : माननीय रेल मंत्री जी ने अगर संसाधन जुटाने के और तरीके ढूंढे होते तो इतनी ज्यादा गुंजायश रेल मंत्रालय में है कि माननीय मंत्री जी को न तो स्लीपर क्लॉस का भाड़ा बढ़ाना पड़ता न ही माल ढुलाई का भाड़ा बढ़ाने की जरुरत पड़ती। साथ ही जितना पैसा रेल मंत्रालय चाहता था उससे कहीं ज्यादा पैसा और संसाधन रेल मंत्रालय को प्राप्त हो सकते थे ।

मैं माननीय सभापति जी के माध्यम से रेल मंत्री जी से यह कहना चाहता था कि जितना भ्रटाचार आज रेलों में है अगर उस भ्रटाचार पर अंकुश लगाया जाता तो बात ही कुछ और होती। हम यह नहीं कहते हैं कि आप एक साल में भ्रटाचार को समाप्त कर सकते थे या आधा समाप्त कर सकते थे लेकिन अगर आप ऐसे कोई उपाय ढूंढ कर निकालते कि हम इस बार न तो माल भाड़े को और न ही यात्री भाड़े को बढ़ाएंगे और हमको जितने धन और संसाधनों की आवश्यकता है वह हम रेल मंत्रालय और विभाग में गर उसको सारी क्लॉसों में बांट देते तो सारे लोगों को आपसे बहुत ज्यादा राहत मिल सकती थी। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो पाया।

माननीय सभापति जी, समय का अभाव है इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से तीन-चार बातें अपने संसदीय-क्षेत्र के बारे में कहना चाहूंगा। मेरा कहना यह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र की एक भी डिमांड पूरी नहीं हुई है,

जबकि वे सारी मांगें जायज हैं और 100 प्रतिशत सही हैं लेकिन आप बिहार के हैं यूपी के नहीं हैं। कोई बंगाल का था, यूपी का नहीं था यह दुर्भाग्य यूपी के साथ जरूर है। मैंने पिछले बजट में भी इस बारे में अनुरोध किया था। मैं रेलवे कनसल्टेटिव कमेटी का भी मैम्बर हूं। कमेटी की मीटिंग में मैंने कहा था कि कानपुर से हर रोज 40-50 हजार आदमी दिल्ली आते हैं और दिल्ली से वापस जाते हैं। हजारों की तादाद में लोग बसों और रेलों से जाते हैं। मैंने माननीय मंत्री से अनुरोध किया था कि इन दोनों महानगरों के बीच में एक अलग से केवल कानपुर और दिल्ली के लिए सुपरफास्ट ट्रेन चला दी जाए जिस में केवल कानपुर के यात्री दिल्ली जा सकें और दिल्ली से कानपुर के यात्री वापस कानपुर आ सकें। इससे कानपुर की जनता के लिए बहुत बड़ी राहत की बात होगी। ममता जी ने भी हमें एश्योर किया था कि वह कुछ इस दिशा में करेंगी लेकिन कुछ नहीं किया। नीतीश जी से भी पिछले साल कहा था लेकिन कुछ नहीं हुआ। आप सर्वे करा लीजिए कि उत्तरी भारत के इन दोनों बड़े शहरों के बीच में वास्तव में इस सुपर फास्ट ट्रेन की जरूरत है या नहीं? आपने जन शताब्दी चलाने की घोाणा की। मेरा आपसे विनम्र अनुरोध है कि वह जन शताब्दी एक्सप्रेस दिल्ली और कानपुर के बीच चला दी जाए। हमारे कानपुर के यात्रियों को उससे बहुत बड़ी राहत मिल सकती है। साढ़े पांच घंटे का सफर दिल्ली और कानपुर के बीच है। वह सुबह जा सकती है, शाम को वापस आ सकती है।

मैं अपनी दूसरी बड़ी डिमांड को तीन बार दोहरा चुका हूं। माननीय रेल राज्य मंत्री बैठे हैं। मैंने उनसे अनुरोध किया था कि कानपुर के बीच में रेलवे लाइन का एक टुकड़ा ऐसा है दिल्ली और हावड़ा के बीच जो केवल सिंगल लाइन है। दिल्ली और हावड़ा का डबल ट्रैक है लेकिन उसके बीच 10 किलोमीटर का चन्दारी और कानपुर के बीच का टुकड़ा सिंगल ट्रैक है। उसी एक रेलवे लाइन से इतनी सारी सुपर फास्ट गाड़ियां आती-जाती हैं। मैंने आपसे यह अनुरोध किया था कि आप चन्दारी रेलवे स्टेशन से हमारे कानपुर का जो पुराना रेलवे स्टेशन है, â€¦ (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Shri Jaiswal, there are so many Members who want to speak.

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : माननीय सभापति जी, मैंने सुबह से इंतजार किया है। अगर वह रेल लाइन पुराने कानपुर रेलवे स्टेशन से गुजर जाए तो आपको नई रेल लाइन बिछाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और सबसे बड़ा लाभ कानपुर की जनता को यह होगा कि चार फ्लाई ओवर से कानपुर शहर बच जाएगा और रेल मंत्रालय चार फ्लाई ओवर से मुक्त हो जाएगा। वह रेल लाइन कानपुर के बीचों-बीच से गुजरती है। अगर उस रेल लाइन को समाप्त कर देंगे तो इलाहाबाद से आने वाली रेलवे लाइन कानपुर के पुराने रेलवे स्टेशन से दिल्ली की तरफ गुजर जाएगी, कभी किसी फ्लाई ओवर की मांग भी नहीं होगी। वहां जो पुराना रेलवे स्टेशन बना है, उसका नवीनीकरण जरूर करना पड़ेगा। मुझे मालूम हुआ कि रेल मंत्रालय चन्दारी और कानपुर के बीच डबल ट्रैक बिछाने जा रहा है। यह काम बहुत ज्यादा खर्चीला होगा, बहुत बड़ा नुकसान इससे होगा लेकिन रेल मंत्रालय खास तौर पर रेल के अधिकारियों को जो सुविधाजनक लगता है, वे वही काम करते हैं। रेल विभाग की बचत हो, आम जनता की मदद हो सके, उससे उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। पुराने कानपुर रेलवे स्टेशन से होकर रेल लाइन को गुजर जाए और पुराने कानपुर रेल वे स्टेशन को मॉडिफाई कर दें तो आपका यह काम चल सकता है।

मेरी तीसरी मांग यह है किâ€¦ (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Mr. Jaiswal, there are so many Members who are to speak.

For all your requirements, you give it to the Minister in writing.

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : अरबों-खरबों की सम्पत्ति अगर रेल मंत्रालय चाहे तो बेच कर वसूल कर सकता है। पिछले बीस सालों से 15-20 हजार रुपए गज की जमीनों के अवैध कब्जे हो रहे हैं।â€¦ (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Dr. A.D.K. Jayaseelan.

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : वह जमीन बेकार पड़ी हैं। आप न उसे बेचते हैं न उससे पैसा वसूलते हैं। सैकिंड क्लास का भाड़ा बढ़ा कर आम जनता पर बोझ डालते हैं। उस जमीन को बेच कर रेल मंत्रालय को बहुत लाभ हो सकता है। यदि उस काम को कर देंâ€¦ (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Nothing will go on record, except the speech of Dr. Jayaseelan.

*(Interruptions)**

*Not Recorded.

DR. A.D.K. JAYASEELAN (TIRUCHENDUR): Mr. Chairman, Sir, I rise to support this Railway Budget. I really congratulate our Railway Minister and his team for the wonderful work that they have done. Without sufficient resources, they have to manage everything and it is a very difficult task. I really commend our Railway Minister and his team.

As the hon. Member of Parliament, Shri Vaiko, said, he has followed some principles and has divided the amount among all the States in India. The MPs and the people of Tamil Nadu are grateful to our Minister and his team. They have allocated considerable amount to us. They have also provided one new train from Delhi to Kanyakumari, which is in my constituency. On behalf of my constituents, I thank our Minister.

I join with Shri Vaiko on the issue of gauge conversion. Tiruchendur-Tirunelveli railway line is a very important one because Tiruchendur is a pilgrimage centre and lakhs of people are coming there. Further, nearby, there is Arumuganeri. The Dharangadhara Chemical Works is producing salt and caustic soda, and there are other small salt industries producing salt. They are actually sending these products to various places in India. By transporting these products, our Railways can earn more than one crore rupees per year. Therefore, I urge upon the Railway Ministry, particularly our Railway Minister, to allocate more funds and complete the Tiruchendur-Tirunelveli Project.

On behalf of the DMK Party and the people of Tamil Nadu, I support this Bill.

MR. CHAIRMAN: Now, I call Prof. I.G. Sanadi.

...(*Interruptions*)

SHRI THAWAR CHAND GEHLOT (SHAJAPUR): Sir, what about the BJP Members?

MR. CHAIRMAN: You are supporting the Minister, you are with the Minister. You can write to him and get the things

done.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Shri Rattan Lal Kataria, if you want to lay your speech on the Table, you can do so.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Shri Brahma Nand Mandal, why do you want to speak when you have already laid your speech on the Table?

...(*Interruptions*)

प्रो. आई.जी.सनदी (धारवाड़ दक्षिण) : सभापति जी, सच्चा वीर वही कहलाता है, उसी को हम सच्चा वीर कहते हैं जो â€¦ (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: I have given the floor to Prof. Sanadi.

प्रो. आई.जी.सनदी : सभापति जी, मैं रेल मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि मेरी स्पीच भी 2-3 मिनट में होगी, जो शताब्दी गाड़ी की तरह तेज होगी। इस प्रकार मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा। मै रेल मंत्री जी को याद दिलाना चाहता हूं कि महाभारत में एक बात कही गयी है कि वही सच्चा वीर है जिसकी प्रशंसा उसके विरोधियों से भी की जाती ैं हो ।

यहां मैं रेल मंत्री जी की प्रशंसा करूं, तारीफ करूं, निन्दा करूं या उन पर कोई टीका-टिप्पणी करूं, मुझे कुछ समझ में नहीं आता है। मंत्री जी, जब लोग आपकी तारीफ करने लगेंगे। मंत्री जी एक-दो मिनट मेरी तरफ भी ध्यान दीजिए। जब लोग आपकी तारीफ करने लगेंगे तो आंखें बंद करके सोचिये कि आपसे कौन सी गलती हो गई है। जब लोग आपकी निन्दा करने लगेंगे तो आंखें बंद करके सोचिये कि आपसे क्या भलाई हो गई है। आप रेलवे की काफी भलाई कर चुके हैं। मैं उसके लिए आपकी तारीफ करना चाहता हूं। भारतीय रेल को सिर्फ लोहे की पटरी मैं नहीं समझता, यह भारत माता के भाग्य की रेखा है, अर्थ रेखा है। जब अर्थ की रेखा सबल-समर्थ होती है तो रेल विभाग का नीतीश जी अनर्थ कभी नहीं हो पायेगा। सेवा के इस क्षेत्र में समर्पण भाव से 150 साल से भी अधिक समर्पित सेवा रेल विभाग ने की है, उसकी मैं यहां सराहना करता हूं। लेकिन जनता का भार आपकी रेल भले ही ढोयें, लेकिन रेल का भार जनता पर थोड़ा कम होने से एक तरह की भलाई होती है। मैं यहां तीन बातें, तीन मिनट में रखना चाहता हूं।â€¦ (व्यवधान) यहां मैं साउथ सैन्ट्रल रेलवे जोन की बात आपसे कहूंगा। आप प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी

जी को हुबली ले आये थे। लेकिन दुर्भाग्यवश वह काम पूरा नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि मुझे इतना ऊंचा मत बनाओं ताकि मुझे किसी से गले मिलने में तकलीफ हो। मैं प्रधान मंत्री जी और आपसे खास विनती करता हूं कि साउथ-वैस्टर्न जोन जो हमारा बनाना है, उसके लिए आप प्रधान मंत्री जी को हुबली ले आइये। उस दिन जो विश्वास आपने दिलाया था, शायद वह काम पूरा हो जायेगा।

सभापति महोदय, रेलवे बोर्ड की मीटिंग दिल्ली छोड़कर कहीं नहीं होती है। लेकिन हुबली में रेलवे बोर्ड की मीटिंग हुई थी। जिस वक्त प्रधान मंत्री श्री देवेगौड़ा जी थे, जोन बन रहा था, लेकिन हाईजैक होकर बंगलौर चला गया। फिर से आपके हाथों से उसको बनाने की शुभकामना हम यहां करते हैं। वहां बनाते वक्त उन्होंने कहा था कि 100 साल से पुराना वर्कशॉप है। पचास करोड़ रुपये का स्पेशल पैकेज देकर उसके मॉडर्नाइजेशन की उन्होंने बात की थी। उसके मॉडर्नाइजेशन की तरफ मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। कर्नाटक की चुनिन्दा योजनाओं को आप वहां की भागीदारी के साथ बनाने जा रहे हैं। लेकिन फाइनेन्शियल पोजीशन सैन्टर की जैसी है, वैसी ही स्टेट की भी है। वहां पर दो-तिहाई राज्य से और एक-तिहाई रेल से धन देने की बजाय मेरा आपसे आग्रह है कि इतना हो नहीं पाता है और योजनाएं वैसी की वैसी रह जाती हैं। सैकड़ों करोड़ की योजनाओं के लिए वहां पर 10,15, 20 करोड़ का जो आबंटन हुआ है, इससे यह काम कम्पलीट नहीं हो पाता है। इसलिए मेरा आग्रह है कि दो-तिहाई, एक-तिहाई की बजाय 50:50 अगर योजनाएं चालू करेंगे तो मैं समझता हूं कि स्टेट के लिए सहूलियत मिल जायेगी। आपने बगलौर-गांधीधाम-बरास्ता-हुबली रेल शुरू करके बहुत अच्छा काम किया है। क्योंकि मैं हुबली धारवाड़, दक्षिण से आता हूं। हुबली होते हुए हमारी बहुत दिनों से मांग थी, बंगलौर-गांधीधाम बरास्ता हुबली में आपने बनाया। अजमेर-बंगलौर होते हुए बनाया, जनशताब्दी बंगलौर-हुबली बनाया, हुबली-हरिहर हमारी बहुत दिनों से डिमांड थी, जिसकी आपने पूर्ति की है। कर्नाटक के लोगों की तरफ से मैं आपकी प्रशंसा करना चाहता हूं। लेकिन रानी चेनम्मा एक्सप्रैस जो बंगलौर से होते हुए मिरज तक थी, उसे आप कोल्हापुर तक ले गये। खासकर पुराने जमाने से हम पूछ रहे हैं, जो पहले कुर्ला एक्सप्रैस थी, वह कुर्ला की बजाय आजकल चालुक्य एक्सप्रैस कहलाती हैं, वह सप्ताह चार दिन मुंबई से बंगलौर चलती है। वह चालुक्य एक्सप्रैस मुम्बई से हर रोज चलाने की प्रार्थना करूंगा।

दूसरी बात आपने डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर में कम्प्यूटर सैन्टर बनाने की घोाणा की है। हावेरी जहां से मैं आता हूं, वह एक नया जिला केन्द्र है। हावेरी रेलवे स्टेशन का मॉडर्नाइजेशन करने और कंप्यूटर सैन्टर खोलने की मैं आपसे विनती करता हूं। वहां एक फुटओवर ब्रिज और प्लेटफार्म की भी बहुत जरूरत है। साउथ-सैन्ट्रल रेलवे वालों से आप वहां थोड़ा ध्यान देने के लिए कुछ कहेंगे, कुछ निर्देश देंगे तो मैं समझता हूं कि हमारा काम बन जायेगा मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ और जो समय सभापति जी ने दिया, उसके लिए उन्हें धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूँ।

* श्री विजय कुमार खंडेलवाल (बेतूल) :

मैं रेलवे बजट का समर्थन करता हूं । आज जिस प्रकार की आर्थिक स्थिति है उसको देखते हुए यह जो बजट रेल मंत्री जी ने बजट प्रस्तुत किया है वह अपने आप में बहुत अच्छा है, भारतीय रेलवे दुनिया का एक बहुत बड़ा उपक्रम है तथा करीब 13 मिलियन व्यक्ति प्रतिदिन भारतीय रेल से सफर करते हैं, अभी तक माल भाड़े के मद में से जो आय होती थी उससे किराये की आय से जो घाटा होता था उसकी पूर्ति में उपयोग किया जाता था । माननीय रेल मंत्री जी ने क्रास सबसिडी समाप्त करने की ओर एक ठोस कदम उठाया है एक चीज के घाटे की पूर्ति दूसरी चीज के लाभ से करने से कार्य ठीक प्रकार से नहीं चल सकता है और इसी कारण से रेलमंत्री जी ने यात्री किराये में मामूली बढ़ोतरी की है और इससे सरकार को 910 करोड़ रुपयों की अतिरक्त आय प्राप्त होगी । इसी प्रकार माल भाड़े को भी युक्तिसंगत बनाया गया है, भाड़े की दरों को युक्ति संगत बनाने से लगभग 450 करोड़ रुपयों की आय इस र्वा अधिक होगी और इस प्रकार यात्री किराये एवं माल भाड़े से सरकार को लगभग 1360 करोड़ रुपयों की अतिरिक्त आय होगी ।

माननीय रेल मंत्री ने यह भी प्रयास किया है कि भाड़े को युक्तिसंगत बनाने की दृटि से भाड़े की 59 दरों को घटाकर 32 कर दिया है । इस र्वा का जो वार्िक प्लान तैयार किया गया है तथा जिसमें पिछले र्वा 11090 करोड़ का प्रावधान था उसे इस र्वा 12330 करोड़ किया गया है और इस प्रकार इस र्वा के वार्िक प्लान में 1240 करोड़ रुपयों की वृद्धि की गयी है ।

*सभा पटल पर रखा गया ।

यह र्वा भारत में रेल सेवाओं के 150 र्वा पूरे हो जाने का र्वा है और इसी कारण रेलवे ने इस र्वा को यात्री सुविधा र्वा घोाित किया गया है । यात्रियों की सुविधाओं के लिए पिछले र्वाों की तुलना में काफी अधिक राशि का आवंटन किया गया है । जो 200 करोड़ रुपयों का है, तथा यह राशि प्लेटफार्म, प्रसाधन, यात्रीकक्ष निर्माण एवं अन्य जो सुविधाएं हैं वे प्रदान करने के लिए व्यय की जाएगी । रेल मंत्रालय ने यह भी निर्णय लिया है कि प्रत्येक जिला मुख्यालय पर कम्प्युटरीकृत आरक्षण प्रणाली पी.आर.एस. लगाए जाएंगे । 16 नयी शताब्दी रेलें चालू की जाएगीं जो सेकेण्ड क्लास की होंगी तथा इनमें राजधानी एवं शताब्दी ट्रेनों की सुविधाओं जैसी खाना, पानी आदि सुविधाएं ही प्रदान की जाएंगी ।

इसके अलावा 25 नई एक्सप्रेस ट्रेनों के चलाने की भी घोाणा की गई है । 14 जोड़े ट्रेनों की आवाजाही को कम दिनों में होती थी उन्हें भी बढ़ाने की घोाणा की गई है । इसके अतिरिक्त सात नयी पेसेन्जर ट्रेन चलाने की भी घोाणा की गई है ।

लोगों को खान पान की सामग्री शुद्ध एवं अच्छी प्रकार की मिले इसलिए इस र्वा 50 फ्रुड़ प्लाजा स्टेशनों पर खोले जाएंगे साथ ही लोगों को शुद्ध पानी प्राप्त हो इसके लिए रेलवे रेल्वेनीर के नाम से सस्ती और शुद्ध पानी की व्यवस्था करने जा रही है ।

मैं कुछ सुझावों की ओर आपका ध्यान आकर्शित करना चाहता हूं ।

सुपर फास्ट एवं मेल एक्सप्रेस रेलों में बगैर आरक्षण के यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या बहुत ही अधिक है तथा साधारण यात्रा के लिए डिब्बे कम रहते हैं इसलिए इन गाड़ियों में साधारण यात्रा के डिब्बों की संख्या बढ़ायी जाए, कई बार मेल एवं एक्सप्रेस गाड़ियों का रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज कम समय का होने से एवं अनारक्षित डिब्बों की संख्या कम होने से लोगों को अनारक्षित डिब्बों में जगह होने के बावजूद

टी सी से न पूछकर नहीं बैठने के कारण भी यात्रियों को काफी अधिक राशि देनी पड़ती है, एवं दंड भी देना पड़ता है । इसलिए ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए की पिछले स्टेशन से गाड़ी छूटने के तुरंत बाद अगले स्टेशन को यह जानकारी दे दी जाए कि अमुख बोगी में कितनी कितनी सीटें रिक्त हैं जिससे उसके अनुसार यात्री उन्हीं डिब्बों में बैठने की कोशिश करेंगे ।

मैं मेरे संसदीय क्षेत्र के स्टेशनों पर कुछ ट्रेनों के स्टॉपेज दिये जाने हेतु ध्यान आकर्शित करना चाहता हूं ।

मेरा संसदीय क्षेत्र बहुत बड़ा है इसके अंतर्गत दो जिले एवं दो रेलवे के मंडल भोपाल एवं नागपुर आते हैं । भोपाल मण्डल के अंतर्गत हरदा जिला आता है और इटारसी से मुम्बई रोड पर इस जिले के तीन प्रमुख रेलवे स्टेशन टिमरनी, हरदा एवं खिरकिया आते हैं । टिमरनी रेलवे स्टेशन पर झेलम एक्सप्रेस जब पूना से दिल्ली की तरफ आती है उसका स्टॉपेज दिया गया है किन्तु जब यह ट्रेन दिल्ली से पूना की ओर जाने वाली गाड़ी का स्टॉपेज विगत दो वर्ाों से बंद कर दिया गया है । जनता की मांग को देखते हुए झेलम एक्सप्रेस का यह स्टॉपेज पुनः दिया जाए । मेरे संसदीय क्षेत्र के इसी जिले के खिरकिया रेलवे स्टेशन पर बहुत कम ट्रेनों के स्टॉपेज हैं । यहां पर कृाि उपज मंडी है तथा यह ब्लॉक एवं तहसील मुख्यालय है । जनता की आवश्यकता को देखते हुए मेरी मांग है कि खिरकिया रेलवे स्टेशन पर 9045-9046 सूरत-वाराणसी-सूरत एवं 9047-9048 सूरत पटना सूरत ताप्तीगंगा एक्सप्रेस का स्टॉपेज दिया जाए । इसके अतिरिक्त पवन या कामायनी एक्सप्रेस का स्टॉपेज इस रेलवे स्टेशन पर दिया जाए । इसी प्रकार हरदा रेलवे स्टेशन पर पवन एक्सप्रेस का भी स्टॉपेज दिया जाए ।

मेरे संसदीय क्षेत्र का दूसरा जिला बैतूल है जो नागपुर रेलवे मंडल के अंतर्गत आता है इस जिले का एक मुख्य स्टेशन मुलताई है जो धार्मिक स्थल है एवं ताप्ती उद्गम स्थल है । साथ ही यह जिले का तहसील मुख्यालय भी है । इस रेलवे स्टेशन पर छिंद वाड़ा जिले एवं महाराट्र प्रान्त के अमरावती जिले के काफी ग्रामों की जनता आश्रित है । इस रेलवे स्टेशन पर काफी दिनों से जयन्ती जनता एक्सप्रेस के स्टॉपेज की मांग जनता द्वारा की जा रही है । अतः यहां पर जयन्ती जनता एक्सप्रेस का स्टॉपेज दिया जाए । इसी के साथ ही यहां पर लखनऊ चेन्नई-जयपुर चेन्नई एवं तिरूपति वाराणसी एक्सप्रेस का भी स्टॉपेज दिया जाए । जनसंख्या करीब एक लाख से ऊपर है और इसलिए इस रेलवे स्टेशन पर गोरखपुर, कोचीन एवं अन्य दिनों में इसी समय पर अन्य नामों से चलने वाली ट्रेन वाराणसी कोचीन, गोरखपुर सिकन्दराबाद, त्रिवेन्द्रम इन्दौर का स्टॉपेज दिया जाए । जिससे लोगों को काफी सुविधा प्राप्त होगी तथा रेलवे की आय में भी बढ़ोतरी होगी । इसी के साथ भोपाल बिलासपुर महानदी एक्सप्रेस का भी स्टॉपेज दिया जाए ।

जैसी सरकार ने इस बजट में घोाणा की है कि हर जिला मुख्यालय पर कम्प्यूटरीकृत आरक्षण प्रणाली की सुविधा दी जाएगी । इसके अंतर्गत शीघ्र ही हरदा जिले में हरदा जिला मुख्यालय पर यह सुविधा प्रदान की जाए । साथ ही नागपुर रेलवे मंडल के घोडाडोंगरी रेलवे स्टेशन पर जो बैतूल जिले का प्रमुख स्टेशन है यहां से काफी अधिक यात्री सफर करते हैं तथा उन्हें आरक्षण के लिए इटारसी एवं बैतूल रेलवे स्टेशन पर आश्रित रहना पड़ता है । यहां पर भी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण प्रणाली लागू की जाए जिससे लोगों को सुविधा प्राप्त होगी एवं साथ ही रेलवे की आय में काफी बढ़ोतरी होगी ।

मुझे आशा है इस पर विचार कर हाल्ट प्रदान किये जाएंगे,

पुनः मैं एक अच्छा बजट प्रस्तुत करने के लिए रेल मंत्री जी को बधाई देता हूं और मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि रेलवे भविय में विकास की ओर एवं यात्रियों की और सुविधाएं प्रदान करने की ओर अग्रसर होगा ।

0

*** श्री दलपत सिंह परस्ते (शहडोल) : महोदय, संसदीय क्षेत्र शहडोल 11 में रेल सुविधाओं के विस्तार बाबत ।**

शहडोल संसदीय क्षेत्र क्र0 11 के अंतर्गत रेल विभाग की बिंदुवार समस्याएं निम्नांकित हैं । शहडोल संसदीय क्षेत्र में कोयला परिवहन द्वारा एवं ओरियंट पेपर मिल, सोडा फैक्ट्री, विद्युत थर्मल पावर चचाई एवं भगहार, पन बिजली परियोजना वाणसागर तथा अनेक खनिज एवं वन सम्पदा का परिवर्तन कार्य रेलवे के माध्यम से होता है, जिससे भारत सरकार एवं राज्य सरकार को आय प्राप्त होती है । किंतु, शहडोल संसदीय क्षेत्र के गरीब आदिवासी व जनमानस को रेल सुविधाओं से वंचित रहना पड़ता है, जो इस प्रकार हैः—

1. दुर्ग से भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस, जो सप्ताह में तीन दिन चलती है, उसे नियमित किया जाए क्योंकि शहडोल से प्रदेश की राजधानी भोपाल के लिए कोई भी एक्सप्रेस गाड़ी नहीं है ।
2. शटल पैसेंजर जो चिरमिरी से दमोह के बीच चलती है, उसे दमोह के लिए तीन दिन तथा रीवा के लिए चार दिवस चलाया जाए क्योंकि संभागीय मुख्यालय रीवा में होने से कोयला क्षेत्र एवं अन्य औद्योगिक संगठनों के कामगारों को आवागमन की सुविधा होगी । साथ ही बिहार एवं उत्तर प्रदेश के कामगारों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी ।
3. बिलासपुर से भोपाल चलने वाली पैसेंजर के समय में इस तरह से परिवर्तन किया जाए, जिससे रेवान्चल एक्सप्रेस का कटनी जं0 में सम्पर्क हो सके क्योंकि दोनों गाड़ियों के कटनी पहुंचने के समय में सिर्फ आधा घंटे का अंतर है ।
4. बाम्बे-हावड़ा एक्सप्रेस को वाया कटनी बिलासपुर मार्ग पर सप्ताह में दो दिवस चलाया जाए ।
5. कटनी से बिलासपुर मार्ग पर अनूपपुर से खोडरी खोन्सरा तक सिंगल लाइन के स्थान पर डबल लाइन किया जाए । अमरकंटक एक्सप्रेस का स्टॉपेज शहडोल जिले के बुढार तथा उमरिया जिले के वरसिंहपुर में दिया जाए ।
6. अमरकंटक एक्सप्रेस का स्टॉपेज शहडोल जिले के बुढार तथा उमरिया जिले के वरसिंहपुर में दिया जाए ।
7. सम्बलपुर-निजामुद्दीन हीराकुंड एक्सप्रेस को उमरिया जिला मुख्यालय में स्टॉपेज दिया जाए ।

। सभा पटल पर रखा ।

8. पुरी से निजामुद्दीन उत्कल एक्सप्रेस को शहडोल जिले के जैतहरी में स्टॉपेज दिया जाए ।
9. दुर्ग-बनारस एक्सप्रेस, सारनाथ को उमरिया जिले के चढिया में स्टॉपेज दिया जाए ।
10. इन्दौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस एवं बिलासपुर भोपाल पैसेंजर को घुनघुटी में अप-डाउन दोनों को स्टॉपेज दिया जाए ।
11. शक्तिपुंज एक्सप्रेस को विजयसोता में स्टॉपेज दिया जाए ।
12. शहडोल जिले के जैतहरी, बिजुरी, कोतमा एवं अनूपपुर स्टेशनों में लौट पारपथ की सुविधा प्रदान की जाए क्योंकि उक्त सभी स्टेशन कोयला खानों के बीच एवं आबादी क्षेत्र में स्थित हैं ।
13. जिला शहडोल एवं उमरिया के बड़े नगरों के स्टेशनों में सौंदर्यकरण एवं मूलभूत सुविधाएं जैसे प्लेटफार्म में शेड, पानी की समस्या, वेटिंग हॉल, विद्युत सज्जा एवं जिन एक्सप्रेस गाड़ियों में आरक्षण सुविधा नहीं, उनमें आरक्षण सुविधा प्रदान की जाए ।

1

* श्री श्रीचन्द कृपलानी (चित्तौड़गढ) :

महोदय, आपके माध्यम से मैं देश के रेल मंत्री जी का बहुत-बहुत आभार प्रकट करना चाहता हूं कि इन्होंने 2002-2003 यात्री सुविधा वा के रूप में घोाति किया तथा रेल सुविधाओं में काफी वृद्धि करने का प्रयास किया । इस बजट में यात्रियों की सुविधाओं का भरपूर ख्याल रखा गया है । इस साल 16 नई जन शताब्दी रेलगाड़ियां शुरू की गयी तथा 25 नई एक्सप्रेस रेलगाड़ियां व 7 नई पेसेन्जर गाड़ियां शुरू की गई हैं । मुझे खुशी इस बात की है कि राजस्थान को भी 5 नई गाड़ियों की सौगात दी गई व उदयपुर, चित्तौड़गढ़ अजमेर में 30 करोड़ तथा नीमच, रतलाम अमान परिवर्तन में 25 करोड़ रुपए का बजट दिया गया । रामगंज मंडी-भोपाल रेल लाइन का भी ध्यान रखा गया ।

मैं अपनी तरफ से रेल मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने कोटा से निजामुद्दीन (नई दिल्ली) जन शताब्दी एक्सप्रेस तथा मऊ चित्तौड़गढ़ एक्सप्रेस रेलगाड़ी का शुभारम्भ करने की घोाणा की है ।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी को अपने लोक सभा क्षेत्र की निम्न समस्याओं से अवगत कराना चाहता हूं:--

1. कोटा-निजामुद्दीन जन शताब्दी एक्सप्रेस को नीमच अथवा चित्तौड़गढ़ तक बढ़ाया जाए ताकि ब्रोडगेज पर जिला चित्तौड़गढ़ व जिला नीमच आने-जाने वाले यात्रियों को दिल्ली जल्दी पहुंचने में सुविधा मिल सके और साथ ही नीमच से दिल्ली सुपरफास्ट गाड़ी वाया नीमाहेड़ा, चित्तौड़गढ़, माउलगढ़, कोटा, सवाई माधोपुर चलाने की कृपा करें ।

2. कोटा-चित्तौड़गढ़-नीमच गाड़ी ब्रोडगेज मार्ग पर एक ट्रेन चलाई जाए ।

3. बड़ी सादड़ी से नीमच वाया छोटी सादड़ी रेलवे लाइन का सर्वे कराकर नई रेलवे लाइन की स्वीकृति प्रदान कराएं ।

। सभा पटल पर रखा गया।

4. कोटा-जयपुर एक सीधी ट्रेन चलायी जाए ।

5. आगरा फोर्ट रेल में दो कोच देहरादून की लगायी जाए ताकि लोगों को हरिद्वार आने-जाने में सुविधा मिल सके ।

6. **चित्तौड़गढ़ से अजमेर चलने वाली गाड़ियों का ठहराव गंगरार कराया जाए ।**

7. डूंगरपुर-निम्बाहेड़ा, डूंगरपुर से रतलाम नई रेल लाइन की स्वीकृति दी जाए ।

8. नीमच से प्रतापगढ़, बांसवाड़ा, लुनावाड़ा मुम्बई तक नई रेल लाइन बिछाई जाए ताकि आदिवासी बहुल क्षेत्र को फायदा मिल सके ।

9. रामगंज मण्डी मोडक रेलवे स्टेशन से कई ट्रेनें गुजरती हैं । समय-समय पर यहां पर रूकवाने के लिए मैंने आपसे कई बार निवेदन किया । आशा है कि इस बारे में यहां से गुजरने वाली रेलों का ठहराव करवायेंगे ।

10. चन्देरिया रेलवे स्टेशन पर भी चेतक व मीनाक्षी यात्री गाड़ी का ठहराव कराएं ।

11. केन्द्र सरकार द्वारा भगवान महावीर स्वामी के 2600वें जन्म कल्याण र्वा के रूप में पूरे देश में मनाया जा रहा है । मेरा आपसे आग्रह है कि भगवान के 2600वें जन्म कल्याण की स्मृति स्वरूप देश की किसी प्रमुख यात्री गाड़ी का नामकरण ''भगवान महावीर-अहिंसा एक्सप्रेस'' के नाम से करने का कट कराएं ।

12. यह कि चित्तौड़गढ़ जिला पूरे विश्व में महाराणा प्रताप के शौर्य एवं गाथाओं से प्रसिद्ध है । कृपया इस ऐतिहासिकता की स्मृति स्वरूप देश की प्रमुख यात्री गाड़ी का नाम ''महाराणा प्रताप एक्सप्रेस'' के नाम से करने का कट कराएं ।

13. मेवाड़ के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री सांवलियाजी मंदिर की एक अपनी ऐतिहासिक पृठभूमि है । यहां देश के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों दर्शनार्थी प्रतिदिन आते जाते हैं । यह तीर्थ स्थल मेवाड़-मालवा अंचल का ख्यातिनाम स्थान है । अतः देश की किसी प्रमुख रेलगाड़ी का नाम ''श्री सांवलिया एक्सप्रेस'' करने का कट कराएं ।

14. निम्बाहेड़ा रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करवाया जाए ।

15. चेतक एक्सप्रेस का कपासन में आपके प्रयासों से ठहराव हुआ है, उसमें आरक्षण की व्यवस्था अतिशीघ्र करवाने का कट किया जाए ।

16. नीमच से लखनऊ या गोरखपुर तक नई एक्सप्रेस रेलगाड़ी चलायी जाए ।

17. उदयपुर से चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा अजमेर होकर जयपुर मीटरगेज पर दिल्ली सुपरफास्ट गाड़ी लगायी जाए ।

इस बजट का समर्थन करते हुए आशा करता हूं कि पूर्व की भांति आप मेरे लोक सभा क्षेत्र की जिन समस्याओं को मैंने अवगत कराया है, उनका निवारण करने की कृपा करेंगे ।

आशा है इस निमित्त शीघ्र कार्यवाही करा अनुगृहीत करेंगे ।

2

* श्री रतन लाल कटारिया (अम्बाला) :

महोदय, मैं प्रधानमंत्री श्रीमान अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में बनी एन.डी.ए. सरकार द्वारा श्री नीतीश कुमार रेल मंत्री, भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत र्वा 2002-2003 रेल बजट के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं । यह भारत के लिए वास्तव में बहुत गौरव का विाय है कि भारतीय रेलवे ने आज से डेढ़ सौ र्वा पूर्व केवल मात्र 32 कि.मी. की दूरी तक अपना सफर किया था और आज 62000 रूट कि.मी. से भी अधिक हमारा नेटवर्क हो चुका है । हमने परिवहन ध्रुवपुर र्वा 1950-57 के 73.2 मिलियन टन से बढ़कर आज 489 मिलियन टन कर लिया है । आज मंत्री महोदय ने रेलवे संरक्षा को अत्यधिक महत्व देते हुए देश में विशो रेलवे संरक्षा निधि के अंतर्गत 17000 करोड़ रु0 का संरक्षा किया गया है । रेल पथ के नवीकरण, अधिक पुलों के निर्माण को, स्टेशन सिगनल रिपेयर के बदलाव को अधिक महत्व दिया है । मुझे पूरी आशा है कि सरकार के इस कदम से रेलवे में दर्दनाक दुर्घटनाओं में कमी आएगी । इसी प्रकार से रेलवे सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए माननीय मंत्री जी ने रेलवे सम्पत्ति को आतंकवादियों, आंदोलनकारियों व चरम पंथियों के निशाने से बचाने के भी कदम उठाए हैं ।

महोदय, माननीय मंत्री जी ने अपने इस बजट में लंबे समय से लंबित पड़ी परियोजनाओं की ओर भी ध्यान देने का पूरा भरोसा दिलवाया है । आज रेलवे ने विद्युतीकरण का जो बीड़ा उठाया है, उससे देश के आम नागरिकों को सुहूलियत मिलेगी । इसी प्र ाकार से रेलवे की दोहरी लाइन बिछाने, छोटी लाइनों को बड़ी लाइनों में बदलने से व रेलवे क्रासिंग पर नीचे व ऊपर से बड़े-बड़े

पुल बनाये जाने से भी जनता को राहत मिलेगी । आज रेलवे के कोच के रख-रखाव सिस्टम को सुचारू रूप देने की आवश्यकता है ।

माननीय मंत्री जी मैं चाहूंगा कि आज भारत जिस तरह से विश्व की एक उभरती हुई महाशक्ति बन रहा है, उसी दृटि को मद्देनज़र रखते हुए आज भारतीय रेलवे को भी यूरोप व अन्य विकसित राट्रों की रेल व्यवस्था से प्रतिस्पर्धापूर्वक बनाने की आवश्यकता है । मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि आज रेलवे की लाखों हैक्टेयर भूमि बंजर पड़ी है । इस भूमि के उपयोग करने की आज आवश्यकता है । मंत्री जी ने

----

* सभा पटल पर रखा गया।

यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने का जो विश्वास दिलाया है, मुझे पूरी आशा है कि रेलवे अपने टैंडरिंग सिस्टम को चुस्त दुरूस्त करेगा ।

मैं कहना चाहूंगा कि रेलवे विभाग में कई लाख कर्मचारी कार्यरत हैं । इनमें से बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति व जनजाति के हैं । मैं मांग करता हूं कि अनुसूचित जाति व जनजाति के रिक्त पड़े पदों को तुरंत भरा जाए तथा रोस्टर प्रणाली को लागू किया जाए तथा रेलवे के उच्च पदों पर भी दलितों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए । माननीय मंत्री जी आप रेलवे में कैटरिंग कारपोरेशन बनाकर मैक्डोनाल्ड की तज पर यात्रियों को खानपान के मामले में उच्च कोटि की सुविधा देना चाहते हैं । मैं अनुरोध करूंगा कि ऐसा करते समय देश के उन छोटे 15000 रेलवे रिफरेस्मेंट कांट्रक्टरों का ध्यान रखा जाना चाहिए ।

माननीय मंत्री जी मैं हरियाणा प्रदेश के अम्बाला आरक्षित लोक सभा क्षेत्र से चुनकर आया हूं । मेरी लोक सभा में रेलवे का डिवीजन स्तर का कार्यालय, जिसे आधुनिक बनाये जाने की आवश्यकता है । मेरी लोक सभा के कालका व जगाधरी रेलवे स्टेशन को अपग्रेड करके आधुनिक बनाये जाने की अति आवश्यकता है । अम्बाला शहर, अम्बाला कैंट व जगाधरी कपड़े के व्यापार बर्तन उद्योग व साईंस का सामन बनाने के लिए विश्व में प्रसिद्ध हैं । मेरे क्षेत्र में जहां पर देश विदेश से व्यापारी अपने कारोबार करने की दृटि से आते हैं । वहीं पर पूर्वी भारत से बहुत से लोग मजदूरी के लिए आते हैं व अम्बाला छावनी भारत का प्रमुख मिलिट्री सैंटर भी है । मैं मांग करता हूं कि जनता को राहत प्रदान करने के लिए नई गाड़ियां चलायी जाएं । बराड़ा ब्लॉक में रेलवे स्टेशन सुपर फास्ट, गंगानगर, हरिद्वार एक्सप्रेस गाड़ी को रोका जाए । जगाधरी में जनसेवा एक्सप्रेस का ठहराव किया जाए और स्वर्ण शताब्दी दिल्ली-अमृतसर के सभी यात्रियों को अम्बाला में रोका जाए ।

माननीय मंत्री जी मेरे क्षेत्र के लोग वाँों से यमुना नगर से कालका वाया नारायण गढ़ तथा यमुना नगर से पटियाला वाया कुरूक्षेत्र, पहेवा व यमुना नगर से सिखों की आस्था केन्द्र पोंटा साहिब से होती हुई देहरादून तक रेल लाइन बिछाने की मांग निरंतर करते आ रहे हैं । मैं मांग करता हूं कि वाँों से लंबित पड़ी इन नयी रेलवे परियोजनाओं को अविलम्ब पूरा किया जाए व इसके लिए बजट में प्रावधान किया जाए। माननीय मंत्री जी जहां पर राट्रीय स्तर पर अन्य बातों को लेकर यह बहुत अच्छा बजट है, परन्तु आपके इस बजट से हरियाणा की जनता को निराशा हाथ लगी है । मैं आपको स्मरण कराना चाहता हूं कि हरियाणा की जनता ने 10 की 10 लोक सभा सीटें जीतकर अटल जी की झोली में डाली थीं । इसलिए हरियाणा की उपेक्षा न करते हुए हमें हमारा हिस्सा दिया जाए । अंत में मैं इस बजट का समर्थन करता हूं ।

3

* श्री रामनरेश त्रिपाठी (सिवनी) :

महोदय, मैं रेल मंत्री को व्यवस्थित, संतुलित तथा जनहितकारी बजट प्रस्तुत करने हेतु बधाई देता हूं । रेल उपयोगकर्ताओं की सुविधा हेतु अनेक नई रेलगाड़ियां चलायी गयी, रेलगाड़ियों की रफ्तार बढ़ाई गई तथा संरक्षा तथा सुरक्षा को बढ़ाने हेतु अनेक योजनाएं बनायी गयी हैं, जो निश्चित रूप से स्वागत योग्य हैं तथा जन भावनाओं के अनुरूप हैं ।

महोदय, मध्य प्रदेश इस देश का विशालतम किंतु पिछड़ा प्रदेश है, जहां क्षेत्रफल के अनुसार तुलनात्मक दृटि से रेलवे लाइनें काफी कम हैं, जिसके कारण प्रचुर मात्रा में खनिज तथा वन संपदा होते हुए भी औद्योगिक दृटि से पिछड़ा हुआ है । महोदय, मध्य प्रदेश का महाकौशल क्षेत्र आज भी अंग्रेजों की बिछाई छोटी लाइनों से अभिसप्त है, जिसके कारण न तो यहां की नैसर्गिक संपदा का देशहित में दोहन हो पा रहा है और न विकास की असीम संभावनाओं वाला यह क्षेत्र अपना औद्योगिक विकास कर पा रहा है ।

रामटेक (दक्षिण पूर्व रेलवे) से श्रीधाम, मध्य रेलवे, देश की प्रस्तावित महत्वपूर्ण रेल लाइन है । इस नयी ब्राडगेज रेलवे लाइन के लिए फील्ड सर्वेक्षण का प्राक्कलन पूरा हो गया है (सिंगनल एवं दूरसंचार का) तथा यातायात की स्थिति की रिपोर्ट तैयार हो चुकी है । इस नये रेल मार्ग के निर्माण से उत्तर दक्षिण की दूरी लगभग 400 कि.मी. कम होगी तथा आवागमन की सीधा कम दूरी का मार्ग उपलब्ध होगा । समय तथा ऊर्जा

की बचत होगी । सिवनी जैसा आदिवासी बाहुल्य पिछड़ा जिला ब्राडगेज सुविधा से जुड़ जाएगा ।

महोदय, दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत गेज परिवर्तन के लिए मध्य प्रदेश में छिंदवाड़ा-सिवनी-नैनपुर (140 कि.मी.) रेल लाइन का आरंभिक इंजीनियरी सह यातायात सर्वेक्षण स्वीकृत है, इंजीनियरी फील्ड सर्वेक्षण पूरा हो गया है तथा यातायात प्रक्षेपणों का संग्रह किया जा रहा है । आशा है, आप शीघ्र इस गेज परिवर्तन को धनराशि उपलब्ध कराकर इस पिछड़े अंचल का विकास सुनिश्चित करेंगे ।

। सभा पटल पर रखा गया ।

महोदय, पांचवीं पंचवर्षीय योजना में मध्य प्रदेश ने इक्कीस नयी लाइनों के निर्माण की सिफारिश की थी, जिसमें जबलपुर, पाटन, दमोह, टीकमगढ़, ललितपुर नया ब्राडगेज सम्मिलित था । यह रेल मार्ग जबलपुर को सीधा दिल्ली से जोड़ता है तथा दूरी भी लगभग आधी करता है । जबलपुर इस देश के मध्य में स्थित अति महत्वपूर्ण नगर है। यहां सुरक्षा के अनेक महत्वपूर्ण कारखाने स्थित हैं । यह देश का सबसे बड़ा शैक्षणिक केन्द्र है तथा यहां दुनिया की सबसे पवित्र नर्मदा नदी बहती है, जिसके किनारे विश्व प्रसिद्ध मार्बल रोक्स की सुंदर पहाड़ियां हैं । इस ब्राडगेज के निर्माण से जबलपुर सीधा दिल्ली से जुड़ जाएगा, जिसका लाभ अन्य अनेक प्रदेशों को होगा । मंत्री महोदय से अपेक्षा है इस मार्ग के निर्माण पर शीघ्र ध्यान देने की महत्ती कृपा करेंगे ।

महोदय, राट्रीय राजमार्ग 12 पर भिटौनी शहपुरा, जबलपुर जिले में रेल मार्ग पर ओवर ब्रिज की आवश्यकता है । यहां पर पेट्रोलियम का गैस प्लांट स्थित है तथा हमेशा इसकी रैक आती रहती है तथा घंटों यह फाटक बंद रहता है तथा राट्रीय राजमार्ग का आवागमन अवरूद्ध रहता है ।

मान्यवर, कुछ अन्य छोटी बातों की ओर भी आपका ध्यान आकृट कर रहा हूं तथा आशा करता हूं कि मंत्री महोदय इन्हें जरूर पूर्ण करेंगे ।

मध्य प्रदेश के जिला सिवनी में कम्प्यूटरीकृत आरक्षण शीघ्र प्रारंभ करने की मांग वार्ों पुरानी है, इसे शीघ्र पूरा करने की अपेक्षा है ।

राजकोट एक्सप्रेस का श्रीधाम स्टेशन पर नरसिंहपुर जिले में स्टॉप होना अतिआवश्यक है । यहां पर शंकराचार्य जी का आश्रम है, जहां बड़ी मात्रा में गुजरात से तीर्थयात्रियों का आना होता है ।

गोंडवाना एक्सप्रेस जबलपुर निजामुद्दीन का मथुरा में स्टॉप होना आवश्यक है तथा इसके निजामुद्दीन से चलने के समय में परिवर्तन करने की आवश्यकता है । यदि इसे यहां से 4.30 पर रवाना किया जाए तो यात्रियों को काफी सुविधा होगी ।

जबलपुर में शहपुराभिटौनी से कटनी लोकल ट्रेन चलाना अति आवश्यक है, जिससे रेल उपयोगकर्त्ताओं को काफी सुविधा होगी । आशा है, मंत्री महोदय इन छोटी जनहित की मांगों को जरूर पूर्ण करेंगे ।

मैं रेल बजट का समर्थन करते हुए आपको धन्यवाद देना चाहता हूं ।

4

* श्री किशन सिंह सांगवान (सोनीपत)

दिनांक 24.2.02 को माननीय रेल मंत्री श्री नीतीश कुमार द्वारा जो रेल बजट पेश किया गया है, उसका मैं समर्थन करता हूं और प्रशंसा करता हूँ। इस बजट में गरीब जनता के हितों का ध्यान रखकर, विकासशील बजट पेश किया गया है। आर्थिक संकटों के होते हुए भी अनेक प्रोग्राम बनाये गए हैं। इस बजट में आय के साधन बढ़ाने और खर्च घटाने का भरसक प्रयास किया गया है।

महोदय, रेल की सवारी गरीब जनता की सवारी मानी जाती है और देश की अधिकांश जनता रेल से सफर करती है, इसलिए बढ़ती हुई आबादी के कारण रेल की मांग व आवश्यकता निरन्तर बढ़ रही है।

जहां बजट की प्रशसा हो रही है वहीं पर महोदय, हरियाणा की जनता में नाराजगी व आक्रोश बढ़ रहा है। नीतीश जी के बजट भााण के बाद हरियाणा की जनता में व्यापक प्रतिक्रिया हुई है क्योंकि हरियाणा को वार्ों से लगातार रेलवे की दृटि से पूर्णतया उपेक्षित रखा गया है। हमारी बार-बार मांग करने पर, मंत्री से मिलने के बावजूद और रेल बजट पर प्रतिवा आवाज उठाने पर भी हमें कुछ नहीं मिला है और मंत्री जी यह स्वीकारते भी रहे हैं कि हरियाणा को हम कुछ नहीं दे पाये हैं। इससे ऐसा आभास होता है कि हरियाणा रेलवे के मानचित्र पर है ही नहीं। जबकि लगभग सभी रेलगाडियां हरियाणा की धरती से होकर गुजरती है लेकिन हरियाणा की जनता की समस्याएं ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। अधिकतर लम्बी रेलगाडियां या तो हरियाणा में रूकती नहीं या फिर इतनी भीड़ पीछे से आती है कि उन गाड़ियों में चढ़ना बहुत ही कठिन होता है जिसकी वजह से अनेक यात्रियों को रोजाना अपने प्राण देने पड़ते हैं।

महोदय, हरियाण प्रदेश दिल्ली के तीन तरफ लगता है और इसका लगभग 35-40 प्रतिशत हिस्सा (एन.सी.आर.) राट्रीय राजधानी क्षेत्र में पड़ता है। दिल्ली की बढ़ती हुई भीड़ व आबादी की दृटि से भी हरियाणा में रेल की अधिक सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। हरियाणा से लगभग 5 लाख यात्री दिल्ली में रोजना आते हैं और जाते हैं जो कि अधिकतर कर्मचारी, व्यापारी, छात्र व मजदूर होते हैं लेकिन जो दुर्दशा इन सम्मानित व्यक्तियों की रेल में होती है, ऐसी तो पशुओं की भी नहीं होती।

महोदय, माननीय मंत्री ने अपने बजट भााण में विशो बल इस बात पर दिया है कि जनता की बढ़ती हुई मांगों को देखते हुए एक ट्रांसपेरेन्ट फारमूला बनाया गया है जिसके द्वारा नये प्रोजेक्ट के लिए फण्ड का अलाटमेंट किया जायेगा ताकि पारदर्शिता हो सके। इसके लिए तीन प्रमुख क्राइटेरिया बनाए गए हैं-

1. एरिया आफ स्टेट 1.5 प्रतिशत

*सभा पटल पर रखा गया।

2. पापुलेशन (जनसंख्या) 1.5 प्रतिशत

3. राज्य में परियोजनाओं को

पूर्ण करने हेतु बकाया राशि 70 प्रतिशत

इस आधार पर मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या हरियाणा को उपरोक्त फारमूले के आधार पर कोई प्रोजेक्ट दिया गया है। क्या कोई नई रेलवे लाइन, नई विद्युतीकरण, लाइन का दोहरीकरण, ब्रोडगेज लाइन में परिवर्तन, नई रेलगाड़ियां इत्यादि।

इसीलिए मैं कहना चाहूंगा कि हरियाणा के साथ भेदभाव हुआ है और इसकी उपेक्षा हुई है जबकि राजधानी दिल्ली के नजदीक होने के कारण यहां समस्याएं और ज्यादा हैं।

महोदय, जैसे मैंने जिक्र किया है-समस्याएं बहुत ही ज्यादा हैं लेकिन समय अभाव के कारण मैं सभी का उल्लेख नहीं कर सकता। फिर भी में अति आवश्यक समस्याएं जिनको मैं बार-बार उठाता रहता हूँ अवश्य आपको बताना चाहूंगाः-

<u>नई रेलवे लाइनें-</u>

1. जींद से सोनीपत लाइन (सर्वे कार्य हो चुका है बजट में प्रावधान करवाना है)
2. रोहतक-झज्जर-रिवाड़ी
3. झज्जर-बहादुरगढ़
4. रोहतक-हिसार वाया महम, हांसी
5. पानीपत-मेरठ

रोड ओवरब्रिज (आर.ओ.बी.)

1. गन्नौर - (सोनीपत)
2. सोनीपत-गोहाना रोड पर सोनीपत
3. बहादुरगढ़-कानोन्दा रोड पर बहादुरगढ़
4. रोहतक वाईपास पर रोहतक
5. गोहाना-जींद रोड पर गोहाना

<u>लाइन का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण</u>

दिल्ली-रोहतक-भटिण्डा को डबल लाइन किया जावे तथा पहले फेज में दिल्ली - रोहतक -जींद का विद्युतीकरण किया जावे और तब तक डीजल की नई गाड़िया (लोकल ट्रेन) लगाई जावें।

<u>रेलगाड़ियों का ठहराव</u>

1. एकता एक्सप्रेस को स्वतंत्र किया जावे और दूसरी गाड़ियों से डि-लिंक किया जावे।
2. मौजूदा बजट में प्रस्तावित गाड़ियों चंडीगढ-नई दिल्ली (जन-शताब्दी) का ठहराव पानीपत, सोनीपत किया जावे।
3. पठानकोट- दिल्ली (जन शताब्दी) का ठहराव जींद, रोहतक व बहादुरगढ़ किया जावे।
4. शाने - पंजाब व पूजा एक्सप्रैस का सोनीपत ठहराव किया जावे।
5. ऊंचाहार एक्सप्रैस गाडी नं0 4517 अप व 4518 डाउन का ठहराव गन्नौर (सोनीपत) किया जावे।
6. जम्मू मेल व झेलम एक तरफ रूकती हैं, इनका दूसरी तरफ ठहराव किया जावे।
7. सभी एक्सप्रैस मेल गाड़ियों का रोहतक-दिल्ली सेक्शन पर बहादुरगढ़ में ठहराव हो तथा आसोदा में ठहराव हो।
8. नई दिल्ली-श्रीनगर एक्सप्रैस का जुलाना (जींद) ठहराव किया जावे।
9. एक्टेंशन आफ 1- डीआर, दिल्ली-रोहतक को जींद तक बढ़ाया जाए या गोहाना तक किया जाये।

<u>नई रेलगाडियां चलाने हेतु</u>

1. एक नई ई0एम0यू0 रेल सोनीपत-दिल्ली चलाई जावे।
2. एक पेसन्जर गाड़ी गोहाना-रोहतक-दिल्ली निजामुद्दीन प्रातः चलाई जावें और शाम को वापस की जावे।

3. जींद-पानीपत सेक्शन पर प्रातः एक गाड़ी जींद से पानीपत और पानीपत से जींद को एक अतिरिक्त नई गाड़ी चलाई जावें।

<u>न्यू हाल्ट</u>

1. लाखन माजरा (रोहतक-जींद सेक्शन) में एक हाल्ट की अति आवश्यकता है। यह जनता की एक बहुत पुरानी मांग है ।
2. ग्राम सय्साढ़ (रोहतक-पानीपत सेक्शन) में एक हाल्ट बनाया जाए जो पहले चालू था जिसे बाद में बन्द कर दिया गया।
3. ग्राम भैंसवान खुर्द (रोहतक-पानीपत सेक्शन) स्टेशन की बिल्डिंग बहुत ही खराब हो चुकी है और एक नई स्टेशन बिल्डिंग का निर्माण किया जाना है। 6-7 गांव की जनता की मांग पर नया रेलवे स्टेशन ग्राम माहरा-ठसका के बीच बनाया जावे जिसका सर्वे भी हो चुका है।
4. ग्राम रामकली में रामकली मायनर (रोहतक-जींद सेक्शन) पर पुल बनाया जावे। 5-6 गांवों के किसानों की समस्या है। इसके लिए 22,58,184/- रूपये भी रेलवे के प्राक्कलन के मुताबिक रेलवे विभाग में जमा कराये जा चुके हैं लेकिन काम अभी तक शुरू नहीं हुआ।

अतः मैं एक और प्रमुख मांग कि राट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को सब-अर्बन डिवीजन बनाया जावे जैसे मुम्बई को बनाया गया है, को उठा रहा हूँ । मैंने पिछले बजट सत्र में भी इस मांग को प्रमुखता से उठाया था।

मुझे विश्वास है कि माननीय नीतीश कुमार जी हरियाणा की भावनाओं को समझेंगें और इसका यथाशीध्र समाधान करेंगे।

5

***श्री सईदुज्जमा (मुज्जफरनगर)**; महोदय, मेरे चुनाव क्षेत्र मुज्जफरनगर में एशिया की सबसे बड़ी गुडमंडी है तथा धार्मिक स्थल हरिद्वार के लिए प्रवेश द्वार है। अतः मुज्जफरनगर से मेरठ तक डबल रेलवे ट्रेक कराने की मैं मांग करता हूँ। मेरठ तक डबल ट्रैक की स्वीकृति पहले ही हो चुकी है ।

कृपया हमारी इस मांग को बजट वक्तव्य में शामिल कराने का कट करें ।

***भााण सभा पटल पर रखा गया ।**

6

*श्री शीशराम सिंह रवि (बिजनौर)-

मुझे आपने रेल बजट 2002-2003 पर बोलने का मौका दिया, मैं आपका ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूँ। भारतीय रेल पूरे देश का सबसे बड़ा विभाग है। मैं माननीय मंत्री नीतीश कुमार जी का भी ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने रेल बजट में छोटे व बड़े सभी लोगों को समायोजित करने का कार्य किया है। रेलवे देश की एकता को बनाए रखने में सफल है, रेलवे देश के कोने-कोने को छूता हुआ चल रहा है। माननीय मंत्री जी के नेतृत्व में रेलवे ने चहुंमुखी विकास किया है माननीय मंत्री जी का ध्यान मैं इस ओर भी दिलाना चाहता हूँ कि वे रेलवे कर्मचारियों की संख्या में प्रतिर्वा कटौती कर रहे हैं जिससे बेरोजगारी बढ़ रही है । रेलवे विभाग में खलासियों का पद तो समाप्ति की ओर है, क्योकि इसका स्थान मशीनों ने ले लिया है। मैं माननीय मंत्री का ध्यान इस ओर भी दिलाना चाहता हूँ कि रेलवे के बड़े अधिकारियों की नियुक्ति पदोन्नति से न करते हुए नई भर्ती के द्वारा नियुक्ति की जानी चाहिए। मेरे देखने में आया है कि डी.आर.एम. व जी.एम. व रेलवे बोर्ड के सदस्य व चेयरमैंन इन पदों पर पहुंचते-पहुंचते ही सेवा समाप्ति की तरफ पहुंच जाते हैं और उनके कार्य करने की क्षमता भी धीमी हो जाती है। इससे रेल विभाग भी धीमा होने लगा है। इन बड़े पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया आई.ए.एस. व आई.पी.एस की तरह होनी चाहिए और सीधे भर्ती से भरे जाने से कार्य की क्षमता अधिक बढ़ेगी, तथा रेल मंत्रालय अधिक लाभ में जा सकता है। इस बार रेलवे के किराये में जो बढ़ोत्तरी हुई है उससे गरीब जनता के उपर सीधा प्रभाव पड़ा है। किराये में कटौती करने की मांग करता हूँ।

***भााण सभा पटल पर रखा गया ।**

रेलवे भारत सरकार का विभाग है और इसीलिए संसद सदस्यों का रेलवे विभाग से सीधा संबंध होना चाहिए परन्तु रेलवे विभाग के डी.आर.एम. व जी.एम. जब अपने द्वारा या रेल मंत्री के द्वारा रेलवे के नव निर्माण कार्यों का शिलान्यास कराते हैं तो सांसदों को इस ओर विाय में अवगत नहीं कराते हैं । अधिकारियों का वर्चस्व रेलवे विभाग पर है । पूर्व रेल मंत्री बहन ममता बनर्जी जी

मेरे क्षेत्र में बालाबाली गंगा नदी के रेलवे पुल का उद्घाटन करने गई थी, उस समय उन्होंने नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर आरक्षण कम्प्यूट्रीकृत कराने की घोाणा की थी तथा गंगा नदी पर बालाबाली के रेलवे के पुराने पुल को रोङ का पुल जारी करने की भी घोाणा की थी परन्तु दोनों कार्यों में अभी तक कोई भी सफलता नहीं मिली है । उत्तरी रेलवे के जी.एम. व डी.आर.एम. मुरादाबाद ने मेरे क्षेत्र में किसी भी नव-निर्माण कार्यों का उद्घाटन कराने या नवीन कार्यों की जानकारी मुझे देने की आवश्यकता महसूस नहीं की है तथा डी.आर.एम. मुरादाबाद और जी.एम. उत्तर रेलवे मेरे पत्रों का उत्तर भी गलत ही देते हैं ।

महोदय, मैं उत्तर प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी का नया अकेला सांसद हूं तथा मेरा जिला बिजनौर दिल्ली से कुल 140 किमी दूर है और बिजनौर जिले के व्यापारियों की थोक मंडी भी दिल्ली में ही पड़ती है । बिजनौर जिले से सैकङों बसें व प्राइवेट टैक्सियां प्रतिदिन आते हैं तथा जब बिजनौर के डाक्टरों से कोई मरीज या रोगी इलाज से ठीक करने में असमर्थ रहता है, तो वे भी दिल्ली को रैफर करते हैं । इससे यह महसूस होता है कि बिजनौर का दिल्ली से सीधा संबंध है परन्तु रेल मंत्रालय ने बिजनौर को अछूता छोड़ रखा है दिल्ली से देहरादून को कई एक्सप्रैस व साधारण रेल गाड़ी वाया मेरठ को जा रही है । मैं पिछले दो वााँ से यह प्रयास कर रहा हूं कि दिल्ली

से देहरादून को जाने के लिए एक्सप्रैस ट्रेनों को दिल्ली से गाजियाबाद, गजरौला, चांदपुर, बिजनौर, नजीराबाद, हरिद्वार, देहरादून चलवाया जाना चाहिए था तथा अभी नई ट्रेन जो अप्रैल से चलने जा रही है उसमें एक जन शताब्दी दिल्ली से देहरादून के लिए चलने वाली है । इस जन शताब्दी का मार्ग दिल्ली से गाजियाबाद, गजरौला, चांदपुर, बिजनौर, नजीवाबाद, हरिद्वारा देहरादून होना चाहिए । मेरे जिले की जनता को आए दिन रेलवे विभाग के खिलाफ टिप्पणियां आती रही हैं और जनता ने बिजनौर से दिल्ली को रेलवे लाइन के जरिए जोङने के लिए बहुत संघा किया है । मंसूरी एक्सप्रैस एक ही ट्रेन रात को दिल्ली से देहरादून वाया बिजनौर जाती है जिसका लाभ बिजनौर की जनता को नहीं मिलता है । पूरे दिन एक भी ट्रेन दिल्ली से बिजनौर के लिए नहीं है । बिजनौर जिले की जनता की मांग है कि बिजनौर से दिल्ली के लिए 5 डिब्बे वाली शटल ट्रेन दिन में (24 घंटे) में दो बार आए व दो बार जाए इससे रेलवे को भी बहुत बड़ा लाभ मिलेगा और बिजनौर की जनता को इसका बहुत लाभ होगा ।

मैं माननीय मंत्री जी से यह भी चाहूंगा कि महाभारत के समय पांडवों की राजधानी का केन्द्र हस्तिनापुर और महाभारत काल के महात्मा विदुर की कुटी गंगा के किनारे दारानगर गंज (बिजनौर) कुमांयू व गढ़वाल को जोङने वाला कालागढ़ जहां विद्युत परियोजना भी है आज तक रेलवे लाइन से वंचित है जबकि रेलवे विभाग ने सभी घार्मिक स्थलों व देश के कोने-कोने को जोङने का काम किया है । एन.डी.ए. सरकार के लिए यह भी एक ऐतिहासिक कार्य होगा कि मेरठ से मवाना हस्तिनापुर विदुर कुटी व कालागढ़ तक रेलवे लाइन का नया सर्वे कराकर रेलवे लाइन बिछवाने का कार्य इसी बजट में कराया जाए । हस्तिनापुर जैन धर्म का भी बहुत बङा तीर्थ स्थल है तथा कालागढ़ में रामगंगा विद्युत परियोजना है तथा उत्तरांचल को जोड़ेगी । मैं माननीय मंत्री

जी से उक्त कार्य को रेलवे बजट में शामिल करने का अनुरोध करता हूं । मुझे पूर्ण आशा है कि बिजनौर की जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए नजीवाबाद रेलवे लाइन पर ओवर ब्रिज बनवाने की भी कृपा करेंगे । मैं 2002-2003 के रेल बजट का संशोधन के साथ समर्थन करता हूं ।

7

*श्री दिलीप कुमार मनसुखलाल गांधी (अहमदनगर)

मैं रेल बजट का समर्थन करता हूं । रेल मंत्री जी ने बजट में जो प्रावधान किये हैं निश्चय ही आशाजनक तथा उत्साहवर्धक है । अलबत्ता मैं यही कहना चाहता हूं कि-

रेल यातायात विकास के बिना क्षेत्र का विकास नहीं होता । जहां तक रेल का संबंध है, अहमदनगर संसदीय क्षेत्र की उपेक्षा की गयी है । बजट में दाँड-मनमाड लाइन के दोहरीकरण तथा विद्युतीकरण के लिए सर्वेक्षण निश्चित समय की घोाणा अपेक्षित थी । इस लाइन पर विश्वप्रसिद्ध शिरडी, शिंगणापुर जैसे पवित्र स्थान तथा सेना का बहुत बङा केन्द्र और मेहराबाद स्थित भारत पेट्रोलियम का बहुत बङा टर्मिनल भी मौजूद है । अगले साल नासिक में कुंभ मेला आरंभ हो रहा है । वहां के श्रद्धालुओं की भीङ भी शिरडी आएगी । शिरडी के लिए प्रतिदिन 500 बसें मुम्बई तथा देश के अन्य भागों से आती है । वहां के इन श्रद्धालुओं के लिए एक नई ट्रेन (सांई एक्सप्रैस) चलाने की कई वााँ से मांग है । ऐसी ट्रेन शुरू की गई तो सङक यातायात भी आसान हो जायेगा और श्रद्धालुओं को तथा तेजी से बढ़ रही जनसंख्या को राहत मिलेगी और रेलवे को भी काफी राजस्व मिलेगा । यह मामला मैंने लोक सभा में नियम 377 के अंतर्गत भी उठाया था ।

श्रीगोन्दा, खङूरी कोपरगांव एरिया के किसान सब्जी, फल उत्पादन में अग्रसर हैं। अगर इनको रेल की सुविधा मिल जाये तो इस उत्पादन को अच्छी कीमत मिल सकती है । इसलिए मुम्बई-मनमाड वाया अहमदनगर एक ट्रेन चलती थी, उसे दोबारा शुरू करने की जरूरत है । दाँड-मनमाड रेल लाइन पर लोनी व्यंकनाथ स्थित एक क्रासिंग पुल निर्माण कार्य संबंधी मामला मैंने लोक सभा में उठाया था । माननीय रेल मंत्री जी ने सूचित किया था कि यह क्रासिंग दिसम्बर, 2000 तक पूरा करने का

***भााण सभा पटल पर रखा गया।**

प्रस्ताव है । लेकिन कार्य अभी तक प्रारम्भ भी नहीं हुआ है । यह मामला 1995 से चल रहा है । अतः मेरी विनती है कि क्रासिंग पुल निर्माण कार्य तत्काल शुरू करने हेतु निर्देश दें ।

अंग्रेजी सल्तनत में 1922 में बेलापुर-नेवासा-शेवगांव-परली मार्ग का सर्वेक्षण करके रेल द्वारा भूसंपादन भी किया गया है, लेकिन स्वतंत्रता के बाद रेल विभाग ने इसे दुर्लक्षित किया है । इसे दोबारा सर्वेक्षण करने की जरूरत है । अहमदनगर-बीड-परली मार्ग का सर्वेक्षण चल रहा है और बीड स्टेशन का कार्य भी प्रगति पर है । इसे पर्याप्त निधि देकर पूरा करने की आवश्यकता है । इस संबंध में रेल अधिकारियों के साथ मेरी चर्चा भी हुई है । मेरे संसदीय क्षेत्र में अनेक स्थानों पर रेलवे क्रासिंग है। उनमें से बहुत से ऐसे भी हैं जहां न तो फाटक है, ना रेल कर्मचारी । इस कारण इस क्रासिंग पर दुर्घटना होती रहती है । उससे जन-धन की हानि होती है । ऐसी जगह रेल कर्मचारियों की नियुक्ति होनी चाहिए । उदाहरण के तौर पर दौंड-मनमाड रेल लाइन पर देहरे गांव के नजदीक हाल ही में हुई एक दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु होने पर वहां का जन-जीवन प्रभावित हो गया और क्षुब्ध ग्रामवासियों ने रास्ता रोको आंदोलन किया । पहले यहां पर रेलवे क्रासिंग था, लेकिन वहां ये लगभग एक किलोमीटर पर उपरि पुल होने के कारण रेल विभाग ने क्रासिंग बंद कर दिया । उल्लेखनीय है कि देहरे गांव रेल पटरी के दोनों तरफ बसा हुआ है । लोगों की मांग के बावजूद भी रेलवे क्रासिंग बंद है जिसके कारण ऐसी दुर्घटनाएं बार-बार हो रही है । अतः सार्वजनिक हित में यहां पर अविलंब रेलवे पटरी के नीचे एक टर्मिनल बनाया जाये ।

अहमदनगर स्टेशन को आदर्श स्टेशन बनाने हेतु सुविधा दिलाने के लिए मैंने मध्य रेल प्रबंधक के साथ विचार-विमर्श करके एक योजना बनवाई है । जैसा कि पेयजल, प्लेटफार्म पर बैठने की पर्याप्त व्यवस्था तथा ऊपर की छत, प्लेटफार्म पर तथा स्टेशन के बाहर सुलभ शौचालय द्वारा 10-10 सीटों का शौचालय । इस परियोजना के लिए निजी क्षेत्र से निधि का सृजन भी किया गया है, लेकिन डेढ़ साल के बावजूद रेल विभाग ने न तो उसे अनुमति दी है, न ही रेल के हिस्से की प्रारम्भिक पूंजी दी है । इससे निजी क्षेत्र से धन जुटाने वाले नाराज हो रहे हैं । मेरा आपसे अनुरोध है कि अहमदनगर को आदर्श स्टेश्न के रूप में लाने के लिए पर्याप्त धन देने की व्यवस्था करें। अहमदाबाद-बंगलौर यह गाड़ी सप्ताह में एक बार चलती थी । उसे हफ्ते में तीन बार चलाने की हमारी मांगे आपने स्वीकार की, इसलिए आपको मैं धन्यवाद देता हूं और वर्तमान में मैसूर से हजरत निजामुद्दीन तक स्वर्ण जयंती एक्सप्रैस सप्ताह में एक दिन चलती है । कृपया उसे सप्ताह में तीन दिन चलाने के निर्देश देने की कृपा करें ।

रेलवे के पास अथाह भूमि पड़ी है जिसका कोई उपयोग नहीं हो रहा है । इसका वाणिज्यिक दृटि से उपयोग करने के लिए मैंने कई सुझाव दिये हैं, किन्तु अभी तक इस ओर कोई सक्रिय कदम नहीं उठाये गए हैं ।

आशा है आप उक्त सभी बिन्दुओं पर शीघ्र कार्यवाही करेंगे । इसके साथ मैं रेल मंत्री महोदय द्वारा प्रेति बजट को समर्थन देता हूं ।

8

रेल मंत्री (श्री नीतीश कुमार) : सभापति जी, मैं सबसे पहले उन माननीय सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूँ जिन्होंने अपने विचार यहां व्यक्त किये या लिखित तौर पर जिन्होंने अपना वक्तव्य सभापटल पर रखा। अपनी बात शुरू करने से पहले मैं शोक प्रकट करना चाहता हूँ गोधरा में जो कुछ भी हुआ उसमें रेलगाड़ी में सवार यात्रियों को दर्दनाक मौत का शिकार होना पड़ा, उनको जलाया गया।

एक माननीय सदस्य ने अपने भााण के क्रम में एक बात कह दी थी कि जब वहां पर आग लगाई जा रही थी तो आर.पी.एफ. के लोगों ने कोई कार्रवाई नहीं की। यह बात बिल्कुल गलत है। गोधरा स्टेशन पर जितने भी आर.पी.एफ. के जवान थे, वे सब उस ओर दौड़ पड़े थे और उन्होंने गोली चलाई जिसके कारण और ज्यादा जो आग लगाई जा सकती थी, उसको उन्होंने रोका और बहुत बहादुरी से उन्होंने काम किया था इसका मैं उल्लेख करना चाहता हूँ। इसलिए यह कहना कि आर.पी.एफ. के जवान भाग खड़े हुए थे, यह उचित नहीं होगा, इसको मैं स्पट करना चाहता हूँ।

एक बात के लिए मैं खुशी प्रकट करना चाहता हूँ कि रेलवे पहली बार रणजी ट्रॉफी में विजयी हुआ है। यूँ तो रेलवे का योगदान खेलों में बहुत बड़ा रहा है लेकिन अब तक क्रिकेट के क्षेत्र में कभी भी वह रणजी ट्राफी का विजेता नहीं हो सका था। पहली बार विजेता हुआ है और शायद हम 150वें साल में प्रवेश कर रहे हैं, उस अवसर पर यह उपलब्धि हासिल हुई है। खेलों के सिलसिले में बहुत कुछ किया जा रहा है जिसका उल्लेख हमने बजट भााण में किया।

महोदय, बजट के संदर्भ में मुझे लगता है कि जो गलतफहमियां हैं, उनको दूर करना चाहता हूँ। कुछ माननीय सदस्यों ने कहा कि यात्री भाड़ा बढ़ाया गया और सिर्फ ऑर्डिनेरी क्लास में बढ़ाया गया या स्लीपर क्लास में बढ़ाया गया, ऊंचे दर्जे के लोगों को छोड़ा गया। यह बात गलत है। मैंने अपने बजट भााण में इन प्रस्तावों का उल्लेख किया कि हम रेशनलाइज़ेशन कर रहे हैं और रेशनलाइजेशन करते वक्त हमने यह कहा कि जो मेल एक्सप्रेस का बेस क्लास है ऑर्डिनेरी, उसको अगर हम 100 मानकर चलते हैं तो 1999-2000 में उसके साथ मेल एक्सप्रेस के विभिन्न श्रेणी की एक रिलेटिविटी तय की गई थी, उनके साथ अनुपात तय किया गया था, उनमें कुछ संशोधन हमने किये थे। वह था स्लीपर के लिए 155, उसको हमने 160 कर दिया। ए.सी. चेयरकार के लिए 300 था, उसको बढ़ाकर हमने 350 किया और ए.सी. फर्स्ट क्लास का 1440 था, उसको घटाकर हमने 1400 किया। जो ऑर्डिनेरी क्लास है, जिसका मिनिमम फेयर तीन रुपये था, उसको चार रुपये किया। मेल एक्सप्रेस का मिनिमम फेयर सेकेन्ड क्लास का 15 रूपये था, उसको 16 रुपये किया। बाकी इस काम के चलते जो रिलेटिविटी होती है, उसके चलते प्रत्येक श्रेणी पर भार आया है। सैकेन्ड क्लास ऑर्डिनेरी पर अगर हम एवरेज लें तो 5.79 प्रतिशत आया। अगर सैकेन्ड क्लास मेल एक्सप्रेस लें तो उन पर 5.57 प्रतिशत बोझ आया। ए.सी.चेयरकार पर 18.21 प्रतिशत आया। ए.सी.3टियर पर 3.48 प्रतिशत आया और फर्स्ट क्लास पर 7.63 प्रतिशत आया।

ए.सी. सैकिंड टीयर में 5.39, ए.सी.फर्स्ट क्लास में 4.01 प्रतिशत आया है। इसलिए मैं इस गलतफहमी को दूर कर देना चाहता हूं कि आर्डीनरी क्लास का किराया बढ़ाया गया है और बाकी का नहीं बढाया गया है या छोड़ दिया गया है। मैं बताना चाहता हूं कि यह रैशनलाइज हुआ है। हमने बेस क्लास की रैशनैलिटी में थोड़ा परिवर्तन किया और जो आर्डीनरी क्लास का मिनीमम फेयर था या मेल क्लास का सैकिंड क्लास का जो मिनीमम फेयर था उसमें एक रुपया बढ़ाया। उसकी बढ़ोत्तरी से कुल मिलाकर 910 करोड़ रुपए रेलवे को मिलेंगे। इसके बारे में कहा गया कि शताब्दी और राजधानी का किराया नहीं बढ़ा है। मैं बताना चाहता हूं कि शताब्दी और राजधानी का भाड़ा लगातार इतना बढ़ाया जा चुका है कि अब वह एक तरह से प्रोहिबिटिव हो गया है। इसलिए इस बार उसे नहीं छुआ गया है।

सभापति महोदय, इस बार हमने एक बात यह की है कि शताब्दी और राजधानी में जो इनफेंट्स, पांच साल या इससे कम उम्र के जो बच्चे यात्रा करते थे, जिनका

टिकट नहीं लगता था, जो अपने पेरेंट के साथ यात्रा करते थे, उनको हम भोजन के रूप में कुछ न कुछ मुफ्त में खाना देंगे, आहार के रूप में कुछ देंगे, क्योंकि इससे पहले उनके माता-पिता यानी टिकटधारी को ही भोजन दिया जाता था, लेकिन आप लोगों ने कहा कि यह राजधानी और शताब्दी में मुफ्त भोजन दिया जा रहा है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि ऐसा नहीं है। राजधानी और शताब्दी के किराए में भोजन का चार्ज शामिल है। होता यह था कि मां-बाप यात्रा करते थे, उनको तो खाना मिलता था, लेकिन उनके साथ जो छोटा बच्चा यात्रा कर रहा है, जिसका टिकट नहीं लगता है, उसको कुछ नहीं मिलता था। इसलिए छोटे बच्चों को साथ लेकर चलने वाले माता-पिता को अपने साथ बच्चों के लिए खाना लेकर साथ चलना पड़ता था या फिर उनको कुछ खरीदना पड़ता था। उसकी जगह पर हमने उस बच्चे को खाना देना प्रारंभ कर दिया। इसलिए इसको भाड़े में वृद्धि नहीं कहेंगे। हम उनके भाड़े में कोई वृद्धि नहीं कर रहे हैं। बल्कि उन बच्चों को पहले अपने मा-बाप के खाने में ही खाना शेयर करना पड़ता था, वह अब नहीं करना पड़ेगा। इसके लिए जो हमारा कैटरिंग विभाग है या जिनको शताब्दी और राजधानी में कैटरिंग के ठेके मिले हुए हैं, उनसे बातचीत की वे इसके लिए मान गए या जो हमारा कैटरिंग आई.आर.टी.सी के माध्यम से धीरे-धीरे चलने लगा है, उन्हें तथा कांट्रैक्टरों को कोई ऐतराज नहीं है। ऐसा नहीं है कि यह खाना कोई मुफ्त में मिल रहा है। जैसा मैंने पहले बताया उनके किराए में उस खाने की कीमत मिली हुई है। अन्य गाड़ियों में मां-बाप को अपने लिए तथा बच्चों के लिए, सबके लिए खाना खरीदना पड़ता है। चूंकि यहां इन गाड़ियों में यह उपलब्धता नहीं थी। इसलिए उसको किया गया है। हम रेल से सफर करते हैं। हमने इस कमी को कई बार महसूस किया तथा हमें लोगों से भी यह शिकायत मिली। इसलिए हमने ऐसा किया।

सभापति महोदय, कुछ लोगों को माल भाड़े के बारे में गलतफहमी हुई है जिसके कारण कहा गया कि आपने यह बढ़ा दिया, वह बढ़ा दिया। यहां बात हो रही है कि रेलवे अपने पैरों पर खड़ा हो। रेलवे आज तक तो अपने पैरों पर खड़ा है। हम माल भाड़े में जो कमाई करते हैं, उस कमाई से यात्री भाड़े में जो नुकसान होता है, उसकी भरपाई करते हैं। यही नहीं, माल भाड़े में कुछ ऐसी जिंस होती हैं जिन्हें हम सस्ती कीमत पर ढोते हैं, उसमें भी नुकसान होता है। उन सब की भरपाई हम कुछ हाई रेटेड कमोडिटी से कर रहे हैं। नतीजा क्या हुआ है कि रेल का ट्रैफिक रोड की तरफ शिफ्ट हो रहा है। फिर रेलवे को कहा जाता है कि रेलवे के माल भाड़े का ट्रैफिक रोड की तरफ शिफ्ट न हो, यह भी देखें। एक तरफ कहते हैं कि रेल का माल भाड़ा नहीं बढ़े, दूसरी तरफ कहते हैं कि कुछ चीजों को मुफ्त ढोया जाए, तो यह कैसे चलेगा। एक दिन वह आएगा कि यदि इसी प्रकार से यह लोक लुभावन चीजों का सिलसिला चलता रहा, तो नतीजा यह होगा कि रेल को चलाने के लिए टैक्सपेयर को अपने पैसे देने पड़ेंगे। अभी तो रेल की सारी व्यवस्था रेल यूजर की कास्ट पर चल रही है। हम कई सामानों को सस्ती कीमत पर ढोते हैं। इसलिए हमने उन सबको रैशनलाइज किया है। पैसेंजर भाड़े और माल भाड़े को हमने रैशनलाईज किया है। इसके चलते जो मिनीमम क्लास था उसको 90 पर ला दिया 100 की तुलना में और जो 100 वाली बेस क्लास थी उसको मिनीमम 90 पर रखा है तथा जो मैक्सीमम था उसे 300 पर किया है।

<u>22.49 hrs. (Mr. Deputy Speaker in the Chair)</u>

उपाध्यक्ष महोदय, जो सस्ता सामान ढोया जा रहा है उस पर रेलवे का खर्चा हो रहा है फिर वह चाहे आयरन स्टील हो, पैट्रोलियम प्रौडक्ट हो, सीमेंट हो, कोयला हो या बहुत घाटा सहकर जो नमक ढोया जाता है, वह सामान हो, उस पर भी रेलवे का तो खर्च बराबर ही होता है। इसकी कोई और भरपाई नहीं करता बल्कि रेलवे अंदरूनी तौर पर, अपनी कमाई से उसकी भरपाई करती है। नतीजा यह हो रहा है कि रेलवे का माल रोड की तरफ डायवर्ट हो रहा है। इसलिए इस प्रकार के जो सबसिडी एलीमेंट हैं, उनकी कास्ट घटाएं, क्रास सबसिडी घटाएं। इसको छोड़कर कोई दूसरी व्यवस्था नहीं हो सकती है। इसलिए हमने अपने बजट भााण में भी कहा कि लोगों को सोचना पड़ेगा कि रेलवे का चलते रहना ज्यादा जरूरी है,

बनिस्बत इसके कि रेलवे बोझ तले दब जाये और पता चले कि इसको बोझ से निकालने के लिए बहुत बड़ा कदम उठाना पड़ेगा। आज क्या हुआ ? रेलवे पिछले 8-10 सालों में अपनी कमाई से इतना भी बचा नहीं पा रहा है कि वह अपनी उन चीजों का जिनका नवीनीकरण जरूरी है, वह कर सके। जैसे रेल की पटरियां का न वीनीकरण जरूरी है, डिब्बों का नवीनीकरण जरूरी है, माल डिब्बों का जरूरी है, इंजन और सिंगनल गीयर का नवीनीकरण जरूरी है। कई डिस्ट्रेस्ड ब्रिजेज को बदलकर नया बनाना जरूरी है, इसके लिए डेप्रीसेशन रिजर्व फंड है। उसमें पर्याप्त धन का इंतजाम र्वाों से नहीं हो पा रहा है। उन का एरियर बढ़ता जा रहा है। खन्ना कमेटी ने कहा कि आप एक बार इसको सात साल में वाईपआउट करिये और भारत सरकार से सिफारिश की कि 15 हजार करोड़ रुपये की एक अलग से ग्रांट मिलनी चाहिए। इस बात को हमने उठाया। अंत में प्रधान मंत्री जी के स्तर पर मीटिंग हुई। उस दिन यह तय हुआ कि 17 हजार करोड़ रुपये स्पेशल रेलवे सेफ्टी फंड बने। हमारी समझ में बंद्योपाध्याय जी ने कहा कि स्पेशल रेलवे सेफ्टी से कौन सा काम होगा ? कामों को चिन्हित करके एक ग्रीन बुक हमने बना दी है। जिस दिन हमने एस.आर.एस.एफ. की घोाणा की, उसी दिन हमने इसको बना दिया था। स्पेशल रेलवे सेफ्टी फंड में जो चीजें शामिल हैं, उनको छोड़कर स्पेशल रेलवे सेफ्टी फंड की एक पाई भी किसी दूसरे काम में नहीं ला सकते। इसमें यात्रियों से लिया हुआ सरचार्ज जमा होगा और भारत सरकार द्वारा अतिरिक्त अनुदान जमा होगा जिसको वह बजटरी सपोर्ट के तौर पर प्लानिंग कमीशन के माध्यम से हमको मिलेगा। लेकिन यह बताना चाहेंगे कि चालू र्वा जिसमें हम बैठे हैं, 1 हजार करोड़ रुपये भारत सरकार ने दिये हैं। 2002-2003 में 1350 करोड़ रुपये के करीब हमें आ रहा है। 860 करोड़ रुपये सरचार्ज से मिलेगा। इसके अलावा 2210 करोड़ रुपया एस.आर.एस.एफ.का, जो आगामी र्वा है, उसका होगा। इस साल 1400 करोड़ रुपया आगे और र्वाों में बढेगा। हमारी कोशिश है कि छः साल के अंदर जितनी भी ओवर ड्यू रिन्यूवल हैं, उनको कर डाला जाये। इसकी नौबत क्यों आई ? खन्ना कमेटी को यह सिफारिश इसलिए करनी पड़ी क्योंकि रेलवे के पास इतनी सेविंग नहीं थी कि वह उसे डेप्रीसेशन रिजर्व फंड में डाल सकें। इसमें पंचम वेतन आयोग की सिफारिशों का योगदान बहुत बड़ा है। लेकिन इसके साथ-साथ पूरा सब कुछ नहीं हो पाता था। इसलिए अलग से व्यवस्था करनी पड़ी। आगे भी कैपिटल फंड में लगभग न के बराबर जा रहा है, डेवलपमैंट फंड में कम जा रहा है लेकिन कई फंड थे। उसका एक ओपनिंग बैलेंस होता था। फाइनेंस मिनिस्ट्री से बात करके हम इसे ड्रा डाउन करते हैं। आज वह सब विलुप्त होते जा रहे हैं। अंततोगत्वा ऐसी स्थिति आ गयी कि अगर रेलवे अपने संसाधनों का जुगाड़ नहीं करेगी, अतिरिक्त संसाधनों का जुगाड़ नहीं करेगी तो और भी बहुत भयानक स्थिति हो सकती थी। 2001-2002 में आपरेटिंग रेशियो लगभग 98.8 प्रतिशत माना गया था। अब इसका इम्प्रूवमैंट हुआ है। यह रिवाइज्ड ऐस्टीमेट में 96.6 प्रतिशत होगा। जो नये साल का बजट रखा गया है,उसमें आपरेटिंग रेशियो हमारा 94.4 प्रतिशत प्रोजेक्टेड होगा। इसलिए हम सब लोगों को समझना पड़ेगा कि आखिकार रेलवे को अपनी आमदनी बढ़ानी पड़ेगी। माननीय सदस्यों के यहां अपनी परियोजनाएं हैं। विभिन्न राज्यों में अपनी परियोजनाएं हैं। सबकी परियोजनाएं हैं। सबको चिंता है लेकिन इस बार कोई नयी रेलवे लाइन की परियोजना हमने नहीं ली है। गेज कन्वर्शन का प्रोजैक्ट हमने नहीं लिया है। कैबिनेट कमेटी ऑन इकनामिक अफेयर्स ने यह निर्णय लिया कि जब तक अपेक्षित मंजूरी नहीं मिलती तब तक किसी योजना को बजट में शामिल न किया जाये। एक परिपाटी सी बन गई कि परियोजना को रेल बजट में शामिल कर दिया गया लेकिन अपेक्षित मंजूरी नहीं मिली। अपेक्षित मंजूरी मिलने में समय लग रहा है। पुरानी जितनी अपेक्षित मंजूरी नहीं मिलने वाले प्रोजेक्ट्स हैं, हम उसके पीछे पड़े हैं। हर बार कोशिश करते हैं कि अधिक से अधिक प्रोजेक्ट्स को मंजूरी मिल जाये। इस साल नये प्रोजेक्ट को नहीं लिया गया। इस बार क्योंकि अपेक्षित मंजूरी नहीं मिल पा रही है, तो जब अपेक्षित मंजूरियां हम प्राप्त कर लेंगे, कतिपय ऐसे प्रोजैक्ट हैं जिनको शामिल किया जाना चाहिए, आगे शामिल किया जा सकता है लेकिन पहले सी.सी.ई.ए. का निर्णय है, उसके आधार पर पहले मंजूरी लेंगे, तब रेल बजट में डालेंगे। यह नहीं कि रेल बजट में डाल दिया और बाद में हम मंजूरी के लिए बढ़ रहे हैं। इसलिए उस परिपाटी को खत्म किया गया।। यह शिकायत एलोकेशन को लेकर होती थी।

हालांकि रेलवे राज्यों के आधार पर धन का आबंटन नहीं करती लेकिन संसद में हमेशा राज्यों के आधार पर चर्चा होती रही है और शिकायत होती रही है कि फलां जगह ज्यादा दे दिया गया, किसी खास राज्य को नहीं दिया। मैंने बहुत सोचा कि इसका क्या उपाय है। हमने एक ट्रांसपैरेंट फार्मूला बनाया। उस पर भी महीनों वर्क आउट किया तो अंत में पाया कि दो चीजें हैं - बहुत लोग कहते हैं कि हमारा इतना बड़ा क्षेत्रफल है, क्षेत्रफल के हिसाब से एक लाख वर्ग किलोमीटर पर कितनी रेल वे लाइन हैं या एक लाख की आबादी पर कितनी रेलवे लाइन हैं। कई बार यह तर्क दिया जाता था। रेलवे लाइन क्या है? किसी खंड में ही रेलवे लाइन बिछती है तो एरिया का भी मतलब है। रेलगाड़ियों से कौन यात्रा करते हैं? यात्रा करने वाले मनुय होते हैं इसलिए आबादी का भी मतलब है।

हमें परियोजनाओं को पूरा करना है। इसलिए जिन परियोजनाओं की स्वीकृति मिली हुई है, उनको पूरा करने के लिए कितने धन की आवश्यकता है। इन तीनों चीजों

को ध्यान में रखते हुए आबादी का 15 प्रतिशत, आबादी का मतलब किसी राज्य की आबादी पूरे देश की आबादी की कितनी प्रतिशत है। क्षेत्रफल का मतलब क्या है। उस राज्य का क्षेत्रफल पूरे देश के क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत है। थ्रो फारवर्ड का मतलब क्या है। पूरे देश में परियोजनाओं को पूरा करने के लिए खासकर नई रेलवे लाइन, गेज कनवर्जन, डबलिंग और रेलवे इलैक्ट्रीफिकेशन - इन चार परियोजनाओं को पूरा करने के लिए पूरे देश में कितने धन की जरूरत है और उस राज्य में जो परियोजनाएं हैं, उनको पूरा करने के लिए कितने धन की जरूरत है। यह पूरे देश का कितना प्रतिशत हुआ। तीनों को प्रतिशत में निकाला। आबादी को 15 प्रतिशत, क्षेत्रफल को 15 प्रतिशत और चूंकि योजना को पूरा करना है, इसलिए उसे 70 प्रतिशत देकर हमने पूरे हिस्से को बांट दिया। हमारे पास बजटरी सपोर्ट मिलता है। उस बजटरी सपोर्ट का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा इन चार परियोजनाओं में जाता है। हमें सबसे पहले यह डायरैक्टिव है कि नार्थ-ईस्टर्न एरिया के लिए दस प्रतिशत खर्च करना है। उसका दस प्रतिशत हमने निकाल दिया।

झारखंड राज्य के साथ एक समझौता हुआ। दो-तिहाई परियोजनाओं पर धन दे रहे हैं। पांच साल के अंदर पूरा करने के लिए हमने एक-तिहाई दिया, उसे बाहर निकाल लिया। फिर ब्रिजेस में पिछले कार्यकाल में हमने कैबिनेट से यह करवाया था कि जो मेजर ब्रिज हैं यानी जिनमें सौ करोड़ रुपये से अधिक लग सकते हैं, ऐसे पुलों के लिए अगर अलग से धन का इंतजाम नहीं किया जाएगा तो पुल कभी पूरे नहीं होंगे। इसलिए मेजर ब्रिज के लिए बहुत धन की जरूरत होगी। लेकिन उसके लिए हमने यह भी सोचा है कि बाह्य स्रोत से इसकी फंडिंग का इंतजाम कैसे हो सकता है। लेकिन एक बार काम शुरू करने के बाद काम रुक नहीं सकता। इसलिए उनको अलग किया। इतना अलग करने के बाद जो पैसा बचा, उसे इस फार्मूले के आधार पर विभिन्न राज्यों में हमने बांट दिया। इसे आप देख सकते हैं, एक ट्रांसपेरैंट फार्मूला है, इसके चलते किसी राज्य का कुछ घटा होगा, किसी राज्य का कुछ बढ़ा होगा। लेकिन बिल्कुल एक यार्डस्टिक पर हमने इसे किया है। माननीय सदस्यों के सुझाव आए हैं, स्टैंडिंग कमेटी भी इसे देखेगी। अगर यह फार्मूला ठीक नहीं है तो जो पुराना ऐडहाकिज़्म का तौर-तरीका है, वह भी चल सकता है। लेकिन मैंने एक ईमानदार कोशिश की है। अगर संसद का समर्थन मिलेगा तो यह जारी रहेगा और अगर संसद का समर्थन नहीं मिलेगा तो अगले साल से फिर जिस ढंग से होता रहा है, वैसे होता रहेगा। इसलिए हमारी कोशिश है कि इस सबको इसमें दें।â€¦(व्यवधान) हमारी पूरी बात सुन लें, हम आपको समय देंगे।

दो-तीन बातें की गई हैं जैसे किसी ने कहा कि आप रेल नीर की बात कर रहे हैं, शायद जाफर शरीफ साहब ने कहा, या आप बिजली बनाने चले। रेल नीर हम क्यों कर रहे हैं। रेल नीर करने का कारण यह है कि हमारे पास संसद में बाटल्ड वाटर की प्यूरिटी को लेकर एक प्रश्न आया था। हमने सभी रेलवे से आंकड़े इकट्ठे किए और पाया कि जिनको सैर्टीफिकेशन है यानी अब उसमें भी कड़ा नियम लगा हुआ है कि जिनके पास वह लाइसैंस है जो क्वालिटी का सैर्टीफिकेशन है, वही रेलवे में आपूर्ति कर सकता है। इन सब चीजों के बाद भी, मिनरल वाटर हम बोलचाल की भााा में कहते हैं, जो बाटल्ड बंद पानी है, हमने देखा कि हर रेलवे में उसका जो टैस्ट कंडक्ट किया गया, उसमें कितने सब-स्टैन्डर्ड पाए गए। जब हमने सारे रेलवे से कुछ वर्गों के फिगर्स कलैक्ट किए तो पाया कि यह अलार्मिंग है। हम सारे चैक की बजाए आपको दो ही रेलवे का उल्लेख कर दें। हमने देखा 2001-02 में अक्टूबर तक जो टैस्ट किए गए और जितने सब-स्टैन्डर्ड पाए गए, उनका प्रतिशत देख लें।

23.00 hrs.

वह सेंट्रल रेलवे में 4.79 प्रतिशत था, ईस्टर्न रेलवे में 16.39 प्रतिशत था, नार्दर्न रेलवे में 28.81 प्रतिशत था, नार्थ-ईस्टर्न रेलवे में 18.91 प्रतिशत था, साउथ सेंट्रल रेल वे में 8.16 प्रतिशत था, सदर्न रेलवे में 4.57 प्रतिशत था, साउथ ईस्टर्न रेलवे में 7.41 प्रतिशत था, वैस्टर्न रेलवे में 8.41 प्रतिशत, सीमान्त रेलवे में 0.85 प्रतिशत था। अगर हम एवरेज लेते हैं तो यह 9.35 प्रतिशत होता है। अब यह बोतल बंद पानी में सब स्टेंडर्ड जो पाए गए, टैस्ट कंडक्ट किए गए, तो क्वालिटी की जवाबदेही उनकी है, अब लिखा-पढ़ी तो बहुत होती है। लिख दिया साहब कि इसका सब स्टेंडर्ड है, इसको देखिए। यह हो रहा था तो हमने सोचा कि क्यों न रेलवे अपने ऊपर जवाबदेही ले। एक तो इसमें मुनाफा होगा और दूसरे क्वालिटी के बारे में पक्की गारंटी देनी पड़ेगी। इसलिए आई.आर.सी.टी.सी. जो हमारा रेलवे का एक कार्पोरेशन है, रेलवे इस पर एक पाई खर्च नहीं करेगी। यह जो हमारा कार्पोरेशन है, कैटरिंग एंड ट्यूरिजम डवलपमेंट कार्पोरेशन, उसके पास इस पूरे काम से जो मुनाफा आएगा, उनके पास जो धन होगा, वह इसमें लगेगा। यह रेल नीर के नाम से पानी होगा और रेलवे में उसी पानी की आपूर्ति होगी।

मैं अपने अनुभव का उल्लेख करके आपका ज्यादा समय नहीं लेना चाहता। लोग सक्सेस स्टोरीज का उदाहरण देते हैं। निजीकरण हो गया, बहुत सारी बातें हो गईं। जापान में हमें एक बार जाने का मौका मिला था। उस समय मैं कृि मंत्री था। मैं वहां रेल में जा रहा था तो वहां हमने देखा कि हमें जो पानी मिला, वह रेल का पानी था। हमने वहां जानकारी प्राप्त की, तो कहा गया कि यह बहुत लोकप्रिय पानी है और हमें इसमें बहुत मुनाफा होता है। अगर मुनाफा होता है और क्वालिटी भी ठीक है, तो आखिर हमको कहीं न कहीं से नॉन ट्रेडीशनल सोर्सेज आफ अर्निंग तो तलाशना पड़ेगा, क्योंकि एक सीमा के आगे हम यात्री भाड़ा नहीं बढ़ा सकते। उसमें सब्सिडी का कम्पोनेंट तो रहेगा, उसको बिल्कुल समाप्त कभी नहीं किया जा सकता। यह देश की एक जवाबदेही है, एक सोशल रिस्पोंसिबिलिटी है, तो फिर आखिर हमको कहीं न कहीं से तो पैसा कमाना पड़ेगा।

अब दूसरी बात बिजली पर आएं। अब मैं क्या बताऊं, रेलवे का विद्युतीकरण होता है, तो बिजली की दर राज्य विद्युत बोर्ड कितनी लेते हैं। एन.टी.पी.सी. से राज्य विद्युत बोर्डों को जो बिजली मिलती है, उससे कई गुना ज्यादा दर पर वे हमें बिजली देते हैं। इस पूरे कदम से करीब 800, 900 या 1000 करोड़ रुपए का बिजली का बिल हमें ज्यादा देना पड़ता है। उनके जो इंडस्ट्रियल टैरिफ हैं, उससे भी ज्यादा बिजली बोर्ड हमसे लेते हैं। इसमें लाख लिखा-पढ़ी होती है। हम पिछली बार भी थे, बीच में भी लोग आए। सभी लोगों ने लिखा, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। हमने ऊर्जा मंत्री के साथ मीटिंग की, तो उन्होंने सुझाव दिया कि क्यों न एन.टी.पी.सी. और रेलवे मिलकर पावर प्लांट लगाएं। जो एन.टी.पी.सी. की दर है, वह हमारे लिए सूटेबल है। जब हम जाइंट वेंचर में पावर प्लांट लगाएंगे तो लोगों ने कहा कि पैसा कहां से आएगा। रेलवे और एन टी पी सी को तो 30 प्रतिशत ही पैसा लगाना है, 70 प्रतिशत पैसा तो बाजार से आएगा। एन.टी.पी.सी. पावर प्लांट चलाएगा, वह हमें चलाने की जरूरत नहीं है। हमें तो उसमें इक्विटी डालनी है और जो इतना हमें हर साल एडीशनल देना होता है, अगर हम यह काम कर लें, हमारी 2000 मैगावाट की करीब-करीब जरूरत है, तो हमें जो पैसा देना पड़ेगा, यह तो दो-तीन साल में ही वसूल हो जाएगा। इतना हमें अतिरिक्त देना पड़ रहा है। इसलिए इन सब बातों को सोचकर एक एम.ओयू. साइन किया गया। हमारा प्रयास राज्य विद्युत बोर्डों के साथ जारी है। वे अपने टैरिफ का रिवीजन करके रेलवे को उपयुक्त दर पर बिजली दें, वरना इतना घाटा रेलवे को सहना, हर तरह का बोझ लेना, ऊपर से यह रेलवे के साथ क्या अन्याय होता है, तो इन सब चीजों को देखकर यह सब किया गया है। एम.ओयू. साइन हुआ है। अब एक प्रोजेक्ट कमेटी बनाई गई है, दोनों तरफ से जाइंट कमेटी बनाई गई है। वे सब देखेंगे कि कैसे क्या किया जाए, किस ढंग का काम होना चाहिए, तब हम इन बातों के विस्तार में जाएंग, लेकिन हमारा प्रयास उसमें जारी रहेगा कि राज्य विद्युत बोर्ड उपयुक्त दर हमें बिजली दें। समय नहीं है, लेकिन कई बार प्रश्नों के उत्तर में इसका उल्लेख किया जा चुका है। जैसे रघुवंश बाबू बैठे हुए हैं, जो हमारे पास 2000-2001 का फिगर है, बिहार को एन.टी.पी.सी. से 180 पैसे में बिजली मिल रही है और रेलवे से वे 460 पैसे चार्ज कर रहे हैं। आप घबराएं मत, यह खाली बिहार की बात नहीं है। आंध्र प्रदेश को 145 पैसे में बिजली मिलती है और रेलवे से 454 पैसे चार्ज कर रहे हैं। दिल्ली को 186 पैसे में मिलती है, हमसे चार्ज कर रहे हैं 444 पैसे। गुजरात को 152 पैसे में मिलती है और हमसे 495 पैसे चार्ज कर रहे हैं। वैस्ट बंगाल को 171 पैसे में मिलती है, हमसे 369 पैसे पर यूनिट चार्ज कर रहे हैं। अब यह बात बताएं आप कि रेलवे से इतना चार्ज भी करते जा रहे हैं, हर चीज रेलवे से एक्स्पेक्ट भी करते हैं, तो आखिरकार रेलवे कैसे चलेगी।

अपने खर्चे को घटाकर, आमदनी को बढ़ाकर, खर्चा घटाने के लिए हमने एनटीपीसी के साथ पावर प्लांट लगाने के लिए एम.ओ.यू. साइन किया और आमदनी बढ़ाने के लिए कई उपाय हमने किए हैं। उसमें सोचा कि एक रेल नीर भी डाल दें। दूसरे रेल टेल निगम को लेकर बात हो रही है। रेलटेल निगम का काम पूरे जोर-शोर के साथ चल रहा है। हमने इसका उल्लेख इसलिए नहीं किया कि जब पिछले बजटों में इसका उल्लेख था ही, तो हम उसको रिपीट क्यों करें। रेलटेल का काम चल रहा है। रेलटेल में 51 प्रतिशत रेलवे की पूंजी है। इसके बाद रेलवेज के पी.एसयूज की इक्विटी की बातचीत चल रही है। डिपार्टमेंट आफ टेलीकम्यूनिकेशन जो बी.एस.एन.एल. और एमटीएनएल है, वे उसमें इक्विटी लें। उन्होंने कहा है कि इन्वैस्टमेंट बैंकर बनाइए, उनको सलेक्ट करिए, तो उनको सलैक्ट करने की बात हो रही है, ताकि पार्टली इक्विटी पर कितना प्रीमियम मिलेगा, यह डिसाइड होगा, तब वे लगाएंगे। इस बीच में रेलटेल के माध्यम से काम न रुके इसलिए रेलवे ने तय किया

है कि रेलवे वित्त निगम से 200 करोड़ रुपए का हम लोगों ने ऋण दिया है। इसके अलावा रेलवे अपने असेट्स को ट्रांसफर कर रही है। रेलटेल का काम नहीं रुक रहा है। रेलटेल का काम चल रहा है। लेकिन हां, इस साल जो 2001-02 का रेल बजट है, उसमें यह है कि राइट आफ वे से हमें 700 करोड़ रुपया आएगा, जो सम्भव नहीं था। जो इसके लिए सलाहकार नियुक्त किए गए थे, उन्होंने भी जो राइट आफ वे बताया, वह काफी कम था। राइट आफ वे जो निगम अभी ठीक से बना ही नहीं है, उससे हम राइट आफ वे लेकर क्या करते। वह पैसा कहां से देगा। उनके पास अपना कौन सा पैसा है, जो हमें अपना पैसा दे देगा। इसलिए इस पर लीज चार्ज नहीं मिलना था, वह नहीं मिला। इसलिए हम लोगों ने तय किया कि नहीं हम इनको अपनी सब चीज लीज पर देंगे। इसके अलावा इनका डिवीडेंड भी लेंगे। सस्ती दर पर यह रेलवे नेटवर्क का ये काम करेंगे। यह सब कुछ किया गया है और रेलटेल का काम चल रहा है। मुझे तो व्यक्तिगतरूप से उम्मीद है कि रेलटेल का काम सफल होगा। इसमें अभी एक प्रोटैम बोर्ड बना है। फुलफ्लैज्ड बोर्ड के लिए भी जो प्रोसीजर होता है, वह सब चल पड़ा है। इसलिए रेलटेल कार्पोरेशन का भी काम चलेगा। हमारे ख्याल से निजीकरण को लेकर कुछ चिंता की गई है। मैं स्पट कर देना चाहता हूं रेलवे ने कोई 153 लाइनें ऐसी चिन्हित की हुई हैं, जिसमें से किसी में घाटा हो जाता है, किसी में मुनाफा हो जाता है। जैसे इस साल मुझे आंकड़ा दिया गया, किसी प्रश्न के उत्तर के सिलसिले में कि इस बार 126 रेलवे लाइनें घाटे में हैं। हमने कहा, रेलवे की स्टेंडिंग कमेटी की एक रिकमंडेशन है कि जो रेलवे लाइन घाटे में चल रही है, ब्रांच लाइनें घाटें में चल रही हैं, उसको आप कंसेसनिंग पर जाइए। यह रेलवे स्टेंडिंग कमेटी का रिकमंडेशन है। उसके आधार पर रेलवे में एक्सरसाइज चल रहा था। हमने यह निर्देश दिया है कि रेलवे बोर्ड में एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर्स की एक एक्सपर्ट कमेटी बन जाए। वह हर जोनल रेलवे में सम्पर्क करे और डिवीजन में सम्पर्क करे और देखे कि जो ये लाइनें हैं, ये घाटे में क्यों चल रही हैं। क्या इसके घाटे को दुरुस्त करने का कोई उपाय नहीं बचा है, फील्ड में लोगों को मालूम होता है कि इसको कैसे सुधारा जा सकता है। उसके लिए हमने एक कमेटी बनाई है। वह पूरा अध्ययन करके बताएंगे और जिस रेलवे लाइन की स्थिति को सुधारने के लिए जो कदम जरूरी है, निजीकरण नहीं, यह कंसेसनिंग की बात की गई है स्टेंडिंग कमेटी में। अब कंसेसनिंग में हम सिर्फ कमर्शियल एक्टीविटीज देंगे या उनको कहेंगे कि तुम रेल गाड़ी भी चलाओ। क्या करेंगे, उसके कई माडल हो सकते हैं, लेकिन पहले पूरे तौर पर बीमारी का कारण क्या है, यह पता तो चल जाए। तब उसका ठीक ढंग से इलाज होगा, वरना ऐसे ही ऊपरी तौर पर यदि हम देखते रह जाएंगे तो उसका कोई अच्छा नतीजा नहीं निकलेगा। इसलिए हम उसमें आश्वस्त कर देना चाहते हैं। हमारी पूरी कोशिश है सेफ्टी के काम पर पूरा ध्यान दिया गया है। एक्सपैंशन का दसवीं योजना में हम लोगों ने लक्ष्य रखा है पांच हजार किलोमीटर ब्राडगेज अपने नैटवर्क में ऐड करेंगे। यह नई रेल लाइन बनाकर भी होगा, आमान परिवर्तन करके भी होगा, दोहरीकरण के जरिए भी होगा। हम पांच हजार किलोमीटर ऐड करेंगे। 214 किलोमीटर नई रेल लाइन बनाने का हमारा विचार है। हमने लक्ष्य रखा है, उस पर कई लोगों ने कहा कि इतना कम, इससे भी कम होता है। 100 किलोमीटर होता है, 125 किलोमीटर होता है, हमने तो 214 किलोमीटर रखा है नए साल में। अगर आमान परिवर्तन और डबलिंग सबको जोड़ दें तो वह लगभग एक हजार किलोमीटर के आसपास आ जाएगा। पांच साल में पांच हजार किलोमीटर इस प्रकार से करने का निर्णय है। इसके लिए, एक्सपेंशन के लिए कोशिश है। हमारे जो व्यस्त रूट्स हैं, उनको आगमेंट करने के लिए जहां सिंगल है उसको डबल लाइन बनाने के लिए, जहां विद्युतीकृत नहीं है, वहां विद्युतीकृत करने के लिए, कहीं थर्ड या फोर्थ लाइन डालने के लिए जो हमारा गोल्डन क्वाड्रीलैटरल एंड इट्स डायगनल्स है, उसके लिए अलग से प्रोजेक्ट बनाने का काम शुरू हो चुका है। उस रेलवे लाइन को चूंकि हम चाहते हैं कि 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से माल गाडियां भी चलें। हाई एक्सेल लोड को वहन करने वाला रेलवे ट्रैक स्ट्रक्चर होना चाहिए, ब्रिज होना चाहिए, उसको अपग्रेड करने के लिए भी कुल मिलाकर हम परियोजना बना रहे हैं।

उसके लिए अन्य स्रोतों से भी धन के बारे में हम प्रयत्न करेंगे। हमने इस तरह की चर्चा वित्त मंत्री जी से की है। हमने यह पूरी योजना योजना आयोग के सामने रख दी है और इस प्रकार से बजट में भी इसका उल्लेख किया है।

बड़े-बड़े पुल का सवाल हो या इस तरह की गोल्डन क्वाडरेटरल या इसके डायगनल्स जो हैं, 100 कि.मी. प्रति घंटे की रफ्तार पर मालगाड़ियां चलें, उस लायक बनाने के लिए जिसमें ज्यादा से ज्यादा माल ट्रैफिक है और पैसेंजर ट्रैफिक भी है तो यह सब करने का हमारा दृटिकोण है। किसी ने कहा कि वही घिसा पिटा बजट है। अब आलोचना के लिए कुछ भी कहा जा सकता है लेकिन हमारा प्रयास है कि रेलवे की आर्थिक स्थिति सुधरे, रेलवे अपने पैरों पर खड़ा रहे और परियोजनाओं में केन्द्र की बजटीय सहायता में भी वृद्धि हो। बजटीय सहायता में कुछ वृद्धि हुई है। हमारा प्रयास जारी है कि और ज्यादा वृद्धि हो ताकि हम एक्सपेंशन का काम तेजी से कर सकें और जब धन होगा तो लोगों के संतोा के लायक यह काम हो सकता है। जम्मू-कश्मीर के काम के लिए अलग से पैसा मिल गया। कुछ स्ट्रैटेजिक लाइन्स थे, उसके लिए डिफेंस मिन्स्ट्री से पैसा आया। हमारी कोशिश है कि नॉर्थ-ईस्टर्न स्टेट्स में जो लाइन हैं , उसके लिए प्रयत्न करें, हमारा प्रयास जारी है कि उसके लिए धन आये। बाकी जगहों के लिए बाकी धन बढ़ता है तो कम समय में भी हमारे सैंक्शंड प्रोजेक्ट्स को पूरा किया जा सकता है। नये प्रोजेक्ट्स भी लेने होंगे। हम यह मानते हैं कि हमारे देश में पिछड़ापन है और फिर रिम्युनिरेटिव लाइन हम लेकर इस देश में रेलवे को बढ़ा सकते हैं, यह संभव नहीं है। अतिगामी मार्ग पर इस देश में नहीं चला जा सकता। कोई एक्स्ट्रीम पाथ इस देश की जनता को एक्सेपटेबल नहीं होगा। बहुत दिनों से बहस चलती है कि रेलवे लाइन वहीं बनाई जाये जहां लाभ होता है तो जहां लाभ होता हो तो वहां रेलवे लाइन बनाई जाये और जो पिछड़ा हुआ इलाका है, उसे पिछड़ता हुआ छोड़ दिया जाये। इसलिए बीच का रास्ता निकालकर चलना पड़ेगा और वही कोशिश है कि रेलवे को अपने पैरों पर खड़ा करना है, इसकी आमदनी में वृद्धि करनी है, खर्चे में कटौती करनी है और हमने ये सारे आंकड़े दिये हैं जिनका बंधोपाध्याय जी ने अभी यहां उल्लेख किया। उन्होंने ऑस्टीरिटी की बात की। जिस प्रकार से खर्चे में कटौती या ऑस्टीरिटी की बात आपने कही जो करेंट ईयर में होने वाला है, हम लोगों ने हजार करोड़ से भी ऊपर का लक्ष्य रखा। मुझे आशा है कि 2001-2002 में हम इस लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। खर्चे में कटौती का हमारा प्रयास जारी रहेगा और जो नॉन-ट्रेडीशनल सोर्सेज ऑफ अरनिंग हो सकते हैं, उस पर हम पूरी कोशिश कर रहे हैं चाहे जमीन का इस्तेमाल हो, चाहे एयर स्पेस का इस्तेमाल हो, चाहे रेल-टैल के जरिये ऑप्टिक-फाइबर सिस्टम के जरिये हम इस बिजनैस में जाकर रेल-टैल के जरिये कुछ मुनाफा कमायें। हमारे पास जो एडीशनल बैंक वित्त होगा, हम उसकी मार्केटिंग करेंगे और उसके जरिये कुछ धन कमाएंगे। आखिर एनटीपीसी की बात हो जाती है, उसके साथ जो यह बिजली का बिल है, वह 1000 करोड़ से घट जाएगा और दूसरी कमी आ जाएगी और सबके ऊपर जहां-जहां लीकेज दिख रहा है, इसको दुरुस्त करना है। एसपीटीएम का जो टिकट सैल्फ-प्रिंटिंग टिकटिंग मशीन है, उसमें कई जगहों पर उसके साथ धोखाधड़ी, फ्रॉड किया जा रहा है, इस सबको देखते हुए हम लोगों ने इस बार अनरिजर्ब्ड टिकटिंग सिस्टम के बारे में एक नया पायलट प्रोजेक्ट इस बार लांच करने का निर्णय लिया है जिसमें सैंट्रल कम्प्यूटर होगा, वहां सब कुछ रिकार्ड होगा, जैसे पैसेंजर रिजर्वेशन कम्प्यूटराइज्ड है, उसी तरह से अनरिजर्ब्ड कैटेगरी के लिए देंगे ताकि उस ढंग की धांधली न हो । हमारी पूरी कोशिश है कि लोगों को सुविधा मिले और सब तरह से हम ट्यूरिज्म को भी इस 150 साल में बढ़ावा दे सकें। 150 साल का सारा कार्यक्रम 16 अप्रैल से शुरू होगा और यह कहें कि 150 साल हम मनाने जा रहे हैं और हम यह इस ढंग से मनाएं कि सचमुच भारत में रेल उपयोगकर्ताओं को या हर भारतवासी को लगे कि रेल उनकी सेवा में तत्पर है। इसलिए हमने इसको पैसेंजर एमीनिटी ईयर घोाित किया है और हम सुनिश्चित करेंगे कि यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाई जाएं। हर प्रकार से किसानों के लिए पहली बार पैरीशेबल फल या सब्जी ढ़ोने के लिए रैफ्रिजरेटेड पार्सल वैन बनाई जा रही हैं ताकि अब जैसा केरल है, केरल से कोई फल लाना चाहता है या कहीं से कोई फल लाना चाहता है जो पैरीशेबल है तो दिल्ली या दूसरी जगहों पर पहुंचाया जा सकता है और तेज गति से चलने वाली गाड़ियों में वह पार्सल बैन लगाया जाएगा।

किसानों को उनकी उपज की कीमत मिलेगी। बेहतर कीमत मिल सकती है। यह सब प्रयत्न हम लोगों ने करने की कोशिश की है। कुल मिलाकर हमारा प्रयत्न है कि रेलवे की आर्थिक हालत में सुधार लाया जाए। मुझे खुशी है, यह बताते हुए कि हमारा पूरा प्रयत्न है और इस संबंध में आपरेटिंग रेशो के बारे में फीगर्स दे चुके हैं। इस पर बजट एस्टीमेट आपरेटिंग रेशो 2000-2001 में 98.8 परसेंट होगा और रिवाइज्ड एस्टीमेट में 96.6 परसेंट होने की संभावना है और आने वाले समय में 94.4 परसेंट की आशा है। रेलवे की आर्थिक स्थिति को मापने के लिए एक और इन्डिकेटर है और वह इंडिकेटर है - Ratio of net revenue to capital at charge and investment from capital fund. इसका फार्म्युला बना हुआ है। यह पुराना इंडिकेटर है, 2000-2001 में 2.5 परसेंट था और 2001-2002 में अनुमान है कि यह 4.5 परसेंट पहुंच जाएगा। 2002-2003 में यह 7.3 परसेंट तक ले जाने का विचार है। हमें रेलवे की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाना है, ताकि रेलवे के एक्सपैंशन के लिए, सेफ्टी के लिए, लोगों को सहूलियत देने के लिए काम कर सकें। हम समझते हैं और सदन इस बात से सहमत होगा कि रेलवे को चलाने के लिए इस देश में इंटिग्रेशन बहुत जरूरी है। जहां तक मैं रेलवे को समझ सका हूं, रेलवे को प्राइवटाइज़ नहीं कर सकते हैं। रेलवे एक स्ट्रैटेजिक सैक्टर है और रेलवे में प्राइवेट सैक्टर की हिस्सेदारी कई जगहों पर रखी गई है। एक माननीय सदस्य ने कहा कि कैटरिंग को हम प्राइवेट हाथों में देते चले जा रहे हैं। कैटरिंग का काम

डिपार्टमेंटल 15 परसेंट ही है और 85 परसेंट तो पहले से ही ठेकेदार के हाथ में है। जो 15 परसेंट हमारा डिपार्टमेंटल है, उसको हम आईआरसी और टूरिज्म कारपोरेशन के माध्यम से बेहतर ढंग से, प्रभावशाली ढंग से करना चाहते हैं। कैटरिंग में जितना स्टाफ है, उसको नहीं निकाला जाएगा, सबको साथ में रखा जाएगा। टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाएगा, लोगों को सहूलियत बढ़े, रेलवे की आमदनी बढ़े, खर्च मे कमी आए और रेलवे का ज्यादा से ज्यादा एक्सपैंशन कर सकें - इन्हीं सब चीजों को पूरा करने की कोशिश है।

महोदय, एक बात का बार-बार उल्लेख किया गया है। इस बारे में हम अपनी बात स्पट करना चाहेंगे। बहुत से माननीय सदस्यों में साल्ट के बारे में कहा कि कर को बढाया गया है। कर क्यों बढ़ाया गया है, इसके लिए एक बात को ध्यान में रखना होगा। साल्ट को ढोने में रेलवे वैगन का नुकसान होता है और इस वजह से कई जगहों पर ट्रैक को, जिस पर कि साल्ट को ढोया जाता है, नुकसान न हो, पानी से धोया जाता है। इससे रेलवे को घाटा होता है। इतना होने पर भी हमने मिनिमम क्लास जो 90 थी, उसी पर साल्ट को रखा है। हमने इस बात को छिपाया नहीं है। बजट भाषण में भी इस बात का उल्लेख किया है और इसको डील करने की कोशिश की है कि इसका क्या इम्पैक्ट होगा। हमने स्पटता के साथ बात को कहने की कोशिश की है। मैं माननीय सदस्यों द्वारा दिए गए आंकड़ों को चुनौती नहीं दे रहा हूं और न उनके बारे में मैं कुछ कहना चाहता हूं। इसके ट्रांसपोर्टेशन में खर्च में वृद्धि होगी। ट्रेडर या मैन्युफैक्चर या रिफाइनरी यदि सारे का सारा बर्डन-पास-ओन कन्ज्युमर पर कर दे, जो कि उसको नहीं करना चाहिए, उसको अपने मुनाफे में कुछ कमी करनी चाहिए, तो उसका क्या असर होगा, यह मैं बताना चाहता हूं। औसतन ढुलाई की दूरी 1400 कि.मी. के लिए एक किलोग्राम साल्ट की कीमत में 40 पैसे वृद्धि होगी । इस संबंध में हमने साल्ट कमिशनर से फीगर्स ली हैं। स्वास्थ्य मंत्री, डा, सी,पी, ठाकुर, यहां बैठे हुए हैं। एक आदमी एक महीने में आधा किलो साल्ट कन्ज्युम करता है और 40 पैसे एक किलो साल्ट की कीमत बढ़ती है, तो एक महीने में 20 पैसे का फर्क पड़ेगा। अगर पांच आदमियों का परिवार है, तो एक रुपए का फर्क एक महीने में एक परिवार पर पड़ेगा। बहुत से माननीय सदस्यों ने साल्ट की कीमत के बारे में कहा है और इसको नमक सत्याग्रह से जोड़ दिया है। नमक सत्याग्रह इसलिए हुआ था कि अंग्रेज लोग अपने जहाज के वजन को बढ़ाने के लिए बैलास्ट के आधार पर साल्ट लाते थे और साल्ट को बेचते थे। साल्ट को बनाने में उन्होंने पाबन्दी लगा रखी थी। उस पाबन्दी को तोड़ने के लिए, उस साल्ट कानून का उल्लंघन करने के लिए नमक सत्याग्रह किया था। देखा जाए, तो टाटा आज नमक बना रहा है।

आज कई बड़ी कम्पनियां नमक बना रही हैं और आप हमें कह रहे हैं कि आयरन, स्टील सीमेंट, सब पर लोड डालो। पैट्रोलियम प्रोडक्ट पर लोड डालो, लेकिन जो बड़े-बड़े मेनुफेक्चर्स साल्ट बना रहे हैं, उन्हें सब्सिडी देंगे। यह बहुत अच्छी बात है कि उन्हें सब्सिडी दें और दूसरे को तुम बढ़ाते जाओ, यह कैसे संभव है। इसलिए अभी भी हमने उन्हें मिनिमम क्लास 90 पर ही रखा है। अभी भी सब्सिडी है।

महोदय, दूसरी शिकायत एडीबल साल्ट के नाम पर कई दफा मिली है कि लोग इंडस्ट्रियल साल्ट लेकर चले गए। इंडस्ट्रियल साल्ट का रेट ज्यादा है, उसे एडीबल साल्ट बना कर बुककर दिया। करप्शन कहां-कहां नहीं है। इसलिए अब गैप घटेगा तो वह धांधली भी घट सकती है। इसमें यह फर्क पड़ेगा। बहुत से माननीय सदस्यों ने कहा कि गुड़, शक्कर, सब चीजों का दाम बढ़ेगा। कितना दाम बढ़ेगा, वह मैं आपको बताता हूं - 12 पैसे प्रति किलोग्राम गुड व शक्कर, एडीबल ऑयल, यानि खाने का तेल दस पैसे प्रति किलोग्राम, फूडग्रेंस एंड पल्सेज़ चार पैसे प्रति किलोग्राम, यूरिया दो पैसे प्रति किलोग्राम और ये तब बढ़ेगा जब सब कंज्यूमर्स को पास ऑन हो जाएगा। रेलवे को चलाना है। आप खुद कहते हो कि रेल लाईन बिछाओ, ये सहूलियतें दो तो उसके लिए पैसा कहां से आएगा। इसके लिए कोई सब्सिडी नहीं मिलती है, रेलवे अपने पास से ही सब कुछ करता है। लो रेटेड कमोडिजीज़ का कुछ रेट बढ़ाया है, लेकिन फिर भी मिनिमम क्लास पर ही रखा है। हाई रेटेड कमोडिटीज़ का कुछ घटाना पड़ेगा ताकि वे रोड की तरफ न भाग जाएं। किसी ने कहा कि मालभाडा ब्रेड एंड बटर है, जब वही भाग जाएगा तो रेलवे कहां से चलेगा। रेलवे को चलाने के लिए पैसा नहीं रहेगा तो भारत सरकार अलग से रेलवे को चलाने के लिए ग्रांट देगी तब रेलवे चलेगी। आज मुझे रेल चलाने के लिए कोई ग्रांट की जरूरत नहीं है। आज प्रौजेक्ट्स में भारत सरकार बजटरी सपोर्ट के माध्यम से पैसा इनवेस्ट करती है और एक जमाने से, शुरू से करती आ रही है। इसलिए हमारी आपसे विनम्र प्र ाार्थना है कि हमने जो थोड़ा सा रेशनलाइजेशन किया है, उसका आप समर्थन करें। इसके अलावा एक पारदर्शी फार्मूले के आधार पर रीज़नल बैलेंस कायम करने की लिए भी कोशिश की है।

आपने जिन समस्याओं का उल्लेख किया है, उनमें मैं अपनी पूरी क्षमताभर कोशिश करूंगा। मैं जानता हूं, मैं भी एक सांसद हूं, इस नाते किसी भी सांसद की पीड़ा को समझ सकता हूं। रेलवे भारत सरकार चलाती है इसलिए हर सांसद से उसके क्षेत्र के लोग अपेक्षा करते हैं कि रेलवे में तुम क्या सुविधा उपलब्ध कराते हो। इसलिए हमारी पूरी कोशिश होती है कि हम माननीय सांसदों की कुछ न कुछ मदद कर पाएं ताकि वे अपने क्षेत्र में कुछ कहने लायक स्थिति में हों। आज हमने कम्प्युटराइज़ रिजर्वेशन को जिला हैड क्वार्टर तक लाने की कोशिश की है। इसके अलावा महत्वपूर्ण स्टेशनों से कुछ ट्रेनें चलाते हैं। किसी को कहीं स्टोपेज़ चाहिए, इस बात को ध्यान में रख कर कई नई ट्रेनें चलाई गईं। जन-शताब्दी चलाई गई। इसमें सैकिंड क्लास के नान एसी डिब्बे होंगे, लेकिन यह शताब्दी की गति से चलेगी, इससे सामान्य आदमी भी शताब्दी का आनन्द ले लेगा। उसे इसमें खाना मिलेगा और उसका रेट बहुत कम होगा। इस प्रकार हमारी कोशिश है कि कुछ और लोग भी शताब्दी में सफर करें। पहले से ही 13-14 शताब्दियां चलती हैं, हमने एक साथ 16 जन-शताब्दी और चला दीं। उसके डिब्बे नये किस्म के बनाए जा रहे हैं। इसमें सैकिंड क्लास के डिब्बे होंगे, जिनमें आवाज और धूल-गर्दा थोड़ा कम आए। इन सब बातों को ध्यान में रख कर डिब्बे बनाए जा रहे हैं और ये जल्दी ही तैयार हो जाएगे। इसका उद्घाटन 16 अप्रैल को मुंबई में होगा, क्योंकि सबसे पहले रेल मुंबई से थाणे के लिए चली थी और हमारे पास सबसे नई रेल, कोंकण रेल है। इसलिए मुंबई से गोवा, मडगांव को जोड़ने के लिए यह पहली रेल जन-शताब्दी है। यह 16 अप्रैल को चला दी जाएगी। जैसे-जैसे डिब्बे बनते जाएंगे, वैसे-वैसे जन-शताब्दी चलाते जाएंगे। उसके अनुभव को देखते हुए उसका और विस्तार किया जाएगा। इस प्रकार हम लोगों की कोशिश है कि रेलवे को एक मजबूत, आर्थिक आधार प्रदान करने का, रेलवे को विकास के रास्ते पर ले जाने की हमारी कोशिश हुई है। इसमें मैं कहीं से गाइडेड नहीं हुआ हूं। हमारी जो सोच है, हम मध्यम-मार्गीय हैं। हम वहां से आते हैं, जहां से गौतम बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। वे भगवान बुद्ध बने थे। उन्होंने हमें पाठ सिखाया कि मध्यम मार्गीय बने, इसलिए हम अतिगामी नहीं हो सकते हैं। कोई कहेगा, एक्सट्रीम रिफार्म, कोई कहेगा, कुछ मत करो। सारा बोझ ढोते चले जाएं, बर्बाद हो जाएं। बीआईएफआर का केस बन जाए, कोई परवाह नहीं,

लेकिन सब तरह की रियायत और छूट देते जाओ। हम इन दोनों के बीच का रास्ता लेकर चलना चाहते हैं। यह देश भी मध्यम-मार्गी है और बीच का रास्ता लेकर ही चलेगा। जैसा प्रधान मंत्री जी ने कहा है कि 21वीं सदी भारत की सदी बनेगी। हम सब लोगों की यह कोशिश होनी चाहिए कि भारतीय रेल दुनिया का अग्रणीय रेल बना रहे और दूसरे लोग हमसे सबक सीख सकें। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आप सभी से आग्रह करुंगा कि मेरे प्रस्तावों को स्वीकार करें।

उपाध्यक्ष महोदय : वन-बाई-वन। आप एक-एक करके बोलें।

SHRI PRAVIN RASHTRAPAL : Mr. Deputy-Speaker, Sir, the hon. Railway Minister has quoted about the formula. Apparently, this formula looks just. As you are aware, this Parliament has decided not to increase the number of seats in Indian Parliament on the basis of the latest population figures because the Southern States stated that they implemented the family planning programmes as required by the Government of India and as a result growth of population has been controlled there whereas there are States which have not implemented the family planning programmes properly and hence growth of population is not under control. So, there was a just demand from the Southern States that the number of seats in Parliament should not be increased on the basis of the latest population figures and therefore, the Parliament decided not to increase the number of seats upto the year 2025.

Otherwise, these States will suffer. ...(*Interruptions*) In the same way, the States, which have reduced their population growth by implementing the family planning programmes effectively, should not suffer in the Railways also.

Then, the hon. Minister has increased the freight on salt. I would like to inform the hon. Minister that salt is not only used in food, but it is also used for tanning of animal skins by a particular Scheduled Caste community in villages. Moreover, salt is used for preserving dead bodies also. It is not a question of increase of mere 20 paise or 40 paise, but ultimately when it reaches these people, it will make a lot of difference by way of increase in the price of salt. ...(*Interruptions*)

श्री शीशराम सिंह रवि : उपाध्यक्ष जी, यह तो भााण हो रहा है।â€¦ (व्यवधान)

श्री नीतीश कुमार : माननीय राट्रपाल जी, जो आपने बात कही, वह इंडस्ट्रियल साल्ट का इस्तेमाल टैनिंग के लिए होता है । उसका पहले से ही क्लासिफिकेशन 115 है। उसका क्लासिफिकेशन 80(ए) नहीं था। इसलिए जिसका आपने उदाहरण दिया है वह यह है, बाकी का मैंने पहले ही एक्सप्लेन कर दिया है। एरिया का भी आधार है 15 प्रतिशत और क्षेत्रफाल तथा आबादी का भी आधार है। अब किसी को आबादी सूट करेगी और किसी को एरिया सूट करेगा। यह तो देश को संतुलन में लेकर चलना है, यह कोई पार्लियामेंट की सीट तो है नहीं। हमने एक बार प्रयास किया है अगर आपको सूट नहीं करेगा तो we will revert back to old ad hocism. जिसमें रेल मंत्री की जहां मर्जी हुई दे दिया उसमें आपकी कोई आवाज नहीं है। हमने कोशिश की है कि एक पारदर्शिता आये। अगर कहीं आबादी कम है तो रेलगाड़ी चलेगा या नहीं चलेगा। अगर उत्तरप्रदेश, बिहार, बंगाल की आबादी ज्यादा है तो वहां के लोग रेलगाड़ियों पर न चलें। इसलिए एरिया, जनसंख्या और सबसे बड़ा वेटेज है जो प्रोजैक्ट को पूरा करने के लिए पैसे की जरूरत है। किसी को आबादी तो किसी को क्षेत्रफल सूट करेगा, इसलिए एक यूनिफोर्म कोड के लिए रीजनल बैलेंस होगा। हमारी जितनी बुद्धि है उसके हिसाब से हमने किया। बाकी आप सर्वोपरि हैं, आप स्पट करके कोई रास्ता बताएं।

SHRI AJOY CHAKRABORTY (BASIRHAT): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I would like to have a clarification from the hon. Railway Minister. The hon. Railway Minister has increased the passenger fares even before the Budget was presented in the name of safety. Then, he has increased the passenger fares of ordinary class also. So, I would like to know whether he is considering withdrawal of this fare hike. ...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please take your seat.

...(*Interruptions*)

श्री शीशराम सिंह रवि : उपाध्यक्ष जी, हमें तो इन्होंने बोलने का मौका ही नहीं दिया। â€¦ (व्यवधान) आप लोग हल्ला क्यों कर रहे हैं।â€¦ (व्यवधान) यह क्या

डबल-डबल बोलेंगे।

श्री नीतीश कुमार : हमने इतना ज्यादा एक्सप्लेन कर दिया है, इससे ज्यादा एक्सप्लेन करने की जरूरत नहीं है।

श्री शीशराम सिंह रवि : हमें तो बोलने ही नहीं दिया गया है।â€¦ (व्यवधान)

MR DEPUTY-SPEAKER: Will you please listen? Have you not taken part in the debate?

SHRI AJOY CHAKRABORTY : Sir, I want a clarification from the Minister. ...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Will you please listen? What clarification do you want? Have you not participated in the debate?

SHRI AJOY CHAKRABORTY : I have participated in the debate. ...(*Interruptions*)

SHRI NITISH KUMAR: I have already responded to them. â€¦ (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: No running commentary, please.

...(*Interruptions*)

श्री नीतीश कुमारः इस समय प्रोजैक्ट भी चाहिए और हर चीज दुरुस्त भी रहनी चाहिए। â€¦ (व्यवधान) जब हम फेयर और फ्रेट रीविजन करते हैं तो कहते हैं कि बिल्कुल मत करो। यह हमें कौन सा इकॉनोमिक पाठ पढ़ाना चाहते हैं? जब आपको वक्त मिले और जब इस स्थिति में आ जाएं तो रेल बजट बनाना और हमें ऐसा बजट बना कर दिखा देना। â€¦ (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: He is not yielding.

...(*Interruptions*)

SHRI PRABODH PANDA (MIDNAPORE) : It is not an answer relating to wagons. That is why I am asking a question. During 2001-2002, the provision was for 23,000 wagons. What has happened to that?

MR. DEPUTY-SPEAKER: He has given an elaborate reply covering all the points. What more do you want?

श्री नीतीश कुमारः उपाध्यक्ष महोदय, यह बात इस सदन में बहुत बार एक्सप्लेन हो चुकी है। यदि आप उस समय सदन में नहीं थे तो हम कुछ नहीं कर सकते। 2001-2002 में 23 हजार वैगन्स का टारगेट था जिन में 6 हजार ओन योअर वैगन स्कीम और बोल्ट में थे। बाकी के वैगन्स बोल्ट में नहीं आए। ओन योअर वैगन स्कीम में वे बहुत लिमिटेड आए। 17 हजार वैगन का ऑर्डर आईआरएफसी से कर्जा लेकर रेलवे ने दिया। 6 हजार वैगन्स के बारे में हम जबर्दस्ती किसी प्राइवेट सैक्टर को नहीं कह सकते। 6 हजार वैगन्स बोल्ट में थे। This has been explained times without number here and also in the other House. ...(*Interruptions*) If you are not aware of it, I cannot help.

MR. DEPUTY-SPEAKER: All right.

...(*Interruptions*)

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : उपाध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने भगवान बुद्ध और भगवान महावीर का जिक्र किया। हाजीपुर, वैशाली, सुगोली में बुद्धिस्ट सर्किट का शिलान्यास भी हो गया और दिसम्बर में सर्वेक्षण कार्य भी हो गया। माननीय मंत्री जी ने बोलचाल की भााा में आश्वस्त भी किया कि यह मामला प्लानिंग कमीशन में प्रोसैस में है। एक सप्ताह में आएगा। जब एक सप्ताह पूरा हो जाएगा तो हम आग्रह करेंगे। â€¦(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: He is in a mood to reply! You can look at his face.

श्री नीतीश कुमारः उपाध्यक्ष महोदय, यह सब बात जानते हैं लेकिन अपनी आदत से लाचार हैं। इनको केवल बोलना है। इन को सब बात मालूम है। मैं इनको बता दूं â€¦(व्यवधान) उपाध्यक्ष महोदय, यह मेरे लिए प्रॉपर नहीं होगा कि हम एक-एक रेलवे प्रोजैक्ट के बारे में क्या करेंगे, ये सब यहां बता सकें। हम उसकी डेट के बारे में फौरन कोई आश्वासन नहीं दे सकते। यदि यह भी मेरी जगह होंगे, वह भी इसे नहीं कर पाएंगे लेकिन हम सब प्रयासरत हैं। मैं इतना ही कह सकता हूं।

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: I shall now put the Demands for Grants on Account (Railways) for 2002-2003 to vote.

The question is:

> "That the respective sums not exceeding the amounts shown in the third column of the Order Paper be granted to the President of India out of the Consolidated Fund of India on account, for or towards defraying the charges during the year ending the 31st day of March, 2003, in respect of the heads of Demands entered in the second column thereof against Demand Nos. 1 to 16."

The motion was adopted.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I shall nowput the Supplementary Demands for Grants (Railways) for 2001-2002 to vote.

The question is:

> *"That the respective supplementary sums not exceeding the amounts shown in the third column of the Order Paper be granted to the President of India out of the Consolidated Fund of India to defray the charges that will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 2002, in respect of the heads of Demands entered in the second column thereof against Demand Nos. 12, 15 and 16."*

The motion was adopted.